# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-11-2022

# छेड़छाड़ के आरोपी का चालान

गोरखपुर (एसएनबी)। छेड़छाड़ व गाली गुप्ता में वांछित आरोपी को हरपुरबुदहट थाने की पुलिस ने दबोचकर उसका चालान कर दिया। हरपुरबुदहट प्रतिनिधि के अनुसार एसआई रामबहादुर अपने सहयोगी सिपाही रजनीश कुमार के साथ गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि छेड़खानी व गाली-गुप्ता देने तथा एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त रमाकान्त उर्फ मोनू तिवारी पुत्र दयाशंकर तिवारी निवासी ग्राम पिपराहेमा थाना हरपुरबुदहट जा रहा है।

# मैसेज डिलीट कर दी धमकी, केस

हरपुर बुदहट (एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गाँव में एक किशोरी से उसका मोबाइल लेकर उसके मैसेज डिलीट कर मोबाइल वापस करते हुए जानमाल की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के पिता द्वारा दी गयी तहरीर में लिखा है कि 31अक्टूबर को छठ पूजा के दिन सूर्य अर्ध्य के समय मेरी नाबालिक लड़की अपनी अन्य तीन बहनों के साथ गाँव में छठ पूजा देखने गयी थी । वही पर एक युवक मेरी लड़की से मोबाइल ले लिया और सारे मैसेज डिलीट कर दिया। मोबाइल वापस देकर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने बुधवार देर रात को भलुवा निवासी सर्वेश चतुर्वेदी पुत्र अरविंद चतुर्वेदी पर धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# फिल्मी अंदाज में बैंक लूटने पहुंचा युवक गिरफ्तार

**युवक की हरकत सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद, बंधन बैंक से एमआर ने लिया था 30 लाख रुपए होम लोन**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** फिल्मी अंदाज में बैंक लुटने पहुंचा युवक आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। सीसीटीवी कैमरे में उसकी हरकतें कैद हो गयी। शाहपुर पुलिस ने उसे धर-दबोचा। बताया जाता है कि उसने घर बनवाने के लिए बैंक से 30 लाख रुपये का कर्ज लिया है।

कर्ज से परेशान होकर युवक हाथ में रिवाल्वर लिए असुरन चौक स्थित बंधन बैंक लुटने जरूर पहुंचा था लेकिन कामयाब नहीं हो पाया। बैंक कर्मचारी ने खतरा भांप पैनिक बटन दबा दी। बटन दबते ही इमरजेंसी अलार्म बजना शुरू हो गया और ये सब देख बैंक लुटने आया युवक उल्टे पांव नौ दो ग्यारह हो गया था। युवक दवा कंपनी में एमआर है।

प्रेसवार्ता में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 4.30 बजे एक युवक शाहपुर के असुरन स्थित बंधन बैंक में पहुंच गया। वह हेलमेट लगाया था और गमछे से मुंह बांधा था। बैंक में जाते ही उसने कैशियर पर रिवाल्वर तान दिया और बैग देकर बैंक के सारे पैसे उसमे डालने को बोला। कैशियर डरकर बैग में पैसे डालने लगा। उन्होंने बताया कि बैंक कर्मचारी ने पैनिक बटन नहीं दबाया होता तो वह लूट करने में सफल हो जाता।

एसपी सिटी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बैंक से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पहचान कर गुरूवार को आरोपी जलालुद्दीन खान निवासी नकहा नंबर एक को स्पोर्टस कालेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक रिवाल्वर व चाकू बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने बैंक के उप प्रबंधक कृष्ण कुमार के तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने बीएससी तक पढ़ाई की है। वह एक दवा कंपनी में एमआर का काम करता है। वह बड़ी कंपनी से दवा लेकर छोटी कंपनी को देता ह। उसके साथ काम कर रहे दो अन्य कर्मचारियों ने काम छोड़ दिया था। आरोपी जलालुद्दीन पर होम लोन का 30 लाख और दवा कंपनी के करीब 10 लाख बकाया है। वहीं उसकी सेलरी 40 हजार रुपए महीना है जबकि उसके होम लोन की ही किश्त 30 हजार रुपए आती है। इस वजह से वह लोन नहीं चुका पा रहा था, जिसके बाद उसने बंधन बैंक में लूट की योजना बनाई

**पहले की रेकी फिर पहुंचा बैंक :** बुधवार की सुबह पहले वह बैंक में जाकर रुपए जमा करने और निकालने के बहाने रेकी भी की थी। वह पूरे दिन में दो बार पहले भी बैंक आ चुका था और फिर शाम को लूटने पहुंच गया। आरोपी जलालुद्दीन उसी बैंक का खाताधारक भी है। उसने बताया कि 10 साल पहले उसे उसके गांव के एक दोस्त ने रिवाल्वर दी थी लेकिन गोलियां नहीं थी।

# 176 स्थानों पर सीसी कैमरा लगाने की सहमति

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के प्रयास से 91 लोगों-संस्थाओं ने शहर के 176 चौराहों-तिराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाने सहमति दी है। ज्यादातर कैमरे क्रियाशील भी हो चुके हैं। अभी भी चौराहों-तिराहों को गोद लेने का क्रम जारी है। इससे अपराध पर अंकुश लगेगा साथ ही अपराधियों को पकड़ने में मदद भी मिलेगी।

शहर के संभ्रांत लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अब अगली कड़ी में हर घर कैमरा अभियान चलाया जा रहा है। जनता से कहा जा रहा है कि वे अपने-अपने घरों के सामने सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। इससे उनकी सुरक्षा के साथ ही साथ अपराध और अपराधियों की धर-पकड़ में मदद मिलेगी। कैमरे की गुणवत्ता ऐसी हो जिससे उसकी जद में आने वालों का चेहरा पहचाना जा सके साथ ही 30 दिनों तक की रिकार्डिंग की व्यवस्था हो। जो लोग पहले से कैमरा लगवा चुके हैं वे अपने क्षेत्र के बीट पुलिस अधिकारी व थानाप्रभारी को इसकी जानकारी देकर इस अभियान में भागीदार बन सकते हैं। पांच से दस हजार रुपये खर्च कर कैमरा लगवाया जा सकता है और सुरक्षा एहसास को पहले से बेहतर किया जा सकता है। घरों के बाहर कैमरा लगवाने वालों को त्रिनेत्र मित्र के नाम से जाना जाएगा। इस अभियान में स्मार्ट सिटी डिजिटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भी कई आफर दिये गये हैं। हर घर कैमरा अभियान के तहत गोरखपुर शहर में अपने घर-दुकान के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले जनता के जागरूक नागरिकों को इस कंपनी के द्वारा निर्धारित अवधि के लिए फ्री इंटरनेट की पेशकश की गयी है।

**आपरेशन त्रिनेत्र**

**अब तक शहर के 91 व्यक्ति-संस्थाओं ने ली कैमरा लगवाने की जिम्मेदारी**

**अब हर घर कैमरा अभियान चल रहा है जिसके तहत लोगों से कहा जा रहा है कि वे अपने घरों के सामने कैमरा लगवाएं**



# जाम पर नजर, शहर की ट्रैफिक हो बेहतर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने गुरुवार को ट्रैफिक कार्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने चालान के साथ ही रजिस्टर चेक किए। उन्होंने कार्यालय में सामानों और ट्रैफिक इक्यूपमेंट्स के रख-रखाव को भी बारीकी से देखा। इसके अलावा उन्होंने शहर का बारीकी से निरीक्षण किया और यहां लगने वाली जाम के साथ ही शहर की ट्रैफिक को और बेहतर बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**पुलिस लाइंस के लिए मांगा प्रस्ताव :** एडीजी ट्रैफिक ने गोरखपुर में ट्रैफिक पुलिस लाइंस स्थापित किए जाने पर भी अपनी स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि यहां ट्रैफिक विभाग की पुलिस लाइंस की बेहद जरूरत है। इसके लिए उन्होंने यहां के अधिकारियों को जल्द से जल्द पुलिस लाइन का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए और कहा कि प्रस्ताव की स्वीकृति मिलते ही गोरखपुर में ट्रैफिक पुलिस लाइंस स्थापित की जाएगी।

पुलिस लाइंस में पत्रकार वार्ता में एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने बताया यूपी के अन्य शहरों की तुलना में गोरखपुर की पब्लिक काफी हद तक ट्रैफिक नियमों का पालन कर रही है जो काफी अच्छी बात है। शहर के कई इलाके सकरे होने की वजह से यहां जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। इसके लिए ट्रैफिक विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे शहर का निरीक्षण कर जाम की समस्या को प्वाइंट आउट करें।

**अभी सड़कों का और होगा चौड़ीकरण :** सड़कों के और भी चौड़ीकरण की संभावनाएं बन रही हैं। कई सड़कें ऐसी देखने को मिली, जहां एक्स्ट्रा पोल और ट्रांसफार्मर की वजह से रास्ते सकरे हो गए हैं। इसके लिए संबंधित विभागों से बात कर सड़कों का चौड़ीकरण कराया जाएगा, जिससे कि जाम की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि रोडवेज बस स्टेशन पर सरकारी बसें रोड पर खड़ी होने की वजह से यहां सड़कों पर अधिक जाम की समस्या बनी हुई है। इसके लिए यूपी के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से बात कर इस पर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।

**एडीजी यातायात ने टैफिक कार्यालय का किया निरीक्षण**

उन्होंने बताया कि गोरखपुर ट्रैफिक विभाग में स्प्रिंग पोस्ट समेत अभी कई जरूरी उपकरणों की जरूरत है, लेकिन बजट का अभाव है। ऐसे में जल्द ही इन चीजों के लिए ट्रैफिक विभाग को बजट जारी किए जाएंगे ताकि जरूरी चीजों की खरीदारी की जा सके। अपने निरीक्षण के दौरान शहर की भगौलिक स्थिति के साथ ही ट्रैफिक स्टाफ के बारे में भी एडीजी ने जानकारी ली, जिसपर उन्होंने बताया, यहां अभी ट्रैफिक स्टाफ की काफी कमी देखने को मिल रही है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस में इन दिनों टीएसआई की भर्तियां हुई हैं, जिनकी ट्रेनिंग चल रही है नए साल में उनकी ट्रेनिंग पूरी होते ही गोरखपुर ट्रैफिक में स्टाफ की कमी भी दूर कर दी जाएगी।

**ई-रिक्शा का तैयार करें रूट, लाइसेंस भी जारी होगा :** इन दिनों ई-रिक्शा की संख्या काफी अधिक देखने को मिल रही है जो कि जाम का एक बड़ा कारण हो सकता है लेकिन पब्लिक ट्रांसपोटेशन के लिए यह बेहद जरूरी भी है।

एडीजी ट्रैफिक ने इसके लिए एसपी ट्रैफिक डा. महेंद्र पाल सिंह को निर्देश दिया कि शहर में चलने वाले ई-रिक्शा का रूट निर्धारित किया जाए, साथ ही ई-रिक्शा के लिए लाइसेंस भी जारी किए जाएं। जो भी ई रिक्शा चलेंगे उनके लिए लाइसेंस होना बेहद जरूरी है। उन्होंने डग्गामार वाहनों यानी कि प्राइवेट बसों पर सख्ती बरतने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर के हर चौराहों और ट्रैफिक सिग्नल पर विभाग के साइन बोर्ड जरूर दिखने चाहिए जिससे कि लोग ट्रैफिक नियमों से जागरूक होते रहें।



पुलिस लाइन में यातायात व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करतीं एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ। फोटो : एसएनबी

# धन उगाही कर आरोपियों को बचा रही पुलिस

**समधिया (एसएनबी)।** सहजनवां क्षेत्र के बनौली निवासी आदर्श उर्फ गोलू त्रिपाठी को वियर और कोल्डड्रिंक में जहर देकर की गयी हत्या में शामिल अभियुक्तों को घघसरा पुलिस धन उगाही कर बचाने का प्रयास कर रही है। घटना के आठ माह बीत जाने के बाद भी अभियुक्त पुलिस गिरफ्त से दूर है और खुलेआम घूम रहे है।

पीड़ित राजेश त्रिपाठी निवासी बनौली ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग की है। उनका आरोप है कि 25 मार्च 2022 को बेटे आदर्श उर्फ गोलू त्रिपाठी को घघसरा के कुछ लोगों ने रंजिश के चलते वियर और कोल्डड्रिंग में जहर डालकर पिलाया था। जिसकी 26 मार्च 2022 को इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गयी थी। स्थानीय पुलिस उस दौरान तहरीर देने के बाद मुकदमा दर्ज नही किया। दो अगस्त 2022 को न्यायालय के आदेश पर चार -पांच के खिलाफ पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही थी लेकिन घघसरा पुलिस धन उगाही कर अभियुक्तों को बचाने में लगी हुई है। आठ माह से अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पीड़ित थाने का चक्कर काट रहे है लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पीड़ित ने हत्या में शामिल सभी अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव का कहना है कि विसरा के रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही मृत्यु के कारण की जानकारी मिल जायेगी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

**आदर्श उर्फ गोलू त्रिपाठी की 25 मार्च को वियर और कोल्डड्रिंक में दिया गया था जहर**

# गोरखपुर में बनेगी ट्रैफिक पुलिस लाइन ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से होगी रोडवेज की कंप्लेन

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



ट्रैफिक कार्यालय में एडीजी ने देखे ट्रैफिक इक्विपमेंट.

**वाइट हाउस में एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (3 Nov):** गोरखपुर में बहुत जल्द ट्रैफिक पुलिस लाइन बनेगी. मैनपावर की कमी झेल रहे ट्रैफिक पुलिस डिपार्टमेंट को न्यू ईयर में नए टीएसआई भी मिलेंगे. बजट के अभाव में रुके ट्रैफिक से जुड़े काम पूरे करने के लिए मुख्यालय से फंड भी जारी होंगे. ये जानकारी दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंची एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने गुरुवार को प्रेस से रूबरू होते हुए दीं. उन्होंने कहा कि यहां पर ट्रैफिक पुलिस लाइन नहीं है. इसके लिए उन्होंने एसपी ट्रैफिक को प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा है. इसके साथ ही एडीजी रोडवेज पर बेतरतीब खड़ी बसों से लगने वाले जाम पर सख्त मूड में दिखीं. उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से रोडवेज की शिकायत करेंगी.

## गोरखपुराइट्स करते हैं ट्रैफिक रूल फॉलो

एडीजी ट्रैफिक ने बताया कि यूपी के अन्य शहरों की तुलना में गोरखपुर की पब्लिक काफी हद तक ट्रैफिक नियमों का पालन कर रही है, जो काफी अच्छी बात है. हालांकि शहर के कई इलाके सकरे होने की वजह से यहां जाम की समस्या लगातार बनी हुई है. इसके लिए ट्रैफिक विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे शहर का निरीक्षण कर जाम की समस्या को प्वाइंट आउट करें. वहीं उन्होंने कहा कि कई सड़कें अभी और चौड़ी हो सकती हैं. वहां से चबुतरा और यूजलेस पोल को हटाना होगा. ऐसी जगहों को भी प्वाइंट आउट करने को कहा.

## बसें रोड पर खड़ी होने से लग रहा जाम

एडीजी ट्रैफिक ने कहा, रोडवेज बस स्टेशन पर सरकारी बसें रोड पर खड़ी होने की वजह से यहां सड़कों पर अधिक जाम की समस्या बनी हुई है. इसके लिए यूपी के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से बात कर इसपर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी.

## जरूरी उपकरणों के लिए जारी होगा बजट

गोरखपुर ट्रैफिक विभाग में स्प्रिंग पोस्ट समेत अभी कई जरूरी उपकरणों की जरूरत है, लेकिन बजट का अभाव है. ऐसे में जल्द ही इन चीजों के लिए ट्रैफिक विभाग को बजट जारी किए जाएंगे. ताकि जरूरी चीजों की खरीदारी की जा सके.

## ई-रिक्शा का तय करें रूट

एडीजी ट्रैफिक ने कहा, गोरखपुर में इन दिनों ई रिक्शा की संख्या काफी अधिक देखने को मिल रही है. जोकि जाम का एक बड़ा कारण हो सकता है. पब्लिक ट्रांसपोटेशन के लिए यह बेहद जरूरी भी है. इसके लिए उन्होंने एसपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पॉल सिंह को निर्देश दिया कि शहर में चलने वाले ई रिक्शा का रूट निर्धारित किया जाए. साथ ही ई रिक्शा के लिए लाइसेंस भी जारी किए जाएं. जो भी ई रिक्शा चलेंगे, उनके लिए लाइसेंस होना बेहद जरूरी है.

## लगेंगे साइन बोर्ड

इसके अलावा उन्होंने डग्गामार वाहनों यानी कि प्राइवेट बसों पर सख्ती बरतने के भी निर्देश दिए हैं. साथ ही कहा कि शहर के हर चौराहों और ट्रैफिक सिग्नल पर विभाग के साइन बोर्ड जरूर दिखने चाहिए, जिससे कि लोग ट्रैफिक नियमों के लिए जागरूक होते रहें.




## ट्रैफिक कार्यालय का किया इंस्पेक्शन

दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंची यूपी की एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने गुरुवार को ट्रैफिक कार्यालय का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने चालान के साथ ही रजिस्टर चेक किए. साथ ही कार्यालय में सामानों और ट्रैफिक इक्विपमेंट्स के रख रखाव को भी बारीकी से देखा. इसके अलावा उन्होंने गुरुवार को भी शहर का बारीकी से निरीक्षण किया और यहां लगने वाली जाम के साथ ही शहर की ट्रैफिक को और बेहतर बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए.

# डोमिनगढ़ में मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला, सात अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (3 Nov):** डोमिनगढ़ में बुधवार की रात मूर्ति विसर्जन के जुलूस में शामिल लोग आपस में भिड़ गए. ड्यूटी पर मौजूद सिपाहियों ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपितों ने उन्हें घेरकर हमला कर दिया. पकड़ने की कोशिश करने पर सिपाही की आंख पर हमला कर घायल कर दिया.

फोर्स पहुंचने पर आरोपित फरार हो गए. घायल सिपाही की तहरीर पर तिवारीपुर थाना पुलिस ने दो नामजद समेत 27 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. सीसी कैमरा फुटेज से पहचान कर एक महिला समेत सात आरोपितों को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया.

## भड़क गए शामिल युवक

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि बुधवार की रात डोमिनगढ़ पुल के पास कृत्रिम तालाब में छठ माता की मूर्ति का विजर्सन हो रहा था. पुल पर सिपाहियों की ड्यूटी लगी थी. रात 10 बजे डोमिनगढ़ व इलाहीबाग की मूर्ति के साथ आए लोग आपस में भिड़ गए. हाक दस्ते के सिपाही भूपेंद्र कुमार और धरमू विवाद होने की सूचना पर पहुंचे. समझाने की कोशिश करने पर जुलूस में शामिल युवक भिड़ गए. पकड़ने का प्रयास करने पर उन्होंने सिपाहियों को दौड़ाकर हमला कर दिया, जिसमें भूपेंद्र को आंख के पास चोट लग गई. फोर्स के साथ थानाध्यक्ष तिवारीपुर मदन मोहन मिश्रा पहुंचे तो आरोपित फरार हो गए. एसपी सिटी ने बताया कि घायल सिपाही की तहरीर पर दो नामजद समेत 27 के विरुद्ध बलवा, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने व सात सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गुरुवार की सुबह सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया.

## इनकी हुई गिरफ्तारी

सिपाही पर हमला करने के आरोपित इलाहीबाग निवासी संदीप साहनी, दीपक साहनी, रवि साहनी, गौतम साहनी, प्रमिता उर्फ झिंकी, सुरेंद्र साहनी और सिकंदर को पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार किया. सभी का घर आसपास ही है और एक साथ मिलकर हमला किया था. थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि वीडियो की मदद से अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है.

# युवक को बंधक बना पीटा, केस दर्ज

हरपुर बुदहट। पुलिस ने परमेश्वरपुर के एक युवक को गांव के विद्यालय में बंधक बनाकर पीटने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मंगलवार को गांव के एक दर्जन लोगों पर बलबा, मारपीट, व्यक्ति को प्रतिबंधित करने आदि धाराओं में मुकदमा किया है।

परमेश्वरपुर निवासी कौशल शुक्ल ने बताया कि वह सहज़नवां तहसील में मुंशी का काम करते हैं। वर्ष 2020 के अक्तूबर माह में मगहर के शाहिल नामक व्यक्ति ने मेरे बेटे शुभम के विषय में मनगढ़ंत आडियो सन्देश गांव के ही जितेंद्र गोंड के परिवार के मोबाइल पर भेजा था। गांव के ही लगभग एक दर्जन लोगों ने मेरे बेटे को बुलाकर प्राथमिक विद्यालय परमेश्वरपुर (प्रथम) में ले गए और रातभर बंधक बनाकर पिटाई की। प्रार्थी को थाने से कोई सहयोग नहीं मिला।

# बाइक हड़पने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। धोखाधड़ी करके बाइक व पैसा हड़पने के आरोपित गौरव रजक निवासी बड़गो थाना रामगढ़ताल को कैंट पुलिस ने रानीडिहा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक बाइक भी बरामद किया है।

इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि महादेव झारखड़ी आवास विकास कॉलोनी निवासी रामविलास गुप्ता ने 31 अक्तूबर को सूचना दी कि मैंने अपनी कार चलाने के लिए एक ड्राइवर रखा था जो मेरे यहां काफी दिनों से काम कर रहा था। उसने पिछले कई महिनों में विभिन्न तिथियों में धोखाधड़ी से मुझसे 46000 रुपये ऑनलाइन व बाइक जिससे अपने घर से मेरे घर आता जाता था धोखे से लेकर भाग गया।इस मामले में राम विलास ने गौरव कुमार रजक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# लोन चुकाने के लिए एमआर ने बैंक लूटने की कोशिश की

- फिल्मी अंदाज में कैशियर पर रिवाल्वर तान कर कहा, बैग में रखो पैसा
- 40 लाख से ज्यादा है एमआर पर कर्ज, इसमें 30 लाख रुपये है होम लोन

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित बंधन बैंक में एक बदमाश ने बुधवार की शाम को फिल्मी अंदाज में लूट का प्रयास किया। हालांकि एक कर्मचारी के पैनिक बटन दबाने के बाद बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी एक दवा कंपनी का एमआर है और उसपर 40 लाख से ज्यादा का लोन था। लोन चुकाने के लिए वह बैंक लूटने पहुंचा था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि बुधवार की शाम करीब चार बजे एक बदमाश शाहपुर स्थित बंधन बैंक में पहुंच गया। हेलमेट पहने और मुंह पर गमछा बांधे बदमाश ने बैंक में जाते ही कैशियर पर रिवाल्वर तान दिया और बैग देकर सारे पैसे उसमे डालने को बोला। कैशियर डरकर बैग में पैसे डालने लगा। इस बीच बैंक में चाय आदि पिलाने वाले एक कर्मचारी ने पैनिक बटन यानी अलार्म बटन दबा दिया। साइरन बजते ही बदमाश फरार हो गया। सूचना के बाद सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह, एसओ शाहपुर रणधीर मिश्रा मौके पर पहुंच गए। बैंक से मिली सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पहचान कर गुरुवार को आरोपी जलालुद्दीन खान कालेज के पास से दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से एक रिवाल्वर व चाकू बरामद किया है। पुलिस ने बैंक के उप प्रबंधक श्रीकृष्ण कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपित को कोर्ट में पेश

## सुबह रेकी, शाम को लूट की कोशिश

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बीएससी पास है। वह एक दवा कंपनी में एमआर का काम करता है। वह बड़ी कंपनी से दवा लेकर छोटी कंपनी को देता है। उसके साथ काम कर रहे दो अन्य कर्मचारियों ने काम छोड़ दिया था। आरोपी जलालुद्दीन पर एक होम लोन का 30 लाख और दवा कंपनी के करीब 10 लाख बाकी है। उसकी सेलरी 40 हजार रुपये है। जबकि उसके होम लोन की ही किस्त 30 हजार मासिक है। वह लोन नहीं चुका पा रहा था जिसके बाद उसने बंधन बैंक में लूट की योजना बनाई।

# कैमरा लगवाने वाले त्रिनेत्र मित्र को मुफ्त में इंटरनेट

- एडीजी की पहल पर सामने आई एक कंपनी
- चल रहा हर घर कैमरा लगाने का अभियान

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। हर घर कैमरा लगाने के अभियान में एडीजी अखिल कुमार की पहल पर एक कंपनी त्रिनेत्र मित्र को मुफ्त में इंटरनेट सेवा देने के लिए आगे आई है।

घर पर कैमरा लगाकर त्रिनेत्र मित्र बनने वाले लोगों को यह कंपनी एक महीने का मुफ्त इंटरनेट देगी। वहीं छह लकी विजेताओं को एक साल और एक लकी विजेता को दो साल तक यह सुविधा फ्री में मिलेगी। दरअसल, एडीजी ने त्रिनेत्र अभियान की शुरुआत जून 2022 से की है। त्रिनेत्र अभियान के तहत एडीजी की पहल पर चलाए जा रहे अभियान में पहले चरण में 91 लोग शहर में सामने आए और 176 जगहों पर इन लोगों के प्रयास से कैमरा लगाया जा चुका है। एडीजी के मुताबिक, स्मार्ट सिटी डिजिटेक प्राइवेट लिमिटेड ने घर-घर कैमरा लगावाने वाले लोगों को इंटरनेट सेवा देने को कहा है।

इस बाबत एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। लोग खुद भी आगे आ रहे है। हर घर कैमरा में जो भी लोग आगे आए हैं, अब उन्हें अपने घर कैमरा लगाने पर फ्री इंटरनेट सेवा मिलेगी।

# मारपीट करने वाले अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मारपीट कर दहशत फैलाने वाले एक गैंग पर कैंट पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि गैंग में कुल छह बदमाश हैं और इन सभी का लीडर भास्कर दूबे है। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के बड़गो निवासी भास्कर दूबे एक शातिर अपराधी है। उसने अपना संगठित गिरोह बना रखा है।

गिरोह के सदस्य के रूप में विष्णुधर दूबे उर्फ बबलू दूबे निवासी सिन्दुली बिन्दुली थाना रामगढ़ताल, सूरज शुक्ला निवासी गोला बाजार ककरही थाना गोला, राजन यादव निवासी बड़गों थाना रामगढ़ताल, आशुतोष मल्ल निवासी इन्द्रिरानगर बिलन्दपुर थाना रामगढ़ताल, अनुराग यादव निवासी निकट महिन्द्रा गैस गौदाम मोहद्दीपुर थाना कैंट, सन्नी मिश्रा निवासी जगन्नाथपुर थाना कोतवाली को शामिल किया है। यह गिरोह सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर मारपीट अन्य गम्भीर अपराध करता है।

# मूर्ति विसर्जन में पुलिसकर्मियों पर हमला

## सात गिरफ्तार

- तिवारीपुर इलाके में हुई थी घटना, एक सिपाही भी हुआ है घायल
- आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। तिवारीपुर इलाके में बुधवार रात छठ माता की मूर्ति के विसर्जन के दौरान झगड़ा छुड़ाने गए दो सिपाहियों पर मनबढ़ों ने हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हमले में एक सिपाही के सिर पर चोट भी आ गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि बुधवार को छठ प्रतिमा विसर्जन में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी थी। इस दौरान युवक आपस में विवाद कर रहे थे। हॉक के सिपाही भूपेंद्र कुमार और धरमू झगड़ा होता देख मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने सिपाहियों को दौड़ाकर हमला कर दिया। एक सिपाही को चोट आई और सरकारी काम में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी भी दिए। एसओ मदन मोहन मिश्रा की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने आरोपियों पर मारपीट, सरकारी काम में बाधा, बलवा, धमकी, 7 सीएलए की धाराओं में केस दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने तिवारीपुर के अलाहीबाग निवासी संदीप साहनी, दीपक साहनी, रवि साहनी, गौतम साहनी, प्रमिता उर्फ झिंकी, सुरेंद्र साहनी और सिकंदर को गिरफ्तार किया है। सभी का घर आसपास ही है और एक साथ मिलकर सभी ने हमला किया था।

# 2000 का चालान कटा तो धरने पर बैठ गया चाय वाला

- पुलिस से चालान माफ करने की करने लगा मांग
- पुलिस ने समझा-बुझाकर धरने से उठाया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नौका विहार पर चाय का स्टॉल लगाने वाले युवक का 2000 का चालान कटा तो वह अम्बेडकर चौराहे पर ही हेलमेट लगाए ही धरने पर बैठ गया। सूचना पर तत्काल कैन्ट थाने की पुलिस पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास करने लगी। युवक को इस तरह बैठा देख वहां लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद युवक ने रोते हुए अपनी बात कही। उसने कहा कि जबतक उसका चालान माफ नहीं होता, तब तक वह धरने से नहीं उठेगा। कुछ देर तक धरने पर बैठे रहने के बाद कैंट पुलिस ने समझाबुझा कर उसे धरने से उठाया।

संतकबीरनगर जिले के रहने वाला मदन मोहन किराए का रूम लेकर गोरखपुर में रहता है। मदन ने बताया कि वह रामगढ़ताल के नौका विहार पर टी स्टाल चलाता है। रोज 200 से 300 कमाता है। बुधवार को वह बाइक से अंबेडकर चौराहे से गुजर रहा था। मदन के मुताबिक बाएं लेन में आगे गाड़ियां थीं। वह भी उनके पीछे गाड़ी लेकर था। इस दौरान उसका 2000 का चालान कट गया। गुरुवार को मदन मोहन उसी अंबेडकर चौराहे पर धरने पर बैठ गया। धरने पर हाथ में तख्ती लेकर बैठा था। वह चालान कटने पर रोने लगा। यह देख भीड़ लग गई और कैन्ट की कलेक्ट्रेट चौकी पुलिस, आईटीएमएस के लोग भी पहुंच गए। उसे मनाने में पुलिस वाले जुट गए। मदन मोहन ने बताया कि वह गरीब परिवार से है। इतनी कमाई नहीं है तो कहां से चलाना का पैसा जमा करेगा। उसका 2000 का चालान माफ किया जाय। युवक का इससे पहले भी 2 बार 5 हजार का चालान कट चुका है।

# पुलिस ने लूट करने वाले 10 बदमाशों पर लगाया गैंगस्टर

- रामगढ़ताल पुलिस ने दर्ज किया केस
- मोहरीपुर निवासी मनोज है गैंग लीडर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। संगठित माफिया और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत में रामगढ़ ताल पुलिस ने दस बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। यह सभी लूट करते हैं। पुलिस की टीम ने इनकी गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया है।

चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी मनोज चौहान, बेलघाट के सिधवाना निवासी अजीत मिश्र उर्फ सोनू बाबा, गीडा थाना क्षेत्र के देईपार निवासी सर्वेश शर्मा, गोरखनाथ के मिर्जापुर पचपेड़वा निवासी शनि चौहान, चिलुआताल के मोहरीपुर तरहवा निवासी मनोज साहनी, मोहरीपुर पासी टोला निवासी आकाश गुप्ता उर्फ राजा गुप्ता, मोहरीपुर चौहान टोला निवासी सुनील उर्फ बहादुर चौहान, चिलुआताल के ताजडीह निवासी लल्लू दूबे उर्फ सूर्या दूबे, चिलुआताल के नकहा नम्बर एक केवटहिया निवासी मनोज साहनी उर्प टमाटर, बेलघाट के चाईपुर निवासी विकास पाठक उर्फ दीपू गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। इंस्पेक्टर रामगढ़ताल ने बताया कि गैंग का गैंगलीडर मनोज चौहान हैं अपने गैंग के सदस्यों के साथ गैंग बनाकर आर्थिक भौतिक लाभ के लिए आये दिन लूट, डकैती जैसे जघन्य अपराध करता था।

# ट्रैफिक को सिलेबस में शामिल कराएं अधिकारी

## बोलीं एडीजी ट्रैफिक

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** अपर पुलिस महानिदेशक यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि मनबढ़ों का चालान करें बाकी को जागरुक किया जाए। उन्होंने स्कूलों में ट्रैफिक को सिलेबस में शामिल कर एक विषय के रूप में पढ़ाने पर भी जोर दिया। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा के अधिकारियों से बात की।

गोरखपुर के लोगों की ट्रैफिक सेंस की तारीफ करते हुए कहा कि अन्य शहरों की अपेक्षा यहां के लोग काफी जागरुक हुए हैं। एडीजी ने कहा कि जहां कुछ कमियां रह गई हैं उनकी पहचान कर सुधार कराने के लिए कहा गया है। जहां रोड या चौराहे काफी सकरें हैं वहां के लिए जीडीए और नगर निगम से चौड़ीकरण को कहा गया है।

एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ गोरखपुर पुलिस लाइंस में पुलिस और यातायात पुलिस अधिकारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ



- बार-बार ट्रैफिक तोड़ने वाले मनबढ़ों का करें चालान, बाकी को जागरुक
- अन्य जिलों की तुलना में बेहतर है गोरखपुर की ट्रैफिक व्यवस्था

### यातायात कार्यालय के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश

एडीजी ट्रैफिक ने यातायात कार्यालय के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश एसपी यातायात को दिया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, आरटीओ अनीता सिंह, कर्नल सीपी सिंह, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक डॉ महेंद्र पाल सिंह, पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु प्रभा सिंह, क्षेत्राधिकारी मंदिर सुरक्षा अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कैंट श्यामदेव, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह, क्षेत्राधिकारी कोतवाली रत्नेश्वर सिंह, क्षेत्राधिकारी उत्तरी क्षेत्र जितेंद्र शर्मा, जीडीए सचिव सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। उन्होंने शहर से अवैध स्टैंड को बंद कराने पर भी जोर दिया। ई-रिक्शा के लिए रुट निर्धारित करने को कहा। रोडवेज बस सड़क पर खड़ी न हो, ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा। साथ ही उन्होंने वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करने का निर्देश दिया।

यातायात माह में गोरखपुर आई एडीजी ने शहर के ट्रैफिक लोड वाले चौराहों का निरीक्षण भी किया। ट्रैफिक कार्यालय में पहुंच कर ट्रैफिक से जुड़े उपकरणों की जांच कराई उसके बाद ट्रैफिक से जुड़े विभागों जैसे की नगर निगम का आईटीएमएस, आरटीओ, रोडवेज, जीडीए, एनएचआई आदि के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ उन्होंने बैठक की। एडीजी ने एसपी यातायात से कहा कि शहर के उन चौराहों को चिह्नित करके सूची तैयार करें जहां पर बिजली के पोल और पेड़ की वजह से सड़कें संकरी हैं। इसके बाद उन विभागों से बातचीत कर हटवाया जाए।

एडीजी ने कहा कि वन-वे, स्प्रींग पोस्ट, फंड और मैन पावर समेत कुछ और व्यवस्था की जरूरत महसूस हुई है। फंड के लिए शासन से जैसे ही धन जारी होगा, भेज दिया जाएगा। प्रदेश में टीएसआई की ट्रेनिंग चल रही है। दिसंबर तक ट्रेनिग पूरी हो जाएगी और नए साल में जिले को यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए एक दर्जन से अधिक टीएसआई मिल जाएंगे। अन्य व्यवस्थाओं के लिए गीडा गोरखपुर जीडीए, नगर निगम, बिजली विभाग, बीएसएनएल विभाग, पीडब्लूडी विभाग से बात की जा रही है उसमें भी सुधार किया जाएगा।

# केस के बाद भी कार्रवाई नहीं, एडीजी ने मांगी रिपोर्ट

## नफीसा गिरोह

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले में दुष्कर्म का केस दर्ज कराकर पीड़ितों से रुपये ऐंठने वाली महिलाओं के गिरोह पर 85 दिन बाद भी कार्रवाई न होने पर एडीजी ने रिपोर्ट मांगी है। 7 अगस्त 2022 पर गिरोह पर केस दर्ज किया गया था।

मई 2022 में कैंपियरगंज के निवासी व पीड़ित खालिद ने एडीजी से शिकायत की थी। एडीजी के आदेश पर एसएसपी ने मामले की जांच दो सीओ से कराई। सीओ बांसगांव व सीओ कैंट ने जांच की। जांच में पाया गया कि नफीसा गिरोह के सदस्य फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर वसूली करा रहे हैं।

मामला जांच में पुष्ट होने के बाद सात अगस्त को कैंट थाने में केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन इस मामले में आज तक एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी है। जबकि, खुद पुलिस अफसर भी मानते है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से कोर्ट के जरिए दुष्कर्म के केस दर्ज कराने के मामले कम हुए हैं।

> यह गंभीर मामला है, इसमें कड़ी कार्रवाई होगी। मामले में अब तक हुई जांच की प्रगति रिपोर्ट मांगी गई है। पुलिस ने अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अगर, पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अखिल कुमार**, एडीजी गोरखपुर जोन

# 32 लाख लूटने वालों पर लगा गैंगस्टर

## डीएम के आदेश पर रामगढ़ताल थाना प्रभारी ने 10 बदमाशों पर दर्ज कराया मुकदमा

- चिलुआताल, बेलघाट, गीडा और गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हैं निवासी
- दो आरोपितों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा था

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** आजाद चौक पर दो साल पहले सरिया व्यापारी के मुनीम से 32 लाख की लूट कर सनसनी फैलाने वाले मनोज चौहान समेत 10 बदमाशों पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक ने गुरुवार को चिलुआताल, गोरखनाथ, गीडा व बेलघाट थाना क्षेत्र के रहने वाले बदमाशों पर मुकदमा दर्ज कराया। दो आरोपितों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी मनोज चौहान, मनोज साहनी, आकाश गुप्ता, सुनील उर्फ बहादुर चौहान, ताजडीह निवासी लल्लू दूबे उर्फ सूर्या, नकहा नंबर एक केवटहिया निवासी मनोज साहनी उर्फ टमाटर, बेलघाट के सिधवाना निवासी अजीत मिश्रा उर्फ सोनू बाबा, विकास पाठक उर्फ दीपू, गीडा के देईपार निवासी सर्वेश शर्मा और गोरखनाथ के मिर्जापुर पचपेड़वा निवासी शनि चौहान गिरोह बनाकर हत्या, लूट व डकैती करते हैं। मनोज चौहान गिरोह का सरगना है। नेपाल बार्डर व शहर के व्यापारियों के साथ यह गिरोह लूट कर चुका है।


जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के आदेश पर आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**चौकी के पास हुई लूट, पुलिस मान रही थी झूठ :** आजाद चौक पर पुलिस चौकी के पास सरिया व्यापारी के मुनीम से 32 लाख रुपये की हुई लूट को पुलिस झूठ मान रही थी। रामगढ़ताल थाने के तत्कालीन थानेदार व चौकी प्रभारी आजाद चौक घटना को झूठा बताकर मुनीम को ही प्रताड़ित कर रहे थे। जानकारी होने पर तत्कालीन एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज कराकर घटना का पर्दाफाश कराया, जिसके बाद थानेदार व चौकी प्रभारी को हटा दिया गया।

### सात पर लगा गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

**जासं. गोरखपुर :** कैंट थाना पुलिस ने कचहरी में स्टैंड के कर्मचारियों से मारपीट करने वाले सात आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने रामगढ़ताल थानाक्षेत्र के सिंदुली-बिंदुली निवासी विष्णुधर दूबे, गोला के ककरही निवासी सूरज शुक्ला, बड़गो निवासी राजन यादव, बिलंदपुर निवासी आशुतोष मल्ल, मोहद्दीपुर निवासी अनुराग यादव व कोतवाली के जगन्नाथपुर निवासी सन्नी मिश्रा के विरुद्ध गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया।

### गैंगस्टर समेत अन्य मामलों में पांच आरोपित गिरफ्तार



**जासं, गोरखपुर :** जानलेवा हमला, मारपीट, गैंगस्टर एक्ट, अपहरण और चोरी के मामले में गुरुवार को अलग-अलग थानों की पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। अदालत ने सभी को जेल भेज दिया। उरुवा संवाददाता के अनुसार जानलेवा हमला और मारपीट के मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के मरवटीया निवासी नदीम खान, जावेद मिर्जा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं पिपराइच संवाददाता के अनुसार किशोरी के अपहरण के मामले में थाना पुलिस ने आरोपित अजय निषाद को धर दबोचा। बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम केवनहारा निवासी गैंगस्टर के आरोपित विशाल को पुलिस ने विकास भारती चौराहे से गिरफ्तार किया। बांसगांव संवाददाता के अनुसार बहुरीपार निवासी जवाहर सिंह के निर्माणाधीन मकान से पिछले दिनों गायब सामान के साथ आरोपित बेचन सिंह को बहुरीपार चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर में

### बाइक व रुपये लेकर भागा चालक, गिरफ्तार

गोरखपुर : मालिक की बाइक व 46 हजार रुपये लेकर भागे चालक बड़गो निवासी गौरव कुमार को कैंट थाना पुलिस ने गुरुवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। (जासं)

### मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**गोरखपुर :** हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगन्नाथ ने कैंट थाना क्षेत्र के यादव टोला काली मंदिर सूबा बाजार निवासी राकेश सिंह, जग्गू सिंह, भान सिंह व विशु सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश प्रभारी निरीक्षक कैंट को दिया है। तिवारीपुर थाना क्षेत्र के अंधियारीबाग निवासी सुमित ने राकेश सिंह के साथ ठीकेदारी के कार्य में 42 लाख 50 हजार रुपये लगाया था, वादी ने उसे हड़प लिया। वापस नही कर रहा था। (जासं)

# चालान कटा तो धरने पर बैठा चाय विक्रेता

**जासं. गोरखपुर :** बाइक का दो हजार रुपये चालान कटने पर चाय बेचने वाला युवक गुरुवार को अंबेडकर चौक के पास धरने पर बैठ गया। उसका आरोप है कि मनमानी तरीके से यातायात पुलिस ने चालान काटा है। कैंट पुलिस ने युवक को हटाया।

संतकबीरनगर के धनघटा थाना क्षेत्र स्थित नवाबर गांव निवासी मदन मोहन यादव शहर में किराये पर कमरा लेकर रहता है। नौकायन पर वह चाय दुकान चलाता है। बुधवार को अंबेडकर चौराहा के पास बायां लेन जाम करने के आरोप में मदन मोहन की बाइक का दो हजार का चालान कट गया। मैसेज आने के बाद गुरुवार की दोपहर वह अंबेडकर चौराहा के पास धरने पर बैठ गया। जिस बाइक का चालान कटा है वह उसके बड़े भाई आकाश के नाम से है। हेलमेट न पहने होने से 13 मई को चालान कटा, जो बकाया है। तीन सवारी बैठाने पर 28 सितंबर को दूसरी बार चालान कटा। दो नवंबर को यातायात नियमों की अनदेखी करने पर अंबेडकर चौराहा के पास चालान कटा।एसपी यातायात डा. एमपी सिंह ने बताया कि मनमाना चालान काटे जाने के आरोप की जांच कराई जा रही है।

# बैंक लूटने पहुंचा एमआर, बजा अलार्म

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कर्ज में डूबा एमआर (मेडिकल रिप्रेंजेटिव) बुधवार की शाम बैंक लूटने के लिए रिवाल्वर लेकर शाहपुर के बंधन बैंक में पहुंच गया। मैनेजर व कर्मचारियों पर असलहा तान जान से मारने की धमकी देकर कैशियर पर बैग में रुपये भरने का दबाव बनाने लगा। मौका मिलते ही अनुचर ने बैंक का अलार्म (पैनिक बटन) दबा दिया, जिसके बाद आरोपित फरार हो गया। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से शाहपुर थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह आरोपित को रिवाल्वर व घटना में इस्तेमाल बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह नेपाल भागने की फिराक में था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने गुरुवार की शाम पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि बुधवार की शाम 4.30 बजे हेलमेट लगाकर एक युवक शाहपुर स्थित बंधन बैंक में पहुंचा। गमछे से उसने अपना मुंह बांधा था। बैंक में जाते ही उसने कैशियर पर रिवाल्वर तान दी और कैशियर को बैग देकर उसमें भरने का दबाव बनाने लगा।

डरा कैशियर बैग में रुपये डालने लगा। इसी दौरान मौका मिलते ही बैंक के अनुचर ने अलार्म दबा दिया, जिसके बाद बदमाश बाहर खड़ी बाइक लेकर फरार हो गया। बैंककर्मियों के सूचना देते ही पुलिस पहुंची। बैंक के उप प्रबंधक कृष्ण कुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ लूट का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की।

बैंक व आसपास लगे सीसी कैमरा फुटेज की मदद से पहचान कर गुरुवार की सुबह स्पोर्ट्स कालेज के नकहा नंबर एक निवासी जलालुद्दीन खान को घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से घटना में इस्तेमाल बाइक, रिवाल्वर व चाकू बरामद हुआ। दोपहर बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।




पुलिस की गिरफ्त में बैंक लूटने की कोशिश करने वाला मेडिकल रिप्रेंजेटिव • जागरण

## रिवाल्वर में नहीं थी गोली

जलालुद्दीन ने पुलिस को बताया कि 10 साल पहले गांव के रहने वाले युवक ने 32 बोर का रिवाल्वर दिया था। उसे लेकर वह बैंक लूटने पहुंचा था, लेकिन रिवाल्वर में गोली नहीं थी। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने बताया कि रिवाल्वर देने वाले की तलाश चल रही है।

**जलालुद्दीन पर है 40 लाख रुपये का कर्ज :** एसपी सिटी ने बताया कि दवा कंपनी में एमआर की नौकरी करने वाले जलालुद्दीन पर 40 लाख रुपये कर्ज है। बैंक से उसने 30 लाख रुपये होम लोन लिया है। एक दवा कंपनी के भी 10 लाख रुपये बाकी हैं। उसको हर माह 40 हजार रुपये वेतन मिलता है, जिसमें 30 हजार रुपये होम लोन की किस्त जमा करता है।

कर्ज चुकाने के लिए उसने बंधन बैंक में लूट की योजना बनाई। घटना को अंजाम देने से पहले बैंक में जाकर रेकी की, फिर शाम को लूटने पहुंच गया। आरोपित का बंधन बैंक में खाता है।

# त्रिनेत्र मित्र बनने पर एक माह की मुफ्त इंटरनेट सेवा

- निजी कंपनी आई सामने, लकी ड्रा विजेता दो वर्ष ले सकेंगे सुविधा
- एडीजी की पहल पर शहर में 176 ग्रामीण क्षेत्र में लगे हैं 300 कैमरे

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : त्रिनेत्र मित्र बनने पर एक माह की मुफ्त इंटरनेट सेवा मिलेगी। लकी ड्रा जीतने वाले लोग एक साल तक इस सेवा का लाभ ले सकेंगे। एडीजी की पहल पर आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसी कैमरे लगवाने वाली कंपनी ने आमजन को यह सुविधा दी है।

एडीजी जोन अखिल कुमार की पहल पर शुरू हुए आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शहर में 176 व ग्रामीण क्षेत्र में 300 सीसी कैमरे लग चुके हैं। अभियान के दूसरे में 10 अक्टूबर को हर घर कैमरा अभियान शुरू हुआ, जिसके तहत पुलिस अधिकारी, हलका दारोगा, चौकी प्रभारी व थानेदार क्षेत्र में रहने वाले संभ्रांत, ग्राम प्रधान के साथ ही स्थानीय लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कि सुरक्षा के लिए अपने घर के मुख्य द्वार पर सीसी कैमरा जरूर लगवाएं। अपने घर सीसी कैमरा लगवाने वालों को त्रिनेत्र मित्र का प्रमाण पत्र मिलेगा। हर घर कैमरा अभियान को तेज करने के लिए एडीजी की पहल पर कैमरे लगवाने वाली संस्था ने मुफ्त इंटरनेट सेवा देने की योजना शुरू की है।




जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। लोग खुद भी आगे आ रहे है। बीट पुलिस अधिकारी भी लोगों को कैमरे के फायदे बताकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। अपने घर में सीसी कैमरे लगवाने वाले लोग मुफ्त इंटरनेट सेवा का लाभ भी ले सकेंगे।

अखिल कुमार, एडीजी जोन

**त्रिनेत्र वेबसाइट पर दिखेगा नाम** : एडीजी जोन ने आपरेशन त्रिनेत्र की वेबसाइट बनाने के निर्देश दिए हैं, जिस पर सीसी कैमरा कहां लगा है और किसने लगवाया है यह दिखेगा। अपने घर कैमरा लगवाने वालों का विवरण इसी वेबसाइट पर अपलोड कर उन्हें त्रिनेत्र मित्र का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# छेड़छाड़ के मामले में एक को जेल, दूसरे पर मुकदमा

हरपुर, बुदहट : थाना पुलिस ने किशोरी के छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे आरोपित रमाकांत उर्फ मोनू तिवारी को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। दूसरे मामले में इसी थाना क्षेत्र के एक युवक ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसकी बेटी 31 अक्टूबर को छठ पूजा देखने गई थी। एक युवक उसका मोबाइल छीनकर सारे मैसेज डिलीट करने लगा। विरोध करने पर मारने-पीटने तथा पुलिस के पास जाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित सर्वेश चतुर्वेदी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

# पुलिसकर्मियों पर हमला, सात गिरफ्तार

## डोमिनगढ़ में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई घटना, 27 पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** डोमिनगढ़ में बुधवार की रात मूर्ति विसर्जन के जुलूस में शामिल लोग आपस में भिड़ गए। ड्यूटी पर मौजूद सिपाहियों ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपितों ने उन्हें घेरकर हमला कर दिया। पकड़ने की कोशिश करने पर सिपाही की आंख पर हमला कर घायल कर दिया। फोर्स पहुंचने पर आरोपित फरार हो गए। घायल सिपाही की तहरीर पर तिवारीपुर थाना पुलिस ने दो नामजद समेत 27 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। सीसी कैमरा फुटेज से पहचान कर एक महिला समेत सात आरोपितों को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।



गिरफ्त में पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले आरोपित ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि बुधवार की रात डोमिनगढ़ पुल के पास कृत्रिम तालाब में छठ माता की मूर्ति का विजर्सन हो रहा था। पुल पर सिपाहियों की ड्यूटी लगी थी। रात 10 बजे डोमिनगढ़ व इलाहीबाग की मूर्ति के साथ आए लोग आपस में भिड़ गए। हाक दस्ते के सिपाही भूपेंद्र कुमार और धरमू विवाद होने की सूचना पर पहुंचे। समझाने की कोशिश करने पर जुलूस में शामिल युवक भिड़ गए। पकड़ने का प्रयास करने पर उन्होंने सिपाहियों को दौड़ाकर हमला कर दिया, जिसमें भूपेंद्र को आंख के पास चोट लग गई। फोर्स के साथ थानाध्यक्ष तिवारीपुर मदन मोहन मिश्रा पहुंचे तो आरोपित फरार हो गए। एसपी सिटी ने बताया कि घायल सिपाही की तहरीर पर दो नामजद समेत 27 के विरुद्ध बलवा, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने व सात सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गुरुवार की सुबह सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

सिपाही पर हमला करने के आरोपित इलाहीबाग निवासी संदीप साहनी, दीपक साहनी, रवि साहनी, गौतम साहनी, प्रमिता उर्फ झिंकी, सुरेंद्र साहनी और सिकंदर को पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार किया। सभी का घर आसपास ही है और एक साथ मिलकर हमला किया था। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि वीडियो की मदद से अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है।

# उद्यमियों व व्यापारियों संग कल संवाद करेंगे मुख्यमंत्री

**जासं, गोरखपुर** : दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को गोरखपुर आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उसी दिन दोपहर बाद उद्यमियों एवं व्यापारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर संवाद करेंगे। जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा है। 181 उद्यमियों एवं व्यापारियों की सूची तैयार की गई है। कार्यक्रम एनेक्सी भवन सभागार में दोपहर तीन बजे से होगा। मुख्यमंत्री शनिवार को सुबह गोरखपुर पहुंचेंगे और बीआरडी मेडिकल कालेज के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। दोपहर में मुख्यमंत्री एनेक्सी भवन सभागार पहुंचेंगे और वहां मौजूद उद्यमियों व व्यापारियों से मुलाकात करेंगे। उनकी बातें सुनेंगे और उसका जवाब देंगे। गोरखपुर के औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर व्यावहारिक दिक्कतों पर भी चर्चा की जाएगी। उद्यमियों से विकास को लेकर सुझाव भी लिए जाएंगे। व्यापारियों से भी उनकी समस्याओं और सरकार की कार्यशैली के बारे में मुख्यमंत्री बात कर सकते हैं। करीब एक घंटे के इस कार्यक्रम में उद्यमियों एवं व्यापारियों को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। उद्यमियों एवं व्यापारियों के प्रमुख संगठनों से जिला प्रशासन ने संपर्क किया है। उनसे बातचीत के आधार पर ही सूची तैयार की गई है। संवाद कार्यक्रम से पहले उपायुक्त कार्यालय में उद्यमियों की बैठक भी बुलाए जाने की संभावना है।



# उद्यमी बैठक में सौंपेंगे ज्ञापन

**गोरखपुर** : मुख्यमंत्री के साथ संवाद का अवसर मिलने पर उद्यमी व व्यापारी भी तैयारी में जुट गए हैं। वह प्रमुख समस्याओं की सूची बना रहे हैं। वह मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर उनके निराकरण की मांग भी करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का ही असर था कि हाल ही में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक एक ही दिन में की गई है। यह बैठकें भी पिछली बैठकों से अलग नजर आई थीं। डीएम की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पुलिस विभाग के भी अधिकारी पूरे समय उपस्थित रहे और उद्यमियों की ओर से उठाई गई समस्याओं पर तत्काल निराकरण का निर्देश भी दिया गया था।

# चौराहों से हटेंगे अवैध स्टैंड, चौड़ी होगी सड़क

## महानगर की यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद एडीजी ने दिए निर्देश

**जासं, गोरखपुर** : यातायात माह के तीसरे दिन गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक यातायात (एडीजी) अनुपम कुलश्रेष्ठ ने पुलिस लाइंस में पुलिस व यातायात अधिकारियों के साथ बैठक में सख्त निर्देश दिए कि शहर से अवैध स्टैंड को बंद कराया जाए। बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करें, ई-रिक्शा के लिए रूट निर्धारित करें। बार-बार नियम तोड़ने वालों का चालान करें। रोडवेज की बसों को सड़क पर खड़ी न होने दें। जरूरत पड़ने पर परिवहन विभाग को पत्र लिखा जाए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्कूलों में यातायात को पाठ्यक्रम में शामिल करने को कहा।

एडीजी ने एसपी यातायात डा. एमपी सिंह से कहा कि उन चौराहों को चिह्नित करके सूची तैयार करें, जो बिजली के पोल व पेड़ की वजह से संकरे हैं। इसके बाद संबंधित विभागों से बात करके उन्हें हटवाया जाए और यातायात व्यवस्था को सही करने के लिए सड़कों को और चौड़ा कराएं। एडीजी ने छात्रसंघ चौराहे का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां की सड़क काफी चौड़ी है, लेकिन पेड़, बिजली के पोल और चबूतरा होने के साथ ही अस्पतालों के बाहर वाहनों के खड़े होने के कारण सड़कें संकरी दिखती हैं और जाम की समस्या बनी रहती है।



पुलिस लाइन में ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक करतीं एडीजी यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ

एडीजी ने कहा, शहर में यातायात की व्यवस्था प्रदेश के अन्य जिलों से काफी अच्छी है। कुछ जरूरतें हैं, जैसे साइनेज, वन-वे, स्प्रिंग पोस्ट, फंड और मैनपावर। फंड के लिए शासन से जैसे ही धन जारी होगा, भेज दिया जाएगा। मैनपावर की कमी जल्द ही पूर्ण हो जाएगी। प्रदेश में चल रही टीएसआइ की ट्रेनिंग दिसंबर तक पूरी हो जाएगी और नए साल में जिले को एक दर्जन से अधिक टीएसआई मिल जाएंगे।

अन्य व्यवस्थाओं के लिए गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण), नगर निगम, बिजली विभाग, बीएसएनएल, पीडब्लूडी से बात करें। जरूरत पड़ने पर प्रस्ताव बनाकर भेजें। प्रदेश में बैठे इन विभागों के उच्चाधिकारियों से बात की जाएगी।

### वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराएं

एडीजी ने कहा कि शहर में अभी गाड़ियां सड़कों पर ही खड़ी हो रही हैं। इसके लिए यातायात पुलिस आमजन को जागरूक करे कि वह अपने वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही खड़ी करें। जिन जगहों पर पार्किंग स्थल न हो, वहां पर प्रशासन या फिर व्यापारियों से बात कर बनवाएं। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सहयोग करें।

**यातायात कार्यालय के भवन के लिए एडीजी ने मांगा प्रस्ताव** : एडीजी यातायात ने यातायात कार्यालय के निरीक्षण में सबकुछ व्यवस्थित मिलने पर सराहना की। कार्यालय छोटा होने का सवाल करने पर एसपी यातायात ने बताया कि कार्यालय का अपना भवन नहीं है। एडीजी ने जल्द प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा। उन्होंने शासन से मंजूरी कराकर धन मुहैया कराने की बात कही। इसके बाद एडीजी ने यातायात टीएसआई और पुलिस के साथ संयुक्त बैठक कर यातायात व्यवस्था के संचालन की जानकारी ली।

**ट्रैक्टर-ट्राली पर प्रतिबंध के लिए प्रधानों को करें जागरूक** : एडीजी ने ट्रैक्टर-ट्राली पर प्रतिबंध लगाने के लिए सीधे कार्रवाई नहीं करने का निर्देश देते हुए कहा, अभियान चलाकर ग्राम प्रधानों को जागरूक करें। उन्हें बताएं कि वह अपने गांव के ग्रामीणों को समझाएं कि ट्राली पर यात्रा करने में खतरा है और यह सिर्फ कृषि कार्य के लिए है। साथ ही ईंट-भट्ठा मालिकों को भी जागरूक करें।

# धोखाधड़ी से लोन लेने पर मुकदमा दर्ज

गोरखपुर : शाहपुर थाना क्षेत्र के झरना टोला निवासी दिलीप निषाद की तहरीर पर और सीओ गोरखनाथ की जांच के बाद गुलरिहा थाना पुलिस ने गुरुवार को जितेन्द्र मौर्य व राजू सिंह पर मुकदमा दर्ज किया है। दिलीप ने तहरीर देने के बाद एडीजी से मिलकर शिकायत की थी कि सेमरा नंबर दो निवासी जितेन्द्र ने मेरी जमीन के पेपर पर अपने साले के नाम से फर्जी तरीके से 25 लाख का लोन ले लिया है। एडीजी ने इसकी जांच सीओ गोरखनाथ को सौंपी थी। (जासं)

# लूट व गुंडई करने वाले 17 बदमाशों पर गैंगस्टर

## रामगढ़ताल और कैंट पुलिस ने की कार्रवाई, जुटा रहे संपत्तियों का ब्योरा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल इलाके में 32 लाख की लूट करने के दस और कैंट में पार्किंग कर्मचारियों पर हमला करने के सात आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

डीएम की संस्तुति मिलने के बाद रामगढ़ताल और कैंट पुलिस ने आरोपियों को गिरोहबंद कर दिया। अब इनकी संपत्तियों का ब्योरा जुटाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, तहसील गेट पर पार्किंग कर्मचारियों पर 24 मार्च को हमला करने के आरोपियों को गिरोहबंद कर दिया गया है। डीएम की संस्तुति मिलने के बाद बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय की तहरीर पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज किया है। गिरोह में सात बदमाशों को शामिल गया गया है। वर्तमान में सभी जेल से जमानत पर रिहा हैं।

मोहद्दीपुर रेलवे स्टेडियम निवासी करुनेश शुक्ला ने 24 मार्च को केस दर्ज कराया था। आरोप है कि तहसील गेट पार्किंग पर वह ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने पार्किंग को लेकर विवाद किया और ईंट-लाठी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इनकी आपराधिक भूमिका को देखते हुए गैंगस्टर के लिए कैंट पुलिस ने रिपोर्ट तैयार कर डीएम के पास भेजी थी।

डीएम की संस्तुति मिलने के बाद कैंट पुलिस ने रामगढ़ताल के बड़गो निवासी भाष्कर दुबे, सिंदुली बिंदुली निवासी विष्णुधर दुबे उर्फ बबलू दुबे, गोला इलाके के ककरही निवासी सूरज शुक्ला, बड़गो निवासी राजन यादव, बिंलदपुर निवासी आशुतोष मल्ल, मोहद्दीपुर निवासी अनुराग यादव और जगरनाथपुर निवासी सन्नी मिला पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया।

### 32 लाख की लूट के आरोपी भी गिरोहबंद

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल पुलिस ने 30 जनवरी को व्यापारी के मुनीम से 32 लाख रुपये के लूट में शामिल दस आरोपियों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया। गिरोह में शामिल दस में से कुछ बदमाश वर्तमान में जमानत पर रिहा हैं। बिहार के सिवान के उपेंद्र मिश्रा आजादनगर में किराये पर रहते हैं। वह सरिया व्यापारी मनीष तुलस्यान के यहां मुनीम थे। 9 जनवरी को वसूली कर 32 लाख लेकर वह अयोध्या होते हुए रुस्तमपुर पहुंचे थे। घर जाते समय बदमाशों ने उनके पास से 32 लाख रुपये लूट लिए थे। चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी मनोज चौहान, बेलघाट के सिधवाना निवासी अजीत मिश्रा, गीडा के देईपाल निवासी सर्वेश शर्मा, गोरखनाथ के पचपेड़वा के शनि चौहान, चिलुआताल के मोहरीपुर तरहवा के मनोज साहनी, चिलुआताल के मोहरीपुर के आकाश गुप्ता उर्फ राजा, सुनील उर्फ बहादुर चौहान, ताजडीह के लल्लू दुबे, केवटलिया के मनोज साहनी उर्फ टमाटर, बेलघाट के सिधवाना के विकास पाठक उर्फ दीपू पर गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया। ब्यूरो

# दो पुलिसकर्मियों पर हमला, सात गिरफ्तार

## तिवारीपुर इलाके में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई थी घटना, आरोपी गए जेल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** तिवारीपुर इलाके में बुधवार रात मूर्ति विसर्जन के दौरान झगड़ा छुड़ाने पहुंचे दो सिपाहियों पर हमला करने के सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक सिपाही के सिर पर चोट भी आ गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि बुधवार को छठ प्रतिमा विसर्जन में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी थी। इस दौरान युवक आपस में विवाद कर रहे थे। हॉक के सिपाही भूपेंद्र कुमार और धरमू झगड़ा होता देख मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने सिपाहियों को दौड़ाकर हमला कर दिया। एक सिपाही को चोट आई और सरकारी काम में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

एसओ मदन मोहन मिश्रा की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। आरोपियों पर मारपीट, सरकारी काम में बाधा, बलवा, धमकी, 7सीएलए की धाराओं में केस दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



तिवारीपुर पुलिस पर हमला करने के आरोप में पकड़े गए आरोपी। अमर उजाला

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने तिवारीपुर के इलाहीबाग निवासी संदीप साहनी, दीपक साहनी, रवि साहनी, गौतम साहनी, प्रमिता उर्फ झिंकी, सुरेंद्र साहनी और सिकंदर को गिरफ्तार किया है। सभी का घर आसपास ही है और सभी ने एक साथ मिलकर हमला किया था।

# दुष्कर्म का फर्जी केस दर्ज करने वाले गिरोह पर नहीं हुई कार्रवाई

## गिरोह के खिलाफ 85 दिन पहले दर्ज हुआ था कैंट थाने में केस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जिले में दुष्कर्म का फर्जी केस दर्ज कराकर पीड़ितों से रुपये ऐंठने वाली महिलाओं के गिरोह पर कार्रवाई से पुलिस ने तौबा कर लिया है। बीते सात अगस्त को केस दर्ज होने के 85 दिन भी पुलिस एक भी आरोपी को न तो दबोच सकी है और न ही इसमें कोई ऐसी कार्रवाई की गई, जिससे गिरोह में शामिल आरोपियों में डर हो।

उधर, परेशान पीड़ित अफसरों के यहां प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगा रहा है। मामले का एडीजी जोन अखिल कुमार ने एक बार फिर संज्ञान लिया है और अब तक की हुई जांच की प्रगति रिपोर्ट मांग ली है।

मई 2022 में कैंपियरगंज निवासी व पीड़ित खालिद ने एडीजी से शिकायत की थी। एडीजी के आदेश पर एसएसपी ने जांच दो सीओ से कराई। सीओ बांसगांव व सीओ कैंट ने जांच की। जांच में पाया गया कि गिरोह के सदस्य फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर वसूली करा रहे हैं।

मामला जांच में पुष्ट होने के बाद सात अगस्त को कैंट थाने में केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन इस मामले में आज तक एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी है। जबकि, खुद पुलिस अफसर भी मानते है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से कोर्ट के जरिये दुष्कर्म के केस दर्ज कराने के मामले कम हुए हैं।

**फर्जी केस दर्ज कराकर ली चार लाख का सरकारी मदद :** सीओ बांसगांव की जांच में सामने आया है कि एक मामले में न्यायालय के आदेश पर दर्ज केस में सरकारी मदद के चार लाख रुपये महिला ने ले लिए। इस मुकदमे में भी अधिवक्ता वही है।

**पीड़ित ने दर्ज कराया था केस:** खालिद की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि गिरोह में शामिल महिलाएं फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर लोगों से वसूली करती हैं।



9 अगस्त को प्रकाशित खबर।

यह गंभीर मामला है, इसमें कड़ी कार्रवाई होगी। मामले में अब तक हुई जांच की प्रगति रिपोर्ट मांगी गई है। अगर, पुलिस की लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई की जाएगी। **–अखिल कुमार,** एडीजी गोरखपुर जोन

### एफआर लगाने वाले दरोगा ने दिया था शपथ पत्र

गिरोह की महिला ने 2016 में कैंपियरगंज थाने में तीन लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। मामले में आरोपी पहले जेल भेजे गए, फिर पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की। जांच में पुलिस ने पाया कि मामला फर्जी है। विवेचक ने मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। महिला को जैसे ही इसकी जानकारी हुई, उसने विवेचक रहे दरोगा पर ही लूट, बलवा, धमकी देने का केस दर्ज करा दिया। इस बार उसका आरोप था कि केस के जांच के दौरान दरोगा ने उससे रुपये छीन लिए और धमकी दी। दरोगा ने सीओ बांसगांव को दिए शपथ पत्र में महिला को पेशेवर और अधिवक्ता को संरक्षक बताया है।

# कर्ज बढ़ा तो पहुंच गया बैंक लूटने

## शाहपुर इलाके में बंधन बैंक में बुधवार शाम की घटना, दवा कंपनी में एमआर आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके में बंधन बैंक में बुधवार शाम फिल्मी अंदाज में डकैती की कोशिश का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी, दवा कंपनी में एमआर अपना भारीभरकम कर्ज नहीं चुका पा रहा था। ऐसे में वह बैंक लूटने पहुंच गया। इसी बीच एक कर्मचारी ने पैनिक बटन दबा दिया और हॉर्न बजते ही घबराकर आरोपी फरार हो गया।

बाद में सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान स्पोर्ट्स कॉलेज नकहां निवासी जलालुद्दीन के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास घटना में इस्तेमाल रिवाल्वर व चाकू बरामद कर लिया। बृहस्पतिवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाश के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि बुधवार शाम करीब 4.30 बजे हेलमेट लगाए और गमछा बांधे एक युवक बैंक में दाखिल हुआ। इस दौरान उसने असलहा तान दिया और एक बैग में कैशियर से रुपये भरने को कहा।

कैशियर ने रुपया भर भी दिया, लेकिन चाय-पानी पिलाने वाले कर्मचारी ने इसी बीच पैनिक बटन दबा दिया। बटन दबते ही बैंक का हॉर्न बजने लगा और आरोपी मौके से फरार हो गया था। एसपी सिटी ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने उप प्रबंधक कृष्ण कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया था।

सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान कर पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके ऊपर 40 लाख रुपये का कर्ज है, इसे चुकाने के लिए ही डकैती करने गया था।



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात। फुटेज की मदद से पुलिस ने पकड़ा। संवाद

### गांव के दोस्त ने दिया था रिवाल्वर

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके गांव के दोस्त ने कुछ महीने पहले रिवाल्वर दिया था। रिवाल्वर लाइसेंसी है या अवैध, पुलिस इसकी जांच कर रही है। रिवाल्वर में कारतूस नहीं था।

### सुबह की रेकी फिर वारदात की कोशिश

आरोपी ने सुबह बैंक में जाकर रेकी की, फिर शाम को लूटने पहुंच गया। आरोपी जलालुद्दीन उसी बैंक का खाताधारक भी है।



पकड़ा गया आरोपी जलालुद्दीन।

### होम लोन का किस्त नहीं चुका पा रहा था

पुलिस के मुताबिक, आरोपी एक दवा कंपनी में एमआर का काम करता है। वह बड़ी कंपनी से दवा लेकर छोटी कंपनी को देता है। आरोपी जलालुद्दीन पर होम लोन का 30 लाख और दवा कंपनी के करीब 10 लाख रुपये बाकी हैं। उसकी सेलरी 40 हजार मासिक है। जबकि, उसके होम लोन की ही किस्त 30 हजार मासिक है। वह लोन नहीं चुका पा रहा था, जिसके बाद उसने बंधन बैंक में डकैती की योजना बनाई।

# महिला से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

हरपुर बुदहट। इलाके के एक गांव में महिला से छेड़खानी के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरपुर बुदहट के पिपराहेमा निवासी रमाकांत उर्फ मोनू तिवारी के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, इलाके के एक गांव में सितंबर में एक महिला के साथ छेड़खानी का मामला आया था। पुलिस ने महिला के पिता की तहरीर पर केस दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# साले-बहनोई के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**गुलरिहा।** दूसरे की जमीन पर 25 लाख रुपये का कर्ज लेने के आरोपी साले-बहनोई पर गुलरिहा पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर थाना क्षेत्र के झरना टोला निवासी दिलीप निषाद ने तहरीर में लिखा है कि गुलरिहा थाना क्षेत्र के सेमरा नंबर 2 निवासी जितेंद्र मौर्य ने उनकी जमीन के कागजात पर अपने साले राजू सिंह के नाम से फर्जी तरीके से पीएनबी शाखा गुलरिहा से 25 लाख रुपये का लोन करवा लिया, जिसकी शिकायत अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन से की गई थी। सीओ गोरखनाथ की जांच में मामला सही पाए जाने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो

# युवक पर धमकी देने का मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

हरपुर बुदहट। इलाके की एक किशोरी का मोबाइल फोन लेकर संदेश मिटाने और फिर धमकी देने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने आरोपी युवक पर केस दर्ज कर लिया। तहरीर में किशोरी के पिता ने बताया कि 31 अक्तूबर को सूर्य अर्घ्य के समय हमारी नाबालिग लड़की अपनी अन्य तीन बहनों के साथ गांव में छठ पूजा देखने गई थी। वहीं पर गांव के ही एक युवक ने लड़की से मोबाइल ले लिया और मोबाइल में से सारे संदेश को डिलीट कर दिए और मोबाइल वापस देकर पुलिस में जाने पर जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने भलुवा निवासी सर्वेश चतुर्वेदी पर केस दर्ज कर लिया।

# तोड़ने वालों का करें चालान : एडीजी ट्रैफिक



एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने यातायात कार्यालय का निरीक्षण किया। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि बार-बार यातायात नियम तोड़ने वालों का चालान किया जाए। स्कूलों के सिलेबस में ट्रैफिक को शामिल कराएं, ताकि बचपन से ही बच्चे यातायात नियमों को लेकर जागरुक रहें। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा के अधिकारियों से बात की जाए।

यह बातें एडीजी ट्रैफिक ने बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस में पुलिस और यातायात पुलिस अधिकारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने गोरखपुर के लोगों की ट्रैफिक सेंस की तारीफ करते हुए कहा कि अन्य शहरों की अपेक्षा यहां के लोग काफी जागरूक हुए हैं। एडीजी ने कहा कि जहां रोड या चौराहे काफी संकरे हैं, वहां के लिए जीडीए और नगर निगम से चौड़ीकरण के लिए कहा गया है।

एडीजी ने शहर से अवैध स्टैंड को बंद कराने पर भी जोर दिया। ई-रिक्शा के लिए रुट निर्धारित करने को कहा। वहीं, रोडवेज की बस सड़क पर खड़ी न करने की व्यवस्था बनाने को कहा। एडीजी ने कहा किस इन प्रयासों से ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिलेगी।

## कहा, स्कूलों में ट्रैफिक को सिलेबस में शामिल कराएं अधिकारी

यातायात माह में गोरखपुर आईं एडीजी ने शहर के ट्रैफिक लोड वाले चौराहों का निरीक्षण भी किया। ट्रैफिक कार्यालय में पहुंच कर ट्रैफिक से जुड़े उपकरणों की जांच कराई उसके बाद ट्रैफिक से जुड़े विभागों जैसे कि नगर निगम का आईटीएमएस, आरटीओ, रोडवेज, जीडीए, एनएचआई आदि के अधिकारियों कर्मयारियों के साथ बैठक की।

एडीजी ने एसपी यातायात से कहा कि शहर के उन चौराहों को चिह्नित करके सूची तैयार करें, जहां पर बिजली के खंभे और पेड़ की वजह से सड़कें संकरी हैं। इसके बाद उन विभागों से बातचीत करके उन्हें हटवाया जाए।

बैठक में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, आरटीओ अनीता सिंह, कर्नल सीपी सिंह, एसपी ट्रैफिक डॉ महेंद्र पाल सिंह, एसपी अपराध इंदु प्रभा सिंह, सीओ मंदिर सुरक्षा अजय कुमार सिंह, सीओ कैंट श्यामदेव, सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह, सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह, सीओ उत्तरी क्षेत्र जितेंद्र शर्मा, जीडीए सचिव आदि मौजूद रहे।

# साहब! घर खर्च चलाऊं या चालान भरूं

## दो हजार का चालान कटने पर धरने पर बैठा युवक, तीन बार गलत चालान कटने का लगाया आरोप




धरने पर बैठे मदनमोहन की आखों से आंसू छलक पड़े। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस में लखनऊ से आईं एडीजी ट्रैफिक जिम्मेदारों को सुधार का पाठ का पढ़ा रही थीं तो वहीं दूसरी ओर एक युवक मनमाने चालान का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गया।

युवक के पास जैसे ही दो हजार चलान का संदेश आया, वह आंबेडकर चौराहे पर धरना देने लगा। युवक का आरोप था कि उसका तीसरी बार गलत चालान कटा है। यह कहते हुए युवक रोने लगा। कहने लगा कि घर का खर्च चलाऊं या चालान भरता रहूं। पुलिस मनमानी बंद करे। बाद में पहुंची कैंट पुलिस, युवक को समझाकर यातायात कार्यालय ले गई। जानकारी के मुताबिक, संतकबीरनगर जिले के रहने वाले मदन मोहन, किराये का कमरा लेकर गोरखपुर में रहते हैं। वह रामगढ़ताल के नौका विहार पर टी स्टाल चलाते हैं। वह रोजाना दो से तीन सौ रुपये कमाते हैं। बुधवार को वह बाइक से आंबेडकर चौराहे से गुजर रहे थे। इस दौरान बाएं लेन में आगे गाड़ियां थीं। वह भी उनके पीछे थे। इस दौरान उनका 2000 रुपये का चालान कट गया। बृहस्पतिवार को मदन मोहन उसी आंबेडकर चौराहे पर धरने पर बैठ गए।

मदन मोहन ने बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इतनी कमाई नहीं है कि रोज चालान भर पाएं। उनका 2000 रुपये का चालान माफ किया जाए। युवक का इससे पहले दो बार 5 हजार का चालान कट चुका है। एक बार बिना हेलमेट में कटा था, जिसके बाद चालान जमा किया था।

### पता चला कि बिना हेलमेट व तीन सवारी पर पहले भी दो बार कट चुका है चालान

युवक का तीन बार चालान कटा है। मई में बिना हेलमेट का कटा था। इसके बाद सितंबर में तीन सवारी का चालान कटा। अब बाएं लेन को जाम करने और सिग्नल तोड़ने का है। तीसरे चालान पर आरोप है, इसकी जांच कराई जा रही है। जांच में चालान सही पाया गया तो जुर्माना देना होगा। अगर, गलत हुआ होगा तो माफी दी जाएगी।

-डॉ. एमपी सिंह, एसपी ट्रैफिक

# दो दिवसीय दौरे पर कल आएंगे सीएम

## बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** दो दिवसीय दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर आएंगे। वह यहां बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। उसी दिन दोपहर बाद उद्यमियों एवं व्यापारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर संवाद करेंगे।

जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा है। 181 उद्यमियों एवं व्यापारियों की सूची तैयार की गई है। कार्यक्रम एनेक्सी भवन सभागार में दोपहर बाद तीन बजे से होगा।



### तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग

मुख्यमंत्री शनिवार सुबह गोरखपुर पहुंचेंगे और बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री एनेक्सी भवन सभागार में उद्यमियों व व्यापारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान गोरखपुर के औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। साथ ही औद्योगिक विकास के मार्ग में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों पर भी चर्चा की जाएगी। उद्यमियों से विकास को लेकर सुझाव भी लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री, व्यापारियों से भी उनकी समस्याएं सुनने के साथ ही उनका फीडबैक लेंगे।

करीब एक घंटे के इस कार्यक्रम में उद्यमियों एवं व्यापारियों को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। संवाद कार्यक्रम से पहले उपायुक्त कार्यालय में उद्यमियों की बैठक भी बुलाए जाने की संभावना है।

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-11-2022

# असलहा लेकर डीजे पर डांस करने वाला गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। असलहा लेकर डीजे पर डांस करने वाले व्यक्ति को भलुअनी पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। भलुअनी थाना अन्तर्गत ग्राम बभनी दूबे में डीजे पर असलहा लेकर डांस करने वाले अभियुक्त गिरजेश कुमार पुत्र स्व. रामनगीना प्रसाद को मुकामी पुलिस ने वृहस्पतिवार को ग्राम बरवां स्थित पुलिया के पास 315 बोर के एक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में भलुअनी पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में भलुअनी के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र, एसआई नितिन साहू, कां. चन्द्रशेखर कुमार व कां. अनुज कुमार चौधरी शामिल रहे।

# गायब किशोर को पुलिस ने बरामद किया

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय उपनगर के दुग्धेश्वर नाथ वार्ड निवासी मुहम्मद मुख्तार राईनी का 11 वर्षीय बेटा शाहीद जो ओटीएस मॉटिसरी स्कूल में कक्षा प्रथम का छात्र है। जो घर से 9 बजे पढ़ने के लिये स्कूल गया और डेढ़ बजे स्कूल से घर के लिये वापस निकला। लेकिन घर नहीं पहुंच पाया। घर वाले शाम होते ही इसकी सूचना लिखित रूप से रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को देते हुए गुमशुदगी दर्ज करा दी। इस मामले में क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिला जीत ने एक टीम का गठन कर कोतवाल रुद्रपुर उपेन्द्र नाथ मिश्र को बच्चे के खोजबीन के लिये लगा दिया। जहां शाम 7 बजे उक्त गायब किशोर दुग्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में बैठा पाया गया। कोतवाली पुलिस के इस नेक कार्य की सराहना की गयी। चेयरमैन प्रतिनिधि विरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में परिजनों को बुलाकर उक्त किशोर को सौंप दिया गया।

हिन्दुस्तान दि॰ 04/11/22

# डीजे पर अवैध तमंचा लहराने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

- भलुअनी थाना क्षेत्र के बभनी दूबे का रहने वाला है युवक
- पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में दर्ज किया केस

देवरिया,निज संवाददाता। डीजे पर अवैध तमंचा लेकर डांस करने वाले युवक को भलुअनी पुलिस ने गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। एक व्यक्ति के घर पर छठ के बाद कार्यक्रम में डीजे पर असलहा लहराने हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

भलुअनी थाना क्षेत्र के बभनी दूबे गांव में छठ के बाद एक व्यक्ति के यहां आयोजन किया गया था। गांव का एक युवक डीजे पर डांस करते हुए अवैध असलहा लहरा रहा था। वहां मौजूद किसी ने डांस का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे देखते ही देखते वीडियो क्षेत्र में वायरल हो गया। इसे भलुअनी के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र ने गंभीरता से लिया। भलुअनी पुलिस ने गुरुवार को बरवॉ गांव के पुलिया के पास से अवैध असलहा लहराने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध असलहा बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम गिरजेश कुमार निवासी बभनी दूबे थाना भलुअनी बताया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# पत्रकार को धमकी देने वाली महिला पर केस

देवरिया। रिश्वत लेने के वीडियो को लेकर कर्मचारी के महिला रिश्तेदार ने पत्रकार को मोबाइल पर धमकी दिया था। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। बरियारपुर के गंभीरपुर गांव के रहने वाले संतोष कुमार विश्वकर्मा पुत्र रामबढ़ाई विश्वकर्मा ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि रिश्वत लेने की खबर दिखाने को लेकर कर्मचारी के एक महिला रिश्तेदार ने मोबाइल फोन कर काल कर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाया।

# दो के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है। हालांकि तहरीर में दोनों का पता अज्ञात है। रुद्रपुर नगर के मल्लाह टोली वार्ड के रहने वाले आकाश वर्मा पुत्र रामप्रसाद वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दरवाजे पर खड़ी किए थे। जहां से दिन में करीब 11 बजे संदीप शर्मा व आदित्य शर्मा पुत्र अज्ञात एवं पता अज्ञात ने उनकी बाइक को चुरा लिया है।

हिन्दुस्तान दि० 04/11/22

# फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने की छापेमारी

- फरार हत्याभियुक्त का 60 घंटे बाद भी नहीं लग सका सुराग
- जिला अस्पताल से एक नवंबर को बदमाश हुआ था फरार

देवरिया, निज संवाददाता।जिला अस्पताल से हत्याभियुक्त के फरार होने के 60 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। फरार अभियुक्त को पकड़ने के लिए कोतवाली के सांथ एसओजी टीम को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस ने अभियुक्त के गांव पर छापेमारी कर उसके बारे में जानकारी ली है। पुलिस ने उसके परिजनों से उसके दोस्तो और सगे संबंधी के बारे में जानकारी ली है।

कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के मेंहदीगंज में 28 सितंबर 2022 की रात विधवा पूजा (35) पुत्री कांता प्रसाद की हत्या के मामले में प्रवीन पाल उर्फ प्रदीप पाल पुत्र रामअजोर पाल देवरिया जिला कारागार में बंद था। 1 नवंबर की देर शाम को वह जिला अस्पताल के शौचालय से फरार हो गया था।

पुलिस ने अयोध्या पुलिस से सम्पर्क कर आरोपी के भागने की जानकारी दी। पुलिस ने प्रवीन के घर पर छापेमारी किया, लेकिन पुलिस की कोई विशेष सफलता नहीं मिली।

हिन्दुस्तान दि. 04/11/22

# सेना का अफसर बन नौकरी के नाम पर ठगी, केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। सेना का अधिकारी बनकर नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी और गबन का केस दर्ज किया है। ठग ने सेना में बेटे को नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से ढाई लाख लाख रुपये की ठगी किया था। सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरा चन्द्रभान गांव के रहने वाले लियाकत अली पुत्र उमराती अली ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति ने स्वंय को सेना अधिकारी बाताया। उसने परिवार और बेटे के बारे में पूछा। बेटे के बारे में जानकारी लेने लगा। बेटे के बारे में जानने के बाद उसने सेना में नौकरी दिलाने की बात कहीं। इसके लिए शैक्षिक प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी ले लिया। इसके बाद व्यक्ति ने ढाई लाख रुपये ले लिया। इसके बाद नियुक्ति पत्र देने का झासा देने लगा। रुपये लेने के बाद वह जल्द ही नियुक्ति पत्र देने की बात करता था। कुछ वर्ष तक पीड़ित और उसके बेटे को भरमाता रहा। पीड़ित को उसके गांव के लोगों से ठगी के बारे में जानकारी होने पर रुपये की मांग करने लगा। इस पर पीड़ित अपना रुपया मांगने लगे। जिस जालसाज ने लियाकत अली के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से गुहार लगाई।

हिन्दुस्तान दि. 04/11/22

# चार नामजद समेत 29 के खिलाफ केस दर्ज

रुद्रपुर। क्षेत्र के महराजगंज गांव के मंझरिया टोला में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार नामजद व करीब 25 अज्ञात के खिलाफ बलबा का मुकदमा दर्ज किया है।

महराजगंज गांव के मंझरिया टोला के रहने वाले रामअशीष चौहान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो नवम्बर की रात करीब साढ़े दस बजे नकटापार गांव के पांच लोग गांव में आए। जो बिना किसी कारण के उनके घर के बगल में एक व्यक्ति के घर का दरवाजा तोड़ने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया तो गाली गलौज के साथ ही मारपीट कर घायल कर दिए। मामले में पुलिस ने 25 लोगों केस दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि. 4/11/22

# तमंचा के साथ डांस करने का आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

जागरण संवाददाता, गड़ेरः भलुअनी थाना क्षेत्र के दुबे बभनी गांव के रहने वाले युवक को तमंचा के डांस करना भारी पड़ गया। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। गांव के रहने वाले गिरजेश कुमार पुत्र रामनगीना छठपूजा के दिन डीजे पर हाथ में तमंचा लेकर नृत्य कर रहे थे। जिसका वीडियो इंटनेट मीडिया पर वायरल हुआ था।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत थाने पर की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बरवा बभनी मार्ग से जाते समय गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने बताया कि आरोपित को तमंचा के साथ गिरफ्तार कर ज़ेल भेज दिया ।

दै० जागरण दि० 04/11/22

# छठ वेदी तोड़ने के आरोप में हिरासत में युवक

जासं, लार: रोपनछपरा गांव में छठ वेदी तोड़ने को लेकर मामला गरम हो गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक को हिरासत में ले लिया।

गांव के बाहर पश्चिम तरफ पुराने पोखरी के पास छठ स्थान है, जहां गांव के लोगों ने छठ वेदी बनाया है। गुरुवार को गांव के कुछ लोग छठ वेदी को तोड़ने लगे । इस बात की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान दीपेंद्र सिंह व अन्य लोग पहुंच गए। छठ वेदी तोड़ने का विरोध किया। इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। प्रधान दीपेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए। ग्राम प्रधान का कहना था कि छठ वेदी तोड़ने से मना किया तो कुछ लोग मारपीट पर उतारू हो गए। दूसरे पक्ष के धीरज सिंह का कहना है कि जिस जमीन में छठ वेदी बने हैं, वह मेरे नाम की भूमिधरी है। मना करने के बाद भी जबरदस्ती वेदी बना दिया। प्रभारी एसओ नंदा प्रसाद ने बताया कि छठ वेदी तोड़ने के मामले में आरोपित धीरज सिंह का शांतिभंग में चालान किया गया है।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

रामपुर कारखाना: घर में घुसकर युवती से छेड़खानी करने के आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी अपने घर में कुछ काम कर रही थी। इसी बीच गांव का युवक उसके घर में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर हरिओम निषाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि छेड़खानी के आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# युवक के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा

**बरहज :** थानाक्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ छेड़खानी व मारने-पीटने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मिर्जापुर हरनौढा चौराहा के रहने वाले शाह आलम पुत्र सत्तार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश की जा रही है। (जासं)

# आटो चालक की तहरीर पर दो के विरुद्ध मुकदमा

**बरहज :** आटो चालक से रुपये मांगने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम मौना गढ़वा के रहने वाले कृष्णानंद प्रजापति पुत्र नरसिंह प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बरहज नगर के पैना रोड टैक्सी स्टैंड पर वह सवारी भर रहे थे। उसी दौरान युवक पैसे की मांग करने लगा। नहीं देने पर धमकी दी। पुलिस ने मेहियवा के रहने वाले दुर्गेश यादव पुत्र अमेरिका यादव, प्रिंस गिरी पुत्र योगेंद्र गिरी के विरुद्ध कार्रवाई की है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 04/11/22

# एसपी ने शहर में किया गश्त सुरक्षा का लिया जायजा

जागरण संवाददाता, देवरिया: एसपी संकल्प शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुरुवार की देर रात शहर का जायजा लिया।

उन्होंने सुभाष चौक, मालवीय रोड समेत अन्य जगहों पर पैदल गश्त किया। उन्होंने बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने का पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए। उन्होंने बाजार व भीड़भाड़ वाले इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं व वाहनों की जांच कराई।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी, टीएसआइ गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।



शहर के मालवीय रोड पर पैदल गश्त करते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा • सौ.पुलिस

दैनिक जागरण दि. 04/11/22

# फरार हत्यारोपित बंदी पर 25 हजार इनाम

## तलाश में अयोध्या पहुंची पुलिस, स्वजन से पूछताछ, एसपी के निर्देश पर एसओजी भी लगी

जासं, देवरिया: महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से फरार बंदी का तीसरे दिन भी पता नहीं चला। तीन जनपदों की पुलिस के अलावा जेल पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस की मानें तो उसके ठिकाने का पता चल गया है। जल्द ही वह पुलिस के हाथ लग सकता है।

- एक नवंबर की रात शौचालय की खिड़की तोड़कर हो गया फरार
- देवरिया, कुशीनगर, अयोध्या की पुलिस के अलावा जेल पुलिस कर रही तलाश

फरार बंदी प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल अयोध्या जनपद के इनायनत नगर थाना क्षेत्र के गहनो खिहारन बारून बाजार का रहने वाला है। उसने कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में बीते 28 सितंबर की रात प्रेमिका के भाइयों को फंसाने के लिए दूसरी महिला पूजा (35) की हत्या कर दी थी।

28 अक्टूबर को उसे कुशीनगर की पुलिस ने जिला जेल में दाखिल कराया था। 31 अक्टूबर की शाम को तबीयत खराब होने पर उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के पुरुष वार्ड में भर्ती किया गया था। एक नवंबर की रात करीब आठ बजे वह शौचालय की खिड़की तोड़कर फरार हो गया।

जेल प्रशासन की तरफ से टीम गठित रोडवेज, रेलवे स्टेशन के अलावा अन्य संभावित स्थानों पर खोज की गई। उसकी तलाश के लिए जेल पुलिस के अलावा जनपद व कुशीनगर की पुलिस अयोध्या उसके घर पहुंची। पुलिस ने स्वजन से पूछताछ की।

देवरिया, कुशीनगर के अलावा अयोध्या जनपद की पुलिस तलाश में जुटी है। एसपी के निर्देश पर एसओजी टीम भी लगाई गई है। स्वजन, रिश्तेदारों व उसके परिचितों के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाए गए हैं।

> बंदी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। ठिकाने के बारे में पुलिस ने पता लगा लिया है। उम्मीद है कि जल्द ही वह गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> संकल्प शर्मा, एसपी देवरिया

दैनिक जागरण दि. 04/11/22

# दो दिन से मोर्चरी में बंद था शव, हुई पहचान

जासं, देवरिया: दो दिन से लावारिस हालत में मोर्चरी में बंद युवक के शव की पहचान हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। शव की पहचान शहर के अंसारी रोड के धनेश चौरसिया पुत्र रामनाथ के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार, एक नवंबर को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल के इमरजेंसी में युवक को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शव की पहचान न होने पर मोर्चरी में रखवा दिया गया था। स्वजन युवक की तलाश कर रहे थे। गुरुवार को स्वजन मोर्चरी पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि दो दिन से शव को लावारिस हालत में मोर्चरी में रखा गया था। शव की पहचान हो गई है।

अमर उजाला 04/11/22

# मारपीट के मामले में आठ लोगों पर केस दर्ज

सलेमपुर। एक सप्ताह पूर्व गांधी चौक स्थित दुकान में हुई मारपीट के मामले में बुधवार की देर रात कोतवाली पुलिस ने आठ लोगों पर केस दर्ज किया। नगर के वार्ड नंबर 11 निवासी राणा प्रताप सिंह, गांधी चौक, रेलवे स्टेशन रोड पर अपनी दुकान चलाते हैं।

आरोप है कि 27 अक्तूबर की देर शाम वह अपनी दुकान बंद कर सामान अंदर रख रहे थे। उसी बीच पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने उनकी पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

राणा प्रताप सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बुधवार की देर रात वार्ड के राजेश सैनियर, बृजेश रौनियार, विश्वास, मंजू, शिवरा, राजकुमार, दिलीप व शुभांकर पर मारपीट का केस दर्ज किया है। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि दुकानदार की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि. 04/11/22

# छठ पूजा स्थल पर तोड़फोड़ के बाद विवाद, पहुंची पुलिस

चनुकी। क्षेत्र के रोपन छपरा गांव में छठ स्थान पर तोड़फोड़ पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद गांव के लोग थाने पहुंच गए।

लार थाना क्षेत्र के रोपन गांव के बाहर छठ स्थान है। बृहस्पतिवार को गांव के कुछ लोग छठ स्थान पर तोड़फोड़ करने लगे। इसकी जानकारी होने पर ग्राम प्रधान सहित गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और विरोध करने लगे।

इसे लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज होने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। प्रधान दीपेंद्र सिंह सहित गांव के कई लोग थाने पहुंच गए।

ग्राम प्रधान का कहना है कि गांव के लोगों के साथ छठ स्थान पर पहुंच कर मना किया तो वह मारपीट पर आमादा हो गए। आरोपित का कहना है जिस जमीन में छठ की बेदियां बनी हैं, वह उसके नाम की है।

प्रभारी एसओ नंदा प्रसाद ने बताया कि छठ स्थान पर तोड़फोड़ के मामले में आरोपी को लाया गया है। पूछताछ की जा रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

अमर उजाला 04/11/22

# असलहा लेकर किया डांस, हुए गिरफ्तार



पकड़ा गया आरोपी। संवाद

भलुअनी। क्षेत्र के बभनी दूबे गांव में डीजे पर तमंचे के साथ एक युवक के डांस करने का वीडियो वायरल हुआ था। मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को अवैध असलहे के साथ आरोपी गिरिजेश को एक पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बरवां स्थित पुलिया के पास से बभनी दूबे गांव निवासी और आरोपी गिरिजेश को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस के अनुसार, गिरिज़ेश का एक कार्यक्रम में डीजे पर असलहा लहराते हुए डांस करने का वीडियो वायरल हो गया था। जानकारी होने पर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

टीम में थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र, एसआई नितिन साहू, आरक्षी चंद्रशेखर कुमार, अनिल चौधरी शामिल रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया हैं। संवाद

अमर उजाला दि० 07/11/22

# किसान के खाते से निकाल लिए चालीस हजार रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

## केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी पुलिस

## बरइठा चौराहे पर जनसेवा केंद्र चलाता है आरोपी

**बरियारपुर।** किसान के खाते से जालसाज ने चालीस हजार रुपये निकाल लिए। शिकायत पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को केस दर्ज किया। आरोपी बरइठा चौराहे पर जनसेवा केंद्र चलाता है। मामला उजागर होने के बाद से वह फरार है।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरइठा गांव निवासी अयोध्या प्रसाद किसान हैं। उनके बेटे दीनानाथ गुजरात में निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। छठ पर्व को मनाने व खेती के लिए दीनानाथ ने 19 अक्तूबर को पिता के खाते में चालीस हजार रुपये भेजे थे।

वह गांव के चौराहे पर स्थित जनसेवा केंद्र पर खाते का बैलेंस जांचने पहुंचे। आरोप है कि केंद्र संचालक ने पीड़ित का आधार कार्ड लेकर अंगूठा लगवाया और खाते में रुपये नहीं आने की बात कह घर भेज दिया।

पीड़ित लगातार चार दिन जनसेवा केंद्र पर पहुंचा, लेकिन हर बार उसे रुपये नहीं आने की बात कही। बाद में पंजाब नेशनल बैंक की पथरदेवा शाखा में पता करने पर मालूम हुआ कि 19, 20, 21 और 22 अक्तूबर को खाते से चार बार में 40 हजार रुपये बरइठा चौराहे से एक जनसेवा केंद्र से निकलने की बात बताई।

पीड़ित ने जब केंद्र संचालक से इसकी शिकायत की तो पहले तो गलती होने की बात कहकर उसने रुपये वापस करने का भरोसा दिया, बाद में धमकी देने लगा।

पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बृहस्पतिवार को पुलिस ने चौबरिया पट्टी निवासी मन्नु कुशवाहा पर केस दर्ज कर लिया। एसओ सुभाषचंद्र पांडेय ने बताता कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अमर उजाला दि. 09/11/22

# अस्पताल से फरार हत्यारोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम

## पुलिस की अभिरक्षा से भागा है, तलाश में जुटी हैं पुलिस की चार टीमें

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिला अस्पताल से फरार हुए हत्यारोपी प्रवीन का सुराग लगाने के लिए जिले के साथ ही कुशीनगर, अयोध्या और जेल की पुलिस की टीम जुटी है।

हालांकि, अब तक उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस का मानना है कि उसके कुछ साथियों ने मिलकर साजिश रची है, क्योंकि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में वह नजर नहीं आ रहा है। एसपी संकल्प शर्मा ने फरार बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में 28 सितंबर की रात पूजा (35) की हत्या कर दी गई थी। इस मामले का कुशीनगर जिले की पुलिस ने 28 अक्तूबर को पर्दाफाश करते हुए अयोध्या जनपद के इनायनत नगर थाना क्षेत्र के गहनो खिहारन बारून बाजार निवासी प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल को गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी के कुछ साथियों का भी पता लगा रही पुलिस**

**अस्पताल में मिलने के लिए आने वालों पर है नजर**

घटना में नामजद प्रवीन को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने 28 अक्तूबर को जिला जेल में दाखिल कर दिया था।

उसके बाद अचानक सोमवार की शाम उसकी तबीयत खराब हो गई। पुलिस कस्टडी में उसे जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया।

मंगलवार की शाम को करीब साढ़े सात बजे वह शौचालय के जंगले की जाली तोड़कर फरार हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उसकी तलाश में देवरिया एसओजी को एसपी ने पकड़ने की जिम्मेदारी दी है। कुशीनगर, अयोध्या के एसओजी को भी पुलिस के आला अफसरों ने गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं।

*फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है। बदमाश पर पचीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस को भरोसा है कि जल्द से जल्द उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी।*
***- संकल्प शर्मा, एसपी***

वहीं, जेल प्रशासन ने बंदी रक्षकों की टीम को लगाया है। इसमें निलंबित बंदी रक्षकों को पता लगाने के लिए कहा गया है।

पुलिस उन लोगों पर निगाह रख रही है, जो आरोपी के फरार होने के पहले अस्पताल में उससे मिले थे। इसको लेकर पुलिस कुछ सीसीटीवी कैमरों की फुटजे के जरिए जानकारी जुटा रही है।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-11-2022

# घायल फर्श पर, कुत्ता चाटता रहा खून

जिला अस्पत

## कुशीनगर : वीडियो वायरल होने के बाद डीएम ने छह कर्मचारियों की सेवा समाप्त की

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना (कुशीनगर)।** बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल के इमरजेंसी की एक घटना के वायरल वीडियो ने हड़कंप मचा दिया। सोशल मीडिया पर तेजी से फैले वीडियो में जमीन पर लिटाए हादसे में घायल एक शख्स का बहता खून कुत्ता चाट रहा है। शर्मसार करती हुई अस्पतालकर्मियों की इस संवेदनहीनता पर डीएम ने सख्त कार्रवाई की। इसके लिए जिम्मेदार छह कर्मियों को तत्काल सेवामुक्त कर दिया गया। वहीं, मामले में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर सहित दो डॉक्टरों के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजने की बात कही जा रही है।

वीडियो वायरल होने के बाद जांच के लिए एडीएम देवीलाल तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। पता चला कि पूरा वाकया एक नवंबर की रात का है। अस्पताल



कुशीनगर के जिला अस्पताल के इमरजेंसी में फर्श पर पड़ा घायल युवक, बगल में घूम रहा कुत्ता। संवाद

के रिकॉर्ड के अनुसार जटहां बाजार थाना क्षेत्र निवासी बिट्टू (25) किन्नरपट्टी के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर बताकर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन, इस दौरान अस्पताल में लापरवाही बरती गई। घायल को स्ट्रेचर पर लिटाने और एंबुलेंस से भेजने के बजाय उसे फर्श पर तड़पता हुआ छोड़ दिया गया। तभी इमरजेंसी में घूम रहा एक कुत्ता बिट्टू के शरीर से बहकर फर्श पर फैले खून को चाटने लगा। इसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। एडीएम की जांच में अस्पतालकर्मियों की लापरवाही सामने आई। इसपर डीएम ने उस समय ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स सुनील कुशवाहा, संविदा एनएचएम रामाशीष यादव, वार्ड ब्वाय विजय बहादुर कुशवाहा, मनहरण शुक्ला, स्वीपर अर्जुन कुशवाहा और मुकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त कर दिया। फिलहाल बिट्टू का इलाज गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। अन्य की जांच कराई जा रही है। डॉक्टर की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। - **एस. राजलिंगम, डीएम**

# बालिकाओं को सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

खड्डा। खड्डा थाने की एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने गुरुवार को खड्डा कस्बे समेत आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर विद्यालय में पढ़ने जा रहीं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। टीम ने छात्राओं को यह कहकर आश्वासन दिया कि पुलिस आपकी सेवा में 24 घंटे तत्पर है। अगर कोई दिक्कत हो तो बेझिझक अपनी बात हम तक पहुंचाएं।

# जहरीला स्प्रे फेंकने वाले दो गिरफ्तार

**पनियहवा,** मदनपुर दर्शन करने जा रहे बाइक सवार युवतियों पर जहरीला स्प्रे फेकने वाले दोनों आरोपियों को हनुमानगंज पुलिस ने बुधवार कि देर रात गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ लूट के प्रयास का केस दर्ज कर लिया था। पकड़े गये दोनों आरोपी हुमायूंपुर, गोरखपुर के रहने वाले हैं। हनुमानगंज एसओ रामसहाय चौहान ने बताया कि बुधवार को दोपहर खड्डा थाना क्षेत्र के मठिया निवासी विकास गुप्ता अपने परिजनों के साथ बाइक से मदनपुर दर्शन करने जा रहा था।

# यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

पडरौना। यातायात माह तहत आमजन को पंपलेट बांटकर व वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया। गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक यातायात सत्य सान्याल शर्मा द्वारा यातायात टीम के साथ जनपद के नगर व देहात क्षेत्रों मे भ्रमण कर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग लगाते हुए आमजन में पंपलेट बांटकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

---

## एडीजी ने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# एयरपोर्ट पर तैनात होंगे स्पेशल फोर्स के जवान

**05** एयरपोर्ट प्रदेश के इस योजना में शामिल, जिसमें कुशीनगर भी है

**26** पीएसी बटालियन के कमांडेंट व अन्य अधिकारी भी रहे मौके पर मौजूद

कसया हिन्दुस्तान संवाद। प्रदेश के पांच क्रियाशील (फंक्शनल) एयरपोर्ट की सुरक्षा विशेष सुरक्षा बल (स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स) करेगा। केंद्र सरकार से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही विशेष सुरक्षा बल के अधिकारी व जवानों की कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैनाती होगी। गुरुवार को कुशीनगर में विशेष सुरक्षा बल के एडीजी (लखनऊ) एलवी एंटोनी देवकुमार ने प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

कुशीनगर के होटल इम्पीरियल में पत्रकारों से बातचीत में एडीजी एलवी एंटोनी देवकुमार ने बताया कि सुरक्षा बंदोबस्त के पहले चरण में प्रदेश के जिन पांच क्रियाशील एयरपोर्ट का चयन हुआ है, उनमें कुशीनगर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के अतिरिक्त गोरखपुर, प्रयागराज, बरेली व गाजियाबाद एयरपोर्ट भी शामिल हैं। इन सभी एयरपोर्ट का दौरा कर आवश्यक सुरक्षा संबंधी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि एयरपोर्ट पर विशेष सुरक्षा बल की तैनाती व क्रियान्वयन में कोई कठिनाई न हो। एडीजी ने बताया कि एयरपोर्ट पर तैनात होने वाले विशेष सुरक्षा बल के अधिकारियों व जवानों का नागरिक सुरक्षा उड्डयन ब्यूरो (बीसीएएस) के साथ समन्वय बनाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह एयरपोर्ट की सुरक्षा को मजबूत करने में मददगार साबित होगा।



गुरुवार को एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते विशेष सुरक्षा बल के एडीजी एलवी एंटनी देवकुमार।

कुशीनगर मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर की सुरक्षा के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले फेज में अभी सिर्फ कुशीनगर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा बंदोबस्त में विशेष सुरक्षा बल लगाया जाएगा। संभावना जतायी कि इस योजना के दूसरे चरण में मंदिर व धार्मिक स्थलों का भी चयन हो सकता है। हालांकि, उन्होंने इसकी निश्चितता पर कुछ नहीं बोला। इसके पूर्व होटल परिसर में पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस मौके पर 26 पीएसी बटालियन के कमांडेंट कुंतल किशोर, डिप्टी कमांडेंट पीएसी राजेश कुमार यादव, एसपी धवल जायसवाल, सीओ पीयूष कांत राय, एसएचओ डॉ. आशुतोष कुमार तिवारी, चौकी प्रभारी दिग्विजय नारायण राय आदि मौजूद रहे।

## एडीजी ने अफसरों संग की बैठक

कसया। कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विशेष सुरक्षा बल तैनात होने हैं। इसी को लेकर प्रदेश के विशेष सुरक्षा बल के एडीजी एलवी एंटनी देवकुमार ने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया। इस दौरान उन्होंने परिसर का भ्रमण कर एक-एक प्वाइंट का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन व एयरपोर्ट अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक भी की।

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर एडीजी एलवी एंटनी देवकुमार बृहस्पतिवार को दोपहर बाद पहुंचे। उनके साथ एसपी धवल जायसवाल, कमांडेंट 26 वीं वाहिनी पीएसी विशेष सुरक्षा बल कुन्तल किशोर एवं डिप्टी कमांडेंट 26 वीं वाहिनी पीएसी राजेश कुमार यादव भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी एयरपोर्ट सुरक्षा, प्रभारी निरीक्षक एयरपोर्ट सुरक्षा तथा एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसी से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# सामाजिक कार्यकर्ता की पिटाई में पांच पर मुकदमा

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व उसकी पत्नी की पिटाई के मामले में पुलिस ने पांच व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जांच में जुट गयी है।

थाना क्षेत्र के पचरुखिया निवासी समाजिक कार्यकर्ता बशीर अहमद ने पुलिस को तहरीर दी है कि बीते 31 अक्टूबर को सुबह वह अपने घोट्ठा पर मवेशियों को चारा खिला रहे थे। इस दौरान दो बाइक पर सवार पांच लोग हाथ में लाठी-डंडा लिए पहुंचे तथा उन्हें गाली देने लगे। वह अभी कुछ समझ पाते कि वे लोग उन्हें बुरी तरह से मारने पिटने लगे। उन लोगों में उनके ही गांव का निवासी सूर्य प्रताप सैनी, कृष्णमुरारी सैनी व विवेक सैनी समेत दो अज्ञात लोग शामिल थे। मारपीट की घटना सुनकर जब उनकी पत्नी उन्हें बचाने आयी तो इन लोगों ने उसे भी बुरी तरह से पीटा। शोर सुनकर बगल के लोग जब मौके पर पहुंचे तब ये लोग वहां से उनके घर में जाकर तोड़फोड़ किया। लोगों की मदद से घायल अवस्था में उन्हें व उनकी पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फाजिलनगर ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के बाद दिये गये तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है।

# आरोपी पिता की पुलिस से की शिकायत

नेबुआ नौरंगिया। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने जेल से जमानत पर छूटकर आये कुकर्म के आरोपी अपने पिता की शिकायत पुलिस से की है।

उसने आरोप लगाया कि जेल से घर आने के बाद पिता उसे, उसकी पत्नी व बच्चे को मारपीट कर घर से निकालने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस शिकायत की जांच कर रही है। आरोपी पिता ने पिछले वर्ष अपने 13 वर्षीय पुत्र के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने बालक को बरामद करते हुए मामले का खुलासा किया तो पिता के करतूत को जानकर हर कोई दंग रह गया।

पूछताछ में पुलिस को जानकारी दी कि पिता उसके साथ बार-बार कुकर्म कर रहे थे।

# युवक ने सिपाहियों पर लगाया पिटाई का आरोप

**पडरौना।** कप्तानगंज थाना के गजरा निवासी एक युवक ने थाने पर तैनात दो सिपाहियों पर बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा मेडिकल रिपोर्ट के साथ तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि युवक थाने से किसी मामले में जानकारी लेने आया था। यहां मौजूद रहे सिपाहियों नेपीटकर उसे घायल कर दिया। आरोप है कि बिना तहरीर लिए ही एसओ ने पीड़ित से सुलहनामा ले लिया था।

---

### जिला अस्पताल में फर्श पर लेटे घायल मरीज के पास कुत्ता चाट रहा था बिखरा खून, वीडियो हुआ वायरल

# रेफर के बाद घंटों फर्श पर पड़ा रहा घायल

**शर्मनाक**

**कुशीनगर, निज संवाददाता।** कुशीनगर के जिला अस्पताल में घायल युवक के पास कुत्ते का उसके पास बिखरा खून चाटने का वायरल वीडियो डीएम एस राजलिंगम के पास पहुंच गया। उन्होंने वायरल वीडियो की जांच कराई।

पता चला कि एक नवंबर की रात घायल युवक को इमरजेंसी में लाया गया था। यहां से उसे डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया था लेकिन वह काफी देर तक अस्पताल में फर्श पर ही पड़ा रहा और इसी दौरान उसके पास पहुंचा कुत्ता फर्श पर बिखरा खून चाटने लगा।

हकीकत सामने आने के बाद डीएम ने उस रात इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। वहीं ड्यूटी पर तैनात रहे डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई को लेकर डीएम शासन से सिफारिश करेंगे।

**डिप्टी सीएम ने भी वायरल वीडियो का लिया संज्ञान:** सूबे के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी संवेदनहीनता के वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि जिला चिकित्सालय कुशीनगर के इमरजेंसी वार्ड में मरीज के पास कुत्ते के घूमने के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मैंने सीएमओ को इस संदर्भ में जिम्मेदारी निर्धारित की है। इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



कुशीनगर के जिला अस्पताल में घायल मरीज का फर्श पर बिखरा खून चाट रहा कुत्ता।

### इन्हें किया गया बर्खास्त

सीएमएस डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो को जिलाधिकारी ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है। इस तरह के कृत्य से जिला अस्पताल की छवि भी धूमिल हुई। इस मामले में रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात छह संविदाकर्मियों स्टाफ नर्स सुनील कुशवाहा, रामाशीष यादव, वार्ड ब्वॉय विजय बहादुर कुशवाहा, मनहरण शुक्ल, स्वीपर अर्जुन कुशवाहा, मुकेश कुमार को कार्यों के प्रति लापरवाही मानते हुए तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त कर दिया गया है।

- वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर डीएम ने करायी जांच, रिपोर्ट पर की कार्रवाई
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी वीडियो का संज्ञान लिया, रिपोर्ट तलब की




"गुरुवार को वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच कराई गई। इसमें लापरवाही सामने आने पर छह संविदा स्वास्थ्यकर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पर भी कार्रवाई के लिए शासन को लिखा जाएगा।
-एस राजलिंगम, डीएम, कुशीनगर

### दूसरी बार उप मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में घायल युवक के साथ हुई संवेदनहीनता के मामले का पहली बार डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान नहीं लिया है बल्कि इससे पहले भी उन्होंने बाहर की दवा और जांच लिखे जाने के मामले में फाजिलनगर के युवक के ट्वीट का भी संज्ञान लिया था। इस बार मामला पहले से गंभीर है। डिप्टी सीएम ने इस बार सीएमओ से रिपोर्ट तलब किया है।

# अतिक्रमण के शिकायतकर्ता पर हमला

- पुलिस ने तीन आरोपियों पर दर्ज किया केस
- कोर्ट के आदेश पर की गई थी कार्रवाई

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। कसया तहसील क्षेत्र के खेसारी गिदहा गांव में उच्च न्यायालय के आदेश पर खलिहान की जमीन से प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाने के बाद जब पुलिस लौट गयी तब रात में अवैध कब्जा करने वालों ने शिकायतकर्ता पर हमला कर दिया।

उस पर धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। गुरुवार को पीड़ित की शिकायत पर इस मामले में तीन नामजद व चार अज्ञात पर केस दर्ज कर पुलिस ने तीनआरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। खेसारी गिदहा गांव के खलिहान के जमीन पर कई वर्षों से गांव के ही हरिनरायन पुत्र बेचू, रामप्रसाद पुत्र रामधारी कच्ची फूस की मकान बनाकर रह रहे थे। जिसपर गांव के लोगों ने उच्च न्यायालय में अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसील प्रशासन ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंच खलिहान के जमीन से अतिक्रमण हटवा दिया। टीम लौट गयी तो उसके कुछ देर बाद हरिनरायन के परिजनों ने शिकायकर्ता अरविन्द गुप्ता पर हमला कर दिया। उस पर धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद शांत कराने के बाद पीड़ित से तहरीर देने को कहा। अरविन्द के भाई की तहरीर पर गुरुवार को कसया थाने में इस मामले में हरिनरायन के पुत्र मनोज प्रसाद, सतीश प्रसाद, अभिषेक प्रसाद व तीन चार अज्ञात हमलावरों पर बलवा, मारपीट व कातिलाना हमले की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। एसओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# इलाज के दौरान मासूम की मौत, लापरवाही का आरोप

**पडरौना, निज संवाददाता।** नगर में धर्मशाला रोड पर स्थित एक अस्पताल में गुरूवार की देर शाम इलाज के दौरान एक मासूम की मौत हो गयी। इस पर परिजन हंगामा करते हुए डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाने लगे। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बलकुड़िया निवासी एक परिवार ढाई वर्षीय बच्चे के बीमार होने पर उसे नगर के धर्मशाला रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरूवार की देर शाम को बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की हालत और बिगड़ गयी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी। इस पर बच्चे के परिजन हंगामा करते हुए बच्चे के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाने लगे। हालांकि डॉक्टर का कहना है कि बच्चे की हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया था। चौकी प्रभारी अजय पटेल ने फार्मासिस्ट को हिरासत में ले लिए। उन्होंने कहा कि परिजन बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने को राजी नहीं हैं, उनसे बातचीत की जा रही है।

# छात्रों को बताया साइबर अपराध से निपटने का तरीका

**सेवरही :** साइबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आप स्वयं जागरूक रहिए और अपने माता-पिता, अभिभावक व परिचितों को भी जागरूक करिए कि वे अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी किसी को न दें, एटीएम पिन को हमेशा बदलते रहे, ऐसा पिन न रखे जो आसानी से अनुमान लगाया जा सके। यह बातें सेवरही कस्बा चौकी इंचार्ज मंगेश ने कही। वह लोकमान्य इंटरमीडिएट कालेज में पुलिस के तत्वावधान में आयोजित साइबर अपराध से संबंधित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कहा कि किसी भी तरह के आफर व लालच में न आएं।

एसआई अजय पाल ने कहा कि इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर पर काल करें। इस दौरान प्रधानाचार्य उमाशंकर सिंह, शिक्षक तारकेश्वर नाथ तिवारी, राजेश मणि, रोशन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। (जासं)

# लूटपाट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## दोनों ने नशीला पदार्थ स्प्रे कर दो बाइक सवार युवकों को बनाया था शिकार



पकड़े गए अभियुक्तों के साथ पुलिस टीम● जागरण

- गोरखनाथ थाना क्षेत्र के उत्तरी हुमायूपुर के रहने वाले हैं आरोपित ईशान व विश्वजीत

**जासं, पनियहवा :** हनुमानगंज पुलिस ने नशीला स्प्रे फेंक कर लोगों को अचेत करने व उनसे लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गुरुवार को दो बदमाशों गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से जहरीला स्प्रे बरामद हुआ है। इनकी पहचान ईशान अवस्थी व विश्वदीप चक्रवर्ती निवासी उत्तरी हिमायूपुर थाना गोरखनाथ जिला गोरखपुर के रूप में हुई।

प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान की टीम ने सुबह 11 बजे बेलवनिया बंधे के समीप अपाची सवार दो युवकों को देख उन्हें रोका। तलाशी के दौरान युवकों के पास से जहरीला स्प्रे, मोबाइल आदि बरामद हुआ। दोनों ने स्वीकारा कि वे सुनसान जगहों पर बाइक सवार तथा पैदल चल रहे व्यक्तियों पर स्प्रे कर उन्हें अचेत कर नकदी, सामान आदि लूटते हैं।

एक दिन पूर्व बुधवार को मदनपुर देवी दर्शन करने जा रहे दो बाइक पर सवार चार व्यक्तियों को अपना शिकार बनाया था।

एसएचओ ने बताया कि पीड़ित सुनील गुप्ता व विकास गुप्ता निवासी मठिया बुजुर्ग की तहरीर पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश चल रही थी कि गुरुवार को गिरोह के दो बदमाश दबोच लिए गए। पुलिस टीम में दारोगा चंद्रेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल सई मोहम्मद, कांस्टेबल दीपक यादव, विनय यादव व संदीप यादव शामिल रहे।

# एटीएम से 21.54 लाख उड़ाने वाले पकड़ से दूर

- एटीएम से कैश चोरी में जेल जा चुके शातिरों का नहीं मिल रहा लोकेशन
- पूर्व में गोरखपुर व बस्ती में सामने आ चुकीं हैं एटीएम से कैश चोरी की घटनाएं
- कुशीनगर, देवरिया व गोरखपुर के शातिरों ने दिया था घटनाओं को अंजाम

**जासं, तमकुहीराज :** कस्बे के हरिहरपुर वार्ड स्थित एटीएम से 21.54 लाख रुपये की चोरी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। आठवें दिन गुरुवार तक पुलिस किसी नतीजे पर पहुंची नहीं दिख रही। जांच में मिले क्लू के आधार पर हरियाणा, बिहार व नेपाल आदि जगहों पर भेजी गईं टीमें भी कुछ खास उपलब्धि नहीं हासिल कर पाई हैं। उधर गोरखपुर व बस्ती में एटीएम से कैश बाक्स चोरी की सामने आई घटनाओं में शामिल शातिरों का लोकेशन भी ट्रेस नहीं हो पा रहा। उनका मोबाइल बंद बता रहा है। गोरखपुर में एटीएम से कैश चोरी की घटना में गोरखपुर के शाहपुर, कुशीनगर के कप्तानगंज तथा महराजगंज के श्यामदेउरवा क्षेत्र निवासी शातिरों की संलिप्तता उजागर हुई थी। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तमकुहीराज में हुई घटना में भी इनकी भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता। पुलिस टीमें इन शातिरों के बारे में भी जानकारी जुटा रहीं। जानकारों के अनुसार इन शातिरों का पता नहीं चल पा रहा और न ही उनका लोकेशन ही ट्रेस हो पा रहा। पूछताछ में स्वजन भी उनके बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहे। ऐसे में इन शातिरों तक पहुंचने के लिए पुलिस की नजर इनके संपर्क में रहे लोगों पर है।

> टीमें अपने-अपने लक्ष्य पर काम कर रहीं हैं। उम्मीद है कि जल्द ही पुलिस नतीजे पर होगी और चोर गिरफ्त में होंगे।
>
> **धवल जायसवाल,** एसपी

# बच्ची को ढूंढ पर्यटक पुलिस ने स्वजन को सौंपा

**जासं, कुशीनगर :** बुद्ध स्थली कुशीनगर में गुरुवार को एक पांच वर्षीय बच्ची भटक कर अपनों से बिछड़ गई। परेशान स्वजन उसकी घंटों तलाश किए पर बच्ची नहीं मिली। कसया पुलिस को सूचना दी। तीन घंटे में पर्यटक पुलिस ने बच्ची को ढूंढ कर उसके स्वजन को सौंप दिया। एसएचओ कसया आशुतोष तिवारी ने बताया कि रामकोला क्षेत्र के भठहीं बुजुर्ग गांव के अवधेश पासवान की पांच वर्षीय पुत्री अंशिका पासवान रामाभार देवरिया में रिश्तेदारी में आई थी। सुबह वह रिश्तेदारों संग कुशीनगर गई थी। बौद्ध मंदिरों के दर्शन के दौरान बच्ची अचानक अपनों से बिछड़ गई। इसकी जानकारी जब रिश्तेदारों को हुई तो सभी हैरान रह गए। इसकी जानकारी बच्ची के पिता को हुई तो उन्होंने कसया थाने में इसकी सूचना दी। बच्ची के लापता होने की खबर तत्काल पर्यटक पुलिस को दी गई। लगभग तीन घंटे के भीतर पर्यटक पुलिस ने बच्ची को देवरिया मोड़ के पास से ढूंढ कर उसके स्वजन को सुपुर्द कर दिया। बच्ची के मिलने के बाद स्वजन पर्यटक पुलिस को धन्यवाद दिए।

# एसएसएफ के हवाले होगी एयरपोर्ट की सुरक्षा

## अपर महानिदेशक ने किया एयरपोर्ट का निरीक्षण, सुरक्षा को और प्रभावी बनाने पर जोर



कुशीनगर एयरपोर्ट का निरीक्षण करते दाएं से दूसरे विशेष सुरक्षा बल अपर महानिदेशक एलवी .एंटोनी देव कुमार। जागरण

**जासं, कसया:** कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था जल्द ही सिविल पुलिस से हटकर स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) के हवाले हो जाएगी। एसएसएफ के अपर महानिदेशक एलबी. एंटोनी देव कुमार ने गुरुवार को एयरपोर्ट का दौरा कर आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सुरक्षा को और प्रभावी बनाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

अपर महानिदेशक ने एयरपोर्ट तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। एसपी धवल जायसवाल व एयरपोर्ट निदेशक बी. प्रदीप ने अपर महानिदेशक को सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े तथ्यों समेत अन्य जानकारियां दी। महानिदेशक ने टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी, अग्निशमन, रन-वे और बाहरी परिसर, आवागमन के रास्तों व अन्य जरूरी बिंदुओं पर अधिकारियों से फीड बैक लिया। सुरक्षा में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को वायरलेस एवं पीबी जैकेट से लैस रहने के निर्देश दिए। अभी एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था सीओ संजीव कुमार के नेतृत्व में सिविल पुलिस संभाल रही है। सरकार ने पुलिस व पीएसी बल के चुनिंदा जवानों को लेकर गठित एसएसएफ को प्रदेश में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में लगाए जाने का निर्णय लिया है। जिसमें कुशीनगर एयरपोर्ट भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि भविष्य में एयरपोर्ट की सुरक्षा एसएसएफ करेगी। अपर महानिदेशक का दौरा इस क्रम में हुआ था। एयरपोर्ट सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा हुई है। जरूरी जानकारियां साझा की गई हैं।

बैठक में कमांडेंट 26वीं वाहिनी पीएसी कुंतल किशोर, डिप्टी कमांडेंट 26वीं वाहिनी राजेश कुमार यादव, सीओ एयरपोर्ट सीओ पियुषकांत राय समेत एयरपोर्ट अधिकारी शामिल रहे।

## कुशीनगर मंदिर की भी सुरक्षा में तैनात होगी एसएसएफ

**जासं, कुशीनगर :** प्रदेश के एडीजी, विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) एलवी एंटोनी देवकुमार ने कहा कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा एसएसएफ (विशेष सुरक्षा बल) करेगी। अगले चरण में महापरिनिर्वाण बुद्ध की सुरक्षा व्यवस्था को भी दायरे में लिया जाएगा। इसको लेकर केंद्र सरकार से अनुमति मिल गई है। कुशीनगर के साथ गोरखपुर, प्रयागराज, बरेली व गाजियाबाद एयरपोर्ट पर भी तैनाती होगी। तैनात किए जाने वाले बल का प्रशिक्षण नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा दिया जाएगा। वह गुरुवार को कुशीनगर के एक निजी होटल में पत्रकारों से बात्चीत कर रहे थे। एक प्रश्न के उत्तर में एडीजी ने बताया कि अभी पहले चरण में कुशीनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। होटल पहुंचने पर उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। 26 पीएसी बटालियन के कमांडेंट कुंतल किशोर, एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ पीयूष कांत राय, एसएचओ डा. आशुतोष कुमार तिवारी, चौकी प्रभारी दिग्विजय नारायण राय आदि उपस्थित रहे।

## बच्ची को ढूंढ पर्यटक पुलिस ने स्वजन को सौंपा

**जासं,कुशीनगर:** बुद्ध स्थली कुशीनगर में गुरुवार को एक पांच वर्षीय बच्ची भटक कर अपनों से बिछड़ गई। परेशान स्वजन उसकी घंटों तलाश किए पर बच्ची नहीं मिली। कसया पुलिस को सूचना दी। तीन घंटे में पर्यटक पुलिस ने बच्ची को ढूंढ कर उसके स्वजन को सौंप दिया। एसएचओ कसया आशुतोष तिवारी ने बताया कि रामकोला क्षेत्र के भठहीं बुजुर्ग गांव के अवधेश पासवान की पांच वर्षीय पुत्री अंशिका पासवान रामाभार देवरिया में रिश्तेदारी में आई थी। सुबह वह रिश्तेदारों संग कुशीनगर गई थी। बौद्ध मंदिरों के दर्शन के दौरान बच्ची अचानक अपनों से बिछड़ गई। इसकी जानकारी जब रिश्तेदारों को हुई तो सभी हैरान रह गए। इसकी जानकारी बच्ची के पिता को हुई तो उन्होंने कसया थाने में इसकी सूचना दी। बच्ची के लापता होने की खबर तत्काल पर्यटक पुलिस को दी गई। लगभग तीन घंटे के भीतर पर्यटक पुलिस ने बच्ची को देवरिया मोड़ के पास से ढूंढ कर उसके स्वजन को सुपुर्द कर दिया। बच्ची के मिलने के बाद स्वजन पर्यटक पुलिस को धन्यवाद दिए।

# फरार बंदी पर 25 हजार रुपये का इनाम

- तलाश में अयोध्या पहुंची पुलिस, स्वजन से की पूछताछ
- देवरिया, कुशीनगर, अयोध्या जनपद की पुलिस के अलावा जेल पुलिस कर रही तलाश

**जासं, देवरिया :** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से फरार बंदी का तीसरे दिन भी पता नहीं चला। तीन जनपदों की पुलिस के अलावा जेल पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

फरार बंदी प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल अयोध्या जनपद के इनायनत नगर थाना क्षेत्र के गहनो खिहारन बारून बाजार का रहने वाला है। उसने कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में बीते 28 सिंतबर की रात प्रेमिका के भाइयों को फंसाने के लिए दूसरी महिला पूजा (35) की हत्या कर दी थी। 28 अक्टूबर को उसे कुशीनगर की पुलिस ने जिला जेल में दाखिल कराया था।

31 अक्टूबर की शाम को तबीयत खराब होने पर उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के पुरुष वार्ड में भर्ती किया गया था। एक नवंबर की रात करीब आठ बजे वह शौचालय की खिड़की तोड़कर फरार हो गया। जेल प्रशासन की तरफ से टीम गठित रोडवेज, रेलवे स्टेशन के अलावा अन्य संभावित स्थानों पर खोज की गई। उसकी तलाश के लिए जेल पुलिस के अलावा जनपद व कुशीनगर की पुलिस अयोध्या उसके घर पहुंची। पुलिस ने स्वजन से पूछताछ की।

देवरिया, कुशीनगर के अलावा अयोध्या जनपद की पुलिस तलाश में जुटी है। एसपी के निर्देश पर एसओजी टीम भी लगाई गई है। स्वजन, रिश्तेदारों व उसके परिचितों के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाए गए हैं।

एसपी देवरिया संकल्प शर्मा ने कहा कि बंदी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। ठिकाने के बारे में पुलिस ने पता लगा लिया है। उम्मीद है कि जल्द ही वह गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पैमाइश के दौरान बवाल करने वाले तीन सगे भाई भेजे गए जेल

**कसया:** क्षेत्र के खेसारी गिद्दहा गांव में पैमाइश के दौरान बुधवार को बवाल करने वालों तीन सगे भाइयों के विरुद्ध प्रशासन का शिकंजा कस गया है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर शाम को शांति भंग में चालान किया। उप-जिला मजिस्ट्रेट कल्पना जायसवाल ने तीनों को जेल भेजने का आदेश दिया। खलिहान की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। श्रीकांत ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में इसकी शिकायत कर कब्जा मुक्त कराने की मांग की। मारपीट में आरोपित पक्ष के लोग शिकायतकर्ता पर ईंट-पत्थर चलाने लगे। सिर पर चोट आने से शिकायतकर्ता घायल हो गए। टीम की शिकायत पर कसया पुलिस ने आरोपित सगे भाईयों मनोज, सतीश व अभिषेक के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कर लिया। एसएचओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि तीनों को जेल भेज दिया गया है। (जासं)

# बाइक सवार पर जहरीला स्प्रे छिड़कने वाले भेजे गए जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**छितौनी।** युवती सहित दो लोगों पर जहरीला स्प्रे छिड़कने वाले दोनों आरोपी के खिलाफ हनुमानगंज थाने की पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्हें बृहस्पतिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

हनुमानगंज थाने के एसओ रामसहाय चौहान ने बताया कि बुधवार दोपहर में खड्डा थाना क्षेत्र के मठिया निवासी विकास गुप्ता बाइक से अपने परिवारवालों के साथ मदनपुर दर्शन करने जा रहे थे। उसी दौरान थाना क्षेत्र के चलंतवा पुल के समीप छिनैती की नीयत से बाइक से पीछा कर दो युवकों ने जहरीला स्प्रे छिड़क दिया था, जिससे एक युवती सहित दो लोग बेहोश हो गए थे।

स्प्रे छिड़कने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उनके खिलाफ तहरीर मिलने पर देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उन्हें बृहस्पतिवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचना विश्वदीप चक्रवती व ईसान साहब निवासी हुमायूंपुर थाना गोरखनाथ, जनपद गोरखपुर के रुप में हुई है।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगा चालान

## एसपी ने सभी थानों को कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** यातायात माह में नियमों का उल्लंघन करना जेब पर भारी पड़ सकता है। यातायात माह के तहत ट्रैफिक पुलिस के अलावा थानों की पुलिस भी कार्रवाई करेगी। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि ऑनलाइन चालान काटकर जुर्माना वसूल किया जाएगा। इस संबंध में सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं।

यातायात माह नवंबर की शुरूआत एक नवंबर को हुई है। इसके तहत पुलिस लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने में लगी हैं। इसके अलावा यातायात नियम तोड़ने वालों का चालान काटकर कार्रवाई की जा रही है।


यातायात माह में भी कदम-कदम पर टूट रहे ट्रैफिक नियम

तीन नवंबर को प्रकाशित खबर।

हालांकि यह कार्रवाई प्रभावी नहीं है। यातायात माह में भी लोग बेफिक्र होकर वाहन चलाते नजर आ रहे हैं। इस संबंध में बृहस्पतिवार के अंक में अमर उजाला ने पेज नंबर दो पर यातायात माह में भी कदम-कदम पर टूट रहे ट्रैफिक नियम समाचार का प्रकाशन किया है। इसको गंभीरता से लेते हुए एसपी ने जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

*लोगों के सुरक्षित सफर के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी है। नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।*
***– धवल जायसवाल, एसपी***

### कौन सा नियम तोड़ने पर कितना चालान

तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने पर 25 सौ रुपये, बिना हेलमेट के बाइक चलाने पर एक हजार रुपये, तीन सवारी बाइक चलाने पर जुर्माना एक हजार रुपये, बाइक चलाते हुए मोबाइल पर बात करने पर एक हजार रुपये, गलत साइड में वाहन चलाने पर पांच सौ रुपये।

# सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**तमकुहीरोड।** लोकमान्य इंटर कॉलेज सेवरही में बृहस्पतिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई।

**लोकमान्य इंटर कॉलेज सेवरही में बृहस्पतिवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन**

सेवरही कस्बा चौकी प्रभारी मंगेश कुमार मिश्र कहा कि समझदारी से काम लिया जाए तो सोशल साइट्स पर बदनामी के अलावा ठगी से बच जा सकता। यदि कोई भी बदनाम करने की धमकी देता है, तो उससे डरें नहीं, बल्कि साइबर क्राइम सेल या हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करें।

फर्जी फोन कॉल पर भरोसा न करें। इससे ठगी के शिकार हो सकते हैं। कई फोन ऐसे आते हैं, जो स्वयं को बैंक कर्म केवाईसी समेत अ जानकारी जैसे ओटीपी हैं, उन्हें कोई भी जानकारी न दें। इस दौ अजय पाल, रोश अमरनाथ प्रजापति मौजूद रहे।

# एयरपोर्ट की सुरक्षा करेगा विशेष सुरक्षा बल

संवाद न्यूज एजेंसी

## कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का अपर पुलिस महानिदेशक ने किया निरीक्षण

**कसया।** कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सुरक्षा विशेष सुरक्षा बल ( एसएसएफ) करेगी। बृहस्पतिवार को अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल एलवी एंटोनी देव कुमार ने निरीक्षण किया। इसके बाद आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने हवाईअड्डा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को वायरलेस एवं बीपी जैकेट के साथ ड्यूटी करने तथा सुरक्षा कक्ष में रहकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि पर 24 घंटे सतर्क दृष्टि बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

हवाईअड्डे पर प्रत्येक आगंतुक की शालीनतापूर्वक विधिवत चेकिंग करने एवं चेकिंग रजिस्टर अपडेट करने के लिए भी निर्देशित किया। हवाईअड्डे पर नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों के पहचान पत्र से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान हवाईअड्डे की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित जानकारी वहां मौजूद एयरपोर्ट सुरक्षा एजेन्सी से भी प्राप्त की गई।

इस दौरान एसपी धवल जायसवाल, कमांडेंट 26वीं वाहिनी पीएसी/विशेष सुरक्षा बल आईपीएस कुंतल किशोर, डिप्टी कमांडेंट 26वीं वाहिनी पीएसी राजेश कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अस्पताल से फरार हत्यारोपी पर 25 हजार का इनाम

**देवरिया।** जिला अस्पताल से फरार हुए हत्यारोपी प्रवीन का सुराग लगाने के लिए जिले के साथ ही कुशीनगर, अयोध्या और जेल की पुलिस की टीम जुटी है।

हालांकि, अब तक उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस का मानना है कि उसके कुछ साथियों ने मिलकर साजिश रची है, क्योंकि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में वह नजर नहीं आ रहा है। एसपी संकल्प शर्मा ने फरार बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में 28 सितंबर की रात पूजा (35) की हत्या कर दी गई थी। इस मामले का कुशीनगर की पुलिस ने 28 अक्तूबर को अयोध्या के इनायनत नगर थाना क्षेत्र के गहनो खिहारन बारून बाजार निवासी प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल को गिरफ्तार कर लिया।

घटना में नामजद प्रवीन को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने 28 अक्तूबर को जिला जेल में दाखिल कर दिया था। संवाद

# मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## 31 अक्तूबर को हुई थी मारपीट

### पटहेरवा थाना क्षेत्र के पचरुखिया का मामला

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 31 अक्तूबर को हुई मारपीट व घर में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीन नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ गोलबंद होकर जानलेवा हमला करने, तोड़फोड़, धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के पचरुखिया निवासी बशीर अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। बीते 31 अक्तूबर को सुबह वह अपने घोठा पर मवेशियों को चारा खिला रहे थे कि उसी समय दो बाइक पर सवार पांच लोग पहुंचे। उन्हें गाली देने लगे। उन लोगों ने लाठी डंडा से मारापीटा। मारपीट की घटना सुनकर जब उनकी पत्नी बचाने आयी तो उन्हें भी पीटा।

थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-11-2022

# सोनौली में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद। सोनौली कस्बे में ईओ सोनौली के नेतृत्व में गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसमें सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण सहित मुख्य मार्ग पर बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाया गया। चालान भी काटे गए। इस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में गरमाहट देखी गई।

ईओ सोनौली राजनाथ यादव बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स लेकर भारत-नेपाल सीमा के भारत द्वार से नाली और सड़क के किनारे अतिक्रमण किए लोगों को चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटवाना शुरू किया। इसके कारण कस्बे में अफरा-तफरी का माहौल रहा। सड़कें पूरी तरह से खाली हो गईं। सड़क चौड़ी दिखने लगी। कार्रवाई के दौरान मौजूद नहीं रहने वाले वाहन स्वामियों के वाहनों को पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी पर लोड कर कोतवाली ले गयी।

इस दौरान उन्होंने बताया कि जाम के मद्देनजर नाली और पटरी से अस्थाई अतिक्रमण हटवा दिया गया है, ताकि यात्रियों को असुविधा ना हो। व्यापारी नेता सुभाष जायसवाल ने कहा कि नगर पंचायत कस्बे में कहीं भी पार्किंग नहीं बनावाया है। न ही सड़क के किनारे कही भी लाइनिंग बनाई गई है, जहां ग्राहक अपने वाहन खड़ा कर सकें। अपनी नाकामी छिपाने के लिए जबरजस्ती अतिक्रमण के नाम पर दहशत फैलाया गया है। बहुत से नेपालियों के वाहनों को भी अतिक्रमण के नाम पर उठा लिया गया। इससे बुरा असर पड़ेगा। इस दौरान सोनौली कोतवाल महेंद्र कुमार यादव, चौकी प्रभारी मनीषा सिंह सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

# चरस तस्करी मामले में नेपाली महिला को 10 साल की कैद

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली में वर्ष 2017 में 6 किलो 400 ग्राम चरस बरामदगी के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने इस मामले में जानकी कामी उर्फ कविता को दोषी पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही कुल दो लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार तत्काली उप निरीक्षक सोनौली रामप्रकाश सिंह ने 11 जून-17 को सीमा पर जांच के दौरान शक होने पर एक नेपाली महिला को रोका।

पूछताछ में उसने अपना नाम जानकी कामी उर्फ कविता पत्नी खेम बहादुर काफी उर्फ सागर निवासी गजेड़ी मजवा थाना बुटवल-नेपाल बताय।

# चरस तस्करी मामले में नेपाली महिला को 10 साल की कैद

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली में वर्ष 2017 में 6 किलो 400 ग्राम चरस बरामदगी के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने इस मामले में जानकी कामी उर्फ कविता को दोषी पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही कुल दो लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार तत्काली उप निरीक्षक सोनौली रामप्रकाश सिंह ने 11 जून-17 को सीमा पर जांच के दौरान शक होने पर एक नेपाली महिला को रोका।

पूछताछ में उसने अपना नाम जानकी कामी उर्फ कविता पत्नी खेम बहादुर काफी उर्फ सागर निवासी गजेड़ी मजवा थाना बुटवल-नेपाल बताय।

# तीन के खिलाफ मारपीट का केस

**नौतनवा।** नौतनवां क्षेत्र के ग्राम पैसिया बाबू निवासी शुभम सिंह ने गुरुवार को स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर गांव के कुछ व्यक्तियों पर धारदार हथियार से मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

मामले में स्थानीय पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शुभम सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनके एक साथी दिलीप से पट्टीदार में कहासुनी हो रही थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बीज बचाओ करने पर विपक्षी नाराज हो गए और वह उन्हें एक कुल्हाड़ी से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। पुलिस से मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# शेषफरेंदा से सुंडी तक हो रही तस्करी

**जासं, नौतनवा** : नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के शेषफरेंदा गांव से आराजी सरकार उर्फ बैरियहवा गांव के सुंडी व टोला तक करीब 10 किलोमीटर लंबे नो मैंस लैंड क्षेत्र में जमकर तस्करी हो रही है। यहां के दर्जन भर अधिक पगडंडी रास्तों से गेहूं, चावल, धान, चीनी उर्वरक व कपड़ों आदि की खेप नेपाल भेजी जा रही है।

इस क्षेत्र के नोमैंस लैंड की निगरानी एसएसबी की 66वीं बटालियन की है। शेष फरेंदा गांव से सुंडी के आधे गांव का करीब आठ किलोमीटर हिस्सा भारत-नेपाल का सीमाई इलाका है जो सोनौली कोतवाली क्षेत्र में है। इस दूरी के बीच में पड़ने वाले गांव केवटलिया सीमा, शेषफरेंदा गांव के पश्चिमी छोर की पगडंडी, खनुआ गांव के पश्चिमी छोर की पगडंडी रास्ते, कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के मुर्गा फार्म का रास्ता, हरदीडाली का त्रिलोकपुर घाट, हरदीडाली के बड़का टोला के पश्चिम स्थित नोमैंस लैंड का छिपा रास्ता, हरदीडाली का मुर्दहिया घाट व दक्षिण डाली की पगडंडी से भारी पैमाने पर तस्करी हो रही है। यहां पुलिस व एसएसबी के गश्त के दावे फेल होते नजर आ रहे हैं। सुंडी , नौसडिया टोला व आराजी सरकार बैरियहवा के चार पगडंडी रास्तों पर भी तस्करी निर्बाध रूप से जारी है। इक्का-दुक्का तस्करी के सामान की बरामदगी कर एसएसबी अपनी पीठ तो थपथपा लेती है, लेकिन इन दिनों दिन में ही हो रही तस्करी ने एसएसबी, पुलिस व कस्टम विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि सीमा क्षेत्र में तस्करी होना गंभीर बात है। पुलिस को तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए हैं।



हरदीडाली के त्रिलोकपुर घाट से खाद लेकर नेपाल जाते तस्कर ● जागरण

# चरस बरामदगी : नेपाली महिला को 10 वर्ष की सजा

**जासं, महराजगंज:** सोनौली क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर वर्ष 2017 में छह किलो 400 ग्राम चरस बरामदगी के मामले में जानकी कामी उर्फ कविता को दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने 10 वर्ष की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने सश्रम कारावास के साथ ही साथ ही दो लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

सोनौली कोतवाली पुलिस ने नेपाल सीमा पर 11 जून 2017 को शक के आधार पर एक महिला को रोक कर उसका नाम-पता पूछा। उसने अपना नाम जानकी कामी उर्फ कविता पत्नी खेमबहादुर कामी उर्फ सागर निवासी गजेड़ी मजवा, थाना- बुटवल, जिला रुपनदेही, नेपाल बताया। महिला के पास से चरस बरामद हुई थी। विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र उपाध्याय ने सजा की मांग की थी।

# अतिक्रमण हटा कर दुरुस्त की गई यातायात व्यवस्था



सोनौली में अतिक्रमण हटाने के बाद चौड़ा दिखने लगा फुटपाथ • जागरण

**जागरण संवाददाता, सोनौली** : पुलिस व प्रशासन ने गुरुवार को नौतनवा से सोनौली सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग व कस्बा के मुख्य मार्ग पर दुकानदारों का अतिक्रमण हटवाया और यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई। इस दौरान यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहनों का चालान भी हुआ।

जागरण ने गुरुवार के अंक में सोनौली से नौतनवा तक मार्ग पर जाम के कारणों व पुलिस प्रशासन

**जागरण प्रभाव**

की निष्क्रियता को उजागर करते हुए सोनौली से नौतनवा तक यातायात व्यवस्था लचर शीर्षक से प्रकाशित किया था। इसके बाद अधिकारी सक्रिय हुए।

अधिशासी अधिकारी राजनाथ यादव, थानाध्यक्ष महेंद्र यादव व चौकी प्रभारी मनीषा सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कराया गया।

# खाद बरामदगी मामले में पांच पर मुकदमा

**जासं, महराजगंज**: दीपावली के एक दिन पूर्व निचलौल के रेंगहियां गांव में बरामद हुई 413 बोरी यूरिया खाद के मामले में निचलौल थाने की पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार की जांच के बाद हुई है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 23 अक्टूबर को निचलौल के उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश मिश्र और पुलिस उपाधीक्षक सूर्यबली मौर्य की टीम ने रेंगहियां गांव में छापेमारी कर चार घरों से 413 बोरी यूरिया खाद बरामद की थी। जांच में यह लोग खाद से संबंधित कागजात नहीं दिखा सके थे। यह भी पता चला कि खाद तस्करी के लिए रखी थी। इस मामले में डुमरी इंटहिया निवासी जितेंद्र यादव, सुनील यादव व संतोष के अलावा रेंगहियां निवासी शमसुद्दीन और मोनू साहनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। निचलौल के पुलिस उपाधीक्षक सूर्यबली मौर्य ने बताया कि खाद की कालाबाजारी के मामले में सभी पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

**नो मैंस लैंड के पास से 14 बोरी लावारिस यूरिया बरामद**: ठूठीबारी : लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचर्ज शैलेश प्रताप ने नो मैंस लैंड के पास से नेपाल भेजी जाने वाली लावारिस 14 बोरी यूरिया खाद बरामद की है। उन्होंने बरामद बोरियों को ठूठीबारी कस्टम को सुपुर्द कर दिया है। हेड का. प्रभाकर सिंह, सतीश खरवार आलोक यादव, कांस्टेबल माणिकचंद, सिवान मिश्रा मौजूद रहे।

## देउरवा गांव में खाद की तीन दुकानें सीज

**जासं, निचलौल**: ग्राम पंचायत देउरवा में जांच के बाद कृषि विभाग ने तीन खाद की दुकानें सीज कर दिया है। इन दुकानों पर आरोप है कि इनके स्टाक रजिस्टर पूर्ण नहीं थे। वहीं निर्धारित स्थान के अलावा दूसरे स्थान पर खाद को स्टाक किया गया था। जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया इन दुकानों को सीज कर इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है।

# वारंटी गिरफ्तार

**पनियरा :** पनियरा थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि हरेंद्र निवासी मौलागंज के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत है। यह काफी दिनों से फरार था। उसके विरुद्ध दीवानी न्यायालय ने वारंट जारी हुआ था। (जासं)

# चौकी प्रभारी ने की कार्रवाई

**भिटौली :** डेरवा टोला डेरिया निवासी ईदू के विरुद्ध भिटौली चौकी इंचार्ज राजीव तिवारी 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की। उसके ऊपर कोतवाली में पशु क्रूरता और गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत है। (जासं)

# 95 बोतल नेपाली शराब बरामद

**जासं, नौतनवा**: पुलिस ने छपवा गांव से एक युवक को 95 बोतल नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नौतनवा सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपित इंदल प्रसाद निवासी हमीद नगर थाना नौतनवा पर कार्रवाई की गई है।

**मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा**: नौतनवा : बाबू पैसिया गांव में सोमवार को दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने विकास, विनय यादव व मकोधर पर मुकदमा दर्ज किया है।

# रिलीव न होने पर आठ पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**जासं,महराजगंज**: पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने 17 अक्टूबर को विभाग में फेरबदल किया था। इसमें निचलौल थाने के आठ कांस्टेबलों का स्थानांतरण हुआ था। इसके बाद भी यह रिलीव नहीं हुए।

इस पर एसपी ने कांस्टेबल सोनू यादव, पंकज यादव, रोहित यादव ,अभय नाथ यादव, दीपक सिंह कुशवाहा ,अखिलेश यादव, कृष्ण प्रताप सिंह व अमित गुप्ता को लाइन हाजिर कर दिया।

# चोरी के मामले में जेल भेजा गया आरोपित

**जासं, नौतनवा** : नानक नगर वार्ड में एक आभूषण की दुकान में घुसकर चोरी के मामले में हिरासत में लिए गए आरोपित को पुलिस के गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में प्रस्तुत किया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नौतरवा थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि नानक नगर वार्ड निवासी दिलीप वर्मा ने तहरीर में बताया कि उनकी दुकान पर ग्राहक बनकर आया युवक चोरी कर भाग रहा था। जिसको पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से चांदी की तीन जोड़ी पायल व सोने का एक जोड़ी झुमका बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपित संजय सोनी निवासी वजीरगंज थाना, जनपद गोंडा पर दुकान में घुसकर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चरस रखने में नेपाली महिला को 10 वर्ष सश्रम कारावास

**महराजगंज।** जिले के थाना सोनौली क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर वर्ष 2017 में छह किलो 400 ग्राम चरस बरामदगी के मामले में जानकी कामी उर्फ कविता को दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने दस वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। दो लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

जानकारी के अनुसार तत्कालीन उपनिरीक्षक थाना सोनौली राजप्रकाश सिंह ने भारत-नेपाल सीमा पर 11 जून .2017 को जांच के दौरान शक होने पर एक महिला का रोक कर पूछताछ की। उसने अपना नाम जानकी कामी उर्फ कविता निवासी गजेड़ी मजवा, थाना- बुटवल, जिला- रूपनदेही, नेपाल बताया। महिला आरक्षी से जांच कराने पर उसकी कमर में कपड़े से बांधा हुआ चरस बरामद हुआ। जिसका वजन 6.400 किग्रा पाया गया। विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप-पत्र प्रेषित किया गया। विशेष लोक अभियोजक राधवेंद्र उपाध्याय ने दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर यह सजा सुनाई। संवाद

# संदिग्ध हाल में पुजारी की मौत

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के हसखोरी महुअवा में काली मंदिर के पुजारी पल्टू निषाद (72) की मंदिर परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, सीओ सदर अजय सिंह चौहान पहुंचे। आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, पल्टू निषाद (72) निवासी हसखोरी महुअवा टोला पिपरहिया दो वर्ष गांव में स्थित काली मंदिर पर पुजारी थे। वह बीमार थे। बुधवार रात में मंदिर से बाहर नित्यक्रिया के लिए निकले थे। गांव के कुछ लोग सुबह मंदिर में पूजा के लिए गए थे तो देखा कि परिसर में पुजारी का शव पड़ा है। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। संवाद

# चोरी के आरोपी का चालान

**नौतनवां।** नगर में एक ज्वेलर्स की दुकान में चोरी के आरोप में पुलिस एक व्यक्ति के खिलाफ केस पंजीकृत कर चालान कर दिया। नौतनवां कस्बा के वार्ड नंबर 22 जानकी नगर निवासी दिलीप वर्मा की ज्वैलर्स की दुकान है। एक व्यक्ति दुकान से तीन जोड़ी पायल तथा एक जोड़ी झुमका चुराकर भाग रहा था। दुकानदार दिलीप वर्मा ने चोर को पकड़ लिया। संवाद

# तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र के गांव पैसियां बाबू में दो पक्षों में हुई मारपीट के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एक पक्ष के शुभम सिंह की तहरीर पर दूसरे पक्ष के मकोधर यादव, विनय यादव तथा विकास के खिलाफ मारपीट करने तथा अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने दी। संवाद

# 95 शीशी नेपाली शराब बरामद

**नौतनवां।** एसएसबी तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति के पास से 95 शीशी नेपाली शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर दिया। आरोपी इन्दल प्रसाद वार्ड नंबर तीन हमीद नगर परसोहियां मुहल्ला नौतनवां को चालान किया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने दी। संवाद

# नो मेंस लैंड के पास 14 बोरी यूरिया बरामद

**ठूठीबारी।** नेपाल खाद तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर मौके का फायदा उठाते हुए यूरिया एवं डीएपी सरदह पार करा दे रहे हैं। बृहस्पतिवार को लक्ष्मीपुर गांव के पास नो मेंस लैंड के करीब 14 बोरी यूरिया पुलिस ने बरामद की।यह जानकारी लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज शैलेश प्रताप ने दी। संवाद

# उर्वरक की तीन दुकानें सील, 15 नमूने लिए

## जिला कृषि अधिकारी ने कमियों को पाते हुए दुकानों को किया सील

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कृषि के ऐन मौके पर उर्वरक की बढ़ती मांग को देखते हुए कृषि विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है। जिला कृषि अधिकारी ने जहां खाद की तीन दुकानों को सील कर दिया, वहीं चार टीमों की ओर से कुल 15 नमूनों को भी एकत्र किया गया है। एकत्रित नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि ई-पॉज मशीन व स्टाक में अंतर मिलने, लाइसेंस में निर्धारित चौहद्दी से दूर उर्वरक का भंडारण किए जाने की स्थिति पाए जाने पर निचलौल क्षेत्र के देउरवां में तीन दुकानों को सील कर दिया गया है।

वहीं उन्होंने व सहायक निबंधक सहकारिता ने उर्वरक के दस, जिला कृषि रक्षा अधिकारी हिमांचल सोनकर ने एक तथा भूमि संरक्षण अधिकारी रविशंकर पांडेय व उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी राजेश कुमार ने उर्वरक के दो-दो नमूनों को एकत्र किया। एकत्र नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, वहां से रिपोर्ट आने के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



लक्ष्मीपुर खुर्द गांव से 14 बोरी लावारिस यूरिया पुलिस ने बरामद किया। संवाद

### जनसुनवाई पोर्टल पर हुई शिकायत

**सिन्दुरियां।** क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत मिठौरा निवासी अंशुमान कुमार ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है। एक मेठ के अंकपत्र में गड़बड़ी होने का आरोप लगाकर जांच की मांग की। संवाद

### डीएपी के लिए उमड़ी किसानों की भीड़

**परसा मलिक।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे पर स्थित साधन सहकारी समिति लिमिटेड बैकुंठपुर में बृहस्पतिवार को डीएपी खाद के लिए किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के किसान सुबह से ही खाद के लिए समिति पर पहुंचे। किसानों ने कहा कि खाद मिलने से बुआई में सहूलियत होगी। भीड़ होने के कारण थोड़ी परेशानी हुई। किसान रमेश कुमार, रामनरेश, सवारे यादव ने बताया कि खेत पहले खाली हो गया था। इसके बाद खाद समय से नहीं मिलने के कारण बुआई पिछड़ गई है। सचिव धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 300 बोरी डीएपी समिति पर आयी है। जरूरतमंद किसानों को खतौनी के आधार पर डीएपी दी जा रही है। संवाद

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-11-2022

# पुलिस मुठभेड़ में दोशातिर लुटेरे गिरफ्तार

**लूट की टयोटा इटियास व तमंचा भी हुआ बरामद**

**एसओजी केसाथ हर्रैया पुलिस को मिली कामयाबी**

**बस्ती (एसएनबी)।** बीते तीस अक्टूबर कोज्ञानेश सिंह नामक युवक की कार व मोबाइल को बभनान रोड से लूटकरफरार हो जाने वाले दो शातिर चोरों को जिले की एसओजी व हर्रैया पुलिस नेमुठभेड़ के दौरान गुरुवार कोबेलाड़े शुक्ल मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूटी गयी कारटयोटा इटियास व अवैध तमंचा केअलावा मोबाइल भी बरामद किया गया है।



घटना का खुलासा करते एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी।

पुलिस कार्यालय में अखबार नवीसो से रूबरू अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि बीते दिनोंज्ञानेश सिंह पुत्र माधव सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर पोस्ट रसूलपुर (कुर्सी) थाना घुघटेर जनपद बाराबंकी द्वारा थाना हर्रैया जनपद बस्ती पर लिखित सूचना दिया कि वह अपनी कार टोयोटा इटियास गाड़ी संख्या यूपी-32ईएच/4807 का मालिक व चालक भी है। । 29 अक्टूबर कोदो व्यक्ति जिसमेसे एक व्यक्ति ने अपना नाम राजेश कुमार बताकर लखनऊ से पड़रौना के लिए 10 रुपये प्रति किलीमीटरके हिसाब से बुक कराकर दोनों व्यक्ति गाड़ी में बैठकर निकले थे। वाहन कोज्ञानेश सिंही चला रहा था। रास्ते मे उसे बताया गया कि बभनान रोड से मौसा कोसाथ लेना है। जब हम लोग हर्रैया पहुंचे तो बभनान रोड पर चलने को कहा। बभनान रोड पर कुछ दूर जाने पर जबरन धमकी देकर व कट्टा दिखाकर धमकी देकर मेरी गाड़ी व मेरा मोबाइल छीन लिये तथा गाड़ी लेकर फरार हो गये। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच केलिए टीम का गठन किया गया। तीन नवम्बर कोभोर में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश कुमार सिंह व एसओजी प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय को मुखबिर ने सूचना दिया कि लूटी गयी इटियास गाड़ी से लुटेरे रामजानकी मार्ग होते हुए विशेषरगंज सेबेलाड़े शुक्ल की तरफ आने वाले रोड से हाइवे की तरफ जाने की फिराक में है। सूचना परपुलिस टीम ने जब घेरेबंदी की तोगाड़ी मे मौजूद दो बदमाश बेलाड़े शुक्ल मोड़ के पहलेगाड़ी रोककर भागनेलगे। पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तोएक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए बदमाशोंकी पहचान प्रतीक मौर्या पुत्र इन्द्रजीत मौर्यानिवासी कटरिया याकूबपुर थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर व रामू कुमार पुत्र सोहन लाल कोनिवासी जोलहिया थाना कोतवाली अकबरपुर अम्बेडकरनगर के रूप में की गयी। इनके कब्जे सेलूट की टोयटा इटियास कार,एक अवैध तमंचा बारह बोर, एक जिंदा व खोखा कारतूस व दो लूट की मोबाइल बरामद की गयी। पकड़े गये लुटेरों के विरुद्ध थाने में धारा 307 आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बदमाश प्रतीक मौर्यका आपराधिक इतिहास भी रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मेंप्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश कुमार सिंह ,प्रभारी एसओजी टीम बस्ती उप निरीक्षक रोहित कुमार उपाध्याय,प्रभारी सर्विलांस सेल बस्ती उप निरीक्षक शशिकांत, हेड का.कामेश्वर पाण्डेय, आरक्षी विश्वजीत विश्वकर्मा थाना हर्रैया शामिल रहे।

# पुलिस ने की धारा 82 की कार्यवाही

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** न्यायालय के आदेश के अनुपालन में वाल्टरगंज पुलिस ने न्यायालय में उपस्थित न होने पर अभियुक्त के घर पहुंचकर धारा 82 की कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा किया मामला बांधना थाना क्षेत्र के नन्दा पुर का है।मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय एसी जे एम द्वितीय द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 121/22 धारा 363 ,366 ,506 आईपीसी में गोली उर्फ अजीत पुत्र निसार निवासी नन्दा पुर थाना वाल्टरगंज जिला बस्ती के विरुद्ध न्यायालय में उपस्थित न होने पर आदेश जारी किया है। इसके अनुपालन में थानाध्यक्ष और मुकदमेंकेविवेचक योगेश कुमार सिंह के अभियुक्त के घर पहुंच कर डुग्गी मुनादी करते हुए नोटिस चस्पा किया जिसमें अभियुक्त कोएक माह के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने की जानकारी दिया है।

# जिले में 31 दिसम्बर तक धारा 144 लागू

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर जिला मजिस्ट्रेट कमलेश चन्द्र ने पूरे जनपद में जनहित में तत्काल प्रभाव से 31 दिसम्बर तक धारा 144 का प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि विभिन्न त्यौहार एवं परीक्षाए होनी है, यथा 8 नवम्बर को गुरू नानक जयंती, 24 नवम्बर को गुरू तेगबहादुर, 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह जयंती, 25 दिसम्बर को क्रिसमस-डे एवं 29 दिसम्बर को गुरू गोविन्द सिंह जयंती है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा कोविड-19 के प्रोटोकाल का अनुपालन करने के साथ ही जनपद में होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए यह आदेश लागू किए गये है। इसका उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 व आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 की धारा-51 से 60 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिबन्धित/अवैध अस्त्र-शस्त्र जैसे आग्नेयास्त्र, बन्दूक, पिस्टल, राइफल, रिवाल्वर, तलवार, कटार, गुप्ती, चाकू, लाठी, स्टिक, भाला, बरछा, फरसा, गड़ासा एवं किसी भी प्रकार का विस्फोटकर पदार्थ जैसे-हथगोला, बारूद, तेजाब आदि लेकर नही चलेगा।

उन्होंने कहा कि लाइसेंसी शस्त्र धारको को खुलेआम शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबन्धित किया गया है। कोई भी व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के विपरीत ध्वनि विस्तारण यंत्रों का प्रयोग नही करेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों एवं परीक्षको तथा परीक्षा संचालन से संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति प्रवेश नही करेगा। कोई भी व्यक्ति अनुचित मुद्रण अथवा प्रकाशन द्वारा परीक्षार्थियों को गुमराह नही करेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास ध्वनि विस्तारण यंत्रों का प्रयोग तथा परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है। उन्होने कहा कि राजनीतिक दलों-धार्मिक संगठनों तथा समस्त विभागों के समस्त सरकारी सेवको तथा मान्यता प्राप्त संघ-महासंघ-परिसंघ को धरना, सांकेतिक प्रदर्शन अथवा हड़ताल का आयोजन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा, जिससे किसी जाति विशेष अथवा धर्म विशेष व्यक्तियो को आघात पहुँचे तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था कुप्रभावित हो । उन्होंने बताया है कि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों, सिक्ख समुदाय के धार्मिक हथियार के रूप में धारण करने, बूढे-दिव्यांग केछड़ी-लाठी का प्रयोग करने, शव यात्रा, वैवाहिक कार्यक्रम करने वाले लोगो पर लागू नही होगा किन्तु ध्वनि विस्तारक यत्रों के प्रयोग के लिए पूर्व अनुमति लेनी होगी।

# मानीटरिंग सेल के काम पर लगायी फटकार

## समीक्षा बैठक

**बस्ती (एसएनबी)।** परिक्षेत्र के जनपदों के न्यायालय सम्मन सेल-मानीटरिंग सेल-सम्मन सेल प्रभारियों के साथ डीआईजी ने समीक्षा बैठक किया। प्रभावी मानीटरिंग के सम्बन्ध में जनपदों के मानीटरिंग सेल के प्रभारियों को उसके बारे में पूरी जानकारी न होने पर असंतोष प्रकट करते हुये प्रभारियों को कड़ी फटकार लगायी। पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरकेभारद्वाज द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय केसभागार में परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के न्यायालय सम्मन सेल-मानीटरिंग सेल-सम्मन सेल के अधिकारी-कर्मचारीगण के साथ समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक के दौरान जनपद बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर के अधिकारी-कर्मचारीगण से परिचय प्राप्त किया गया।



समीक्षा बैठक करते पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भारद्वाज।

परिक्षेत्र के जनपदो के मानीटरिंग सेल में जनपद स्तर पर टप-10 अपराधियों-माफियाओं के मुकदमें की मानीटरिंग के सम्बन्ध में अधिकारी-कर्मचारियों से पूछताछ किया गया। ऐसे अभियोग जो न्यायालय-उच्चाधिकारीगण द्वारा चिन्हित व पर्यवेक्षण किये जा रहेंमामलों के सम्बन्ध में भी चर्चा किया गया। प्रभावी मानीटरिंग के सम्बन्ध में जनपदों के मानीटरिंग सेल के प्रभारियों को उसके बारे में पूरी जानकारी न होने पर असंतोष प्रकट करते हुये प्रभारियों को कड़ी फटकार लगायी तथा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। परिक्षेत्र के जनपदों के न्यायालय सम्मन सेल के अधिकारी-कर्मचारीगण को सम्मन वारण्ट, नोटिस के तामिला के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। जिसमें सभी जनपदों के प्रभारियों को सख्त हिदायत दी गयी। न्यायालय सम्मन सेल के तामिला में जिस जनपद में कर्मचारी तामिला हेतु जायेगा तथा जनपद का आने जाने के सम्बन्ध में पूरा विवरण तैयार करेंगेतथा मुझे विवरण प्राप्त कराएंगे। परिक्षेत्र के जनपदों के पुलिस कार्यालय के सम्मन सेल के अधिकारी-कर्मचारीगण की समीक्षा की गयी जिसमें सम्मन तामिला की स्थिति संतोषजनक नही पायी गयी। सभी प्रभारियों को हिदायत दी गयी कि भविष्य में पुनरावृत्ति न की जाय। न्यायालय द्वारा जारी किये गये सम्मन वारण्ट का पूरा विवरण अपने रजिस्टर में अंकित करने के उपरान्त ही सम्बन्धित थाने व जनपद में भेजा जाय। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न किया जाय। इस दौरान परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के मानीटरिंग सेल-न्यायालय सम्मन सेल-सम्मन सेल के प्रभारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के वाचक उपनिरीक्षक रमेश कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत

बस्ती। विश्व हिन्दू महासंघ ने एसडीएम सदर को ज्ञापन देकर मेडिकल कॉलेज जाने वाली सड़क पर अतिक्रमण को रोकने की मांग की। अखिलेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया।

# कोर्ट के आदेश पर चार पर केस दर्ज

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में चार लोगों पर केस दर्ज किया है।

इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला का आरोप है कि इसी थाना क्षेत्र के अवधेश, रामचंद्र समेत चार लोगों ने उनकी बेटी के साथ छेड़खानी की। शिकायत करने पर जातिसूचक व अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मांगों को लेकर भाकियू ने दिया धरना

बस्ती। भारतीय किसान यूनियन अंबावत गुट सदर तहसील परिसर में सात सूत्रीय मांग को लेकर धरना दे रहा है। भाकियू नेताओं का कहना है कि मांग पूरा होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस बाबत सात सूत्रीय मांग पत्र भी तहसील के अधिकारियों को सौंपा है। जिलाध्यक्ष डॉ. पतिराज निषाद की अगुवाई में जुटे कार्यकर्ताओं ने नगर थाने में भाकियू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी, कुदरहा में कार्यकर्ता के जमीनी विवाद सहित अन्य मुद्दे को उठाया गया है।

# लड़की के साथ अभद्रता, केस

बस्ती। कोर्ट के आदेश पर छावनी पुलिस ने आनंद प्रताप समेत आठ के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता तीन अगस्त 2022 को वह अपने पिता के साथ स्कूटी से जा रही थी। तभी बोलेरो ने स्कूटी में ठोकर मार दी। विरोध करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार कर धमकाया।

# वरिष्ठता सूची जारी करने को लेकर शिक्षकों का धरना कल

बस्ती, निज संवाददाता। प्राथमिक शिक्षक संघ की गुरुवार को प्रेस क्लब सभागार में हुई। बैठक में शिक्षक समस्याओं के निराकरण पर चर्चा करने के साथ ही संघ की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान ब्लॉक स्तर पर तेज करने, शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने, बकाया बिलों के भुगतान कराने आदि पर निर्णय लिया गया।

संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने बताया कि 5 नवम्बर को शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए दिन में 12 बजे से सभी बीआरसी केन्द्रों पर धरना देकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष कहा कि शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने के लिए कई बार बीएसए से आग्रह किया गया और ज्ञापन भी दिए गए। लेकिन अभी तक सूची का प्रकाशन न किए जाने से शिक्षकों के पदोन्नति की प्रक्रिया बाधित है। यदि मांगे शीघ्र न मानी गई तो बीएसए कार्यालय पर भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# साल के आखिरी दिन तक धारा 144 लागू

बस्ती। एडीएम कमलेश चन्द्र ने जिले में तत्काल प्रभाव से 31 दिसम्बर तक धारा 144 का प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है। आठ नवम्बर को गुरू नानक जयंती, 24 नवम्बर को गुरु तेगबहादुर, 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह जयंती, 25 दिसम्बर को क्रिसमस-डे एवं 29 दिसम्बर को गुरू गोविन्द सिंह जयंती है।

# दहेज उत्पीड़न पर चार पर एफआईआर

बस्ती। सोनहा थाने में तहरीर देकर एक बेईली निवासी समा परवीन पत्नी सफीक अहमद ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग को लेकर उन्हें ससुराल में प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति सफीक अहमद के अलावा जैनब खातुन, रकीफ अहमद और हमीद अहमद के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# कल आएंगे कांग्रेस के जिला प्रभारी

बस्ती। कांग्रेज के जिला प्रभारी विरेन्द्र चौधरी का आगमन पांच नवम्बर को बस्ती में होगा। उनका स्वागत होगा। पार्टी दफ्तर पर बैठक करेंगे। कर्मराज यादव ने कहा निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के साथ ही 2024 लोकसभा की तैयारी होगी।

बैठक में देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रेमशंकर द्विवेदी, नर्वदेश्वर शुक्ल, ज्ञानेन्द्र पांडेय ज्ञानू, विश्वनाथ चौधरी, विपिन राय, सूर्यमणि पांडेय, नोमान अहमद, कुंवर जीतेन्द्र सिंह, अवधेश सिंह, साधूसरन आर्य आदि मौजूद रहे।

# मॉनिटरिंग सेल प्रभारियों को डीआईजी ने फटकारा

**चेतावनी**

**बस्ती, निज संवाददाता।** बस्ती रेंज कार्यालय पर गुरुवार को डीआईजी आरके भारद्वाज ने बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर जनपद के न्यायालय सम्मन सेल, मॉनीटरिंग सेल, सम्मन सेल प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीआईजी ने विभिन्न मुकदमों की पैरवी के बारे में जानकारी मिली तो मानीटरिंग सेल के प्रभारी पूरी जानकारी नहीं दे पाए।

इस पर असंतोष व्यक्ति करते हुए उन्होंने कड़ी फटकार लगाई। सभी प्रभारियों को इसकी पुनरावृत्ति न करने की चेतावनी दी गई है। समीक्षा बैठक के दौरान डीआईजी ने टॉप-10 अपराधियों व माफियाओं के मुकदमे की मॉनिटरिंग के सम्बन्ध में पूछताछ की। परिक्षेत्र के जनपदों के न्यायालय सम्मन सेल के कर्मियों को सम्मन, वारण्ट, नोटिस के तामिला के सम्बन्ध में समीक्षा की। जिसमें सभी जनपदों के प्रभारियों को सख्त हिदायत हिदायत दी गई कि न्यायालय सम्मन सेल के तामिला में जिस जनपद में कर्मचारी तामिला के लिए जाएगा, उसके आने जाने के सम्बन्ध में पूरा विवरण तैयार करके डीआईजी को सौपेंगे। मॉनिटरिंग सेल में जनपद स्तर पर टॉप-10 अपराधियों/ माफियाओं के मुकदमे की मॉनिटरिंग के बारे में पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिला। न्यायालय से जारी सम्मन वारण्ट का पूरा विवरण अपने रजिस्टर में अंकित करने के उपरान्त ही थाने व जनपद में भेजें।



परिक्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को रेंज के तीनों जिलों के मॉनिटरिंग सेल के प्रभारी व कर्मियों संग समीक्षा बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज।

## आंबेडकरनगर के हैं दोनों बदमाश, 29 अक्तूबर की रात 12 बजे हर्रैया में गाड़ी लूटकर फरार हो गए थे

# कार लूटने वाले बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**खुलासा**

**बस्ती, निज संवादाता।** लखनऊ के चिनहट से पडरौना जाने के लिए किराए पर वाहन बुक कर रास्ते में लूटने वाले दो बदमाशों को बस्ती की हर्रैया और एसओजी टीम ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 29 अक्तूबर को हर्रैया बभनान रोड पर लूटी गई कार, असलहा व मोबाइल बरामद किया गया है।

एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने पुलिस कार्यालय में गुरुवार को खुलासा किया कि 29 अक्तूबर की रात ज्ञानेश सिंह निवासी मोहनपुर थाना घुघटेर जिला बाराबंकी ने हर्रैया थाने पर सूचना दी थी कि उनकी कार को लखनऊ से दो लोगों ने पडरौना जाने के लिए बुक कराया था। हर्रैया पहुंचने पर उन लोगों ने बभनान रोड पर खड़े अपने मौसा को भी साथ लेने का बहाना बनाकर कार मोड़ने को कहा। बभनान रोड पर लगभग चार किलोमीटर जाने पर गाड़ी छीनकर दोनों फरार हो गए थे। इसके बाद कार चालक/मालिक पैदल थाने पहुंचा। पुलिस ने चोरी और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया, जिसे बाद में लूट की धारा में तरमीम कर दिया गया था। एएसपी ने बताया कि गुरुवार की तड़के प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश कुमार सिंह व प्रभारी एसओजी रोहित कुमार उपाध्याय की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कार लूटने वाले वाहन समेत रामजानकी मार्ग होते हुए विशेषरगंज से बेलाड़े शुक्ल हाइवे की तरफ आने वाले हैं। दोनों टीमों ने बेलाड़े मोड़ के पास कार को घेरने का प्रयास किया तो उसमें मौजूद दोनों बदमाश कार से उतरकर भागने लगे। पुलिस टीम ने उन्हें दौड़कर पकड़ने का प्रयास किया तो उनमें से एक व्यक्ति ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर झोंक दिया। पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में फायर करने वाले की पहचान प्रतीक मौर्य के रूप में हुई। टीम ने मौके से लूटी गई कार के साथ ही आरोपी आंबेडकरनगर जिले के कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र के कटरिया याकूबपुर निवासी प्रतीक मौर्या और जोलहिया निवासी रामू को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ पुलिस टीम पर जानलेवा हमले व आर्म्स एक्ट के तहत एक और मुकदमा कायम किया गया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** : टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेष सिंह, प्रभारी एसओजी रोहित उपाध्याय, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, थाने के हेकां. रामेश्वर पाण्डेय, कां. विश्वजीत विश्वकर्मा, एसओजी के हेकां. अनन्त यादव, कां. करमचंद, साजिद जमाल, गजेन्द्र प्रताप सिंह और सर्विलांस के आरक्षी सतेन्द्र कुमार शामिल रहे।



पुलिस कार्यालय में गुरुवार को कार लूट में गिरफ्तारी का खुलासा करते एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी। ● हिन्दुस्तान

- चिनहट, लखनऊ से पडरौना जाने के लिए दो लोगों ने बुक की थी गाड़ी
- छूटे मोबाइल की लोकेशन के सहारे बदमाशों की तलाश शुरू की थी

### फुटेज व लोकेशन से खुलासे में मिली मदद

एएसपी के अनुसार दोनों आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वह लोग धोखे से किराये का वाहन बुक कराकर राष्ट्रीय राजमार्ग से दूरस्थ स्थान पर ले जाकर डरा धमकाकर वाहन एवं अन्य समान लूट लेते हैं। चालक को धक्का देकर गिरने के बाद कार स्टार्ट कर फरार हो जाते हैं। इनका आपराधिक इतिहास अन्य जनपदों की मदद से पुलिस खंगाल रही है। वारदात के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज व लोकेशन मददगार बनी। हर्रैया में कार लूटने के दौरान वाहन मालिक ज्ञानेश का फोन गाड़ी में ही छूट गया था। वे पैदल ही हर्रैया थाने पहुंचे थे। हर्रैया पुलिस ने कार में छूटे मोबाइल के लोकेशन के सहारे टांडा रोड पर बदमाशों की तलाश शुरू की थी। विक्रमजोत ढाबे पर रुकने के दौरान सीसीटीवी फुटेज को देखा तो दोनों बदमाश दिखाई भी दिए थे।

# वाहन चालकों का डीआईजी कार्यालय से कराएं सत्यापन

**बेसिक शिक्षा विभाग**

- जिला विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय
- बीएसए ने कहा-जिले के 917 में से 259 स्कूली वाहनों का फिटनेस नहीं

बस्ती, निज संवाददाता। जिला विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में विभिन्न निर्णय लिए गए। इसकी जानकारी देते हुए बीएसए डॉ. इन्द्रजीत प्रजापति ने बताया कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों में संचालित वाहनों के चालकों का 50 रुपये ऑनलाइन शुल्क जमा कराकर डीआईजी कार्यालय से सत्यापन अनिवार्य रूप से करा लिया जाए।

उन्होंने बेसिक से मान्यता प्राप्त प्राइमरी व उच्च प्राइमरी स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्यों को पत्र जारी में बताया है कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी स्तर से मिली रिपोर्ट में जनपद में कुल 917 स्कूल वाहन पंजीकृत हैं। इसमें 658 वाहनों का फिटनेस है और 259 वाहनों का फिटनेस नहीं है। मान्यता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को शत-प्रतिशत स्कूली वाहनों का फिटनेस कराने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जो भी बच्चे अपने निजी वाहन से स्कूल आते हैं, उनके ड्राइविंग लाइसेंस व हेलमेट की जरूर जांच कर लें। यदि किसी अभिभावक स्तर से विरोध किया जाता है तो उन्हें बताया जा कि 18 वर्ष पूर्ण किए बगैर अपने बच्चों को स्कूटी या बाइक न चलाने दें। पंद्रह वर्ष की आयु पूरी कर चुके स्कूली वाहनों का पंजीयन निरस्त करा लें। बीएसए ने कहा कि विद्यालय के वाहन सभी मानक पूर्ण कराकर ही संचालित किए जाएं बिना मानक पूर्ण किए किसी भी वाहन का संचालन न किया जाय। निर्देशों का पालन न करने की स्थिति में संबंधित स्कूल के प्रबंधक/ प्रधानाचार्य ही उत्तरदायी होंगे। उन्होंने कहा कि नियमावलियों के प्राविधानों के विपरीत यादि किसी अध्यापक की नियुक्ति या सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाती है तो संबंधित प्रबंधतंत्र के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कड़ी से कड़ी की जाएगी।

www.jagran.com

# बाइक और साइकिल चोरी के मामले में मुकदमा

**बस्ती :** कलवारी पुलिस ने बाइक चोरीर तो कोतवाली पुलिस ने साइकिल चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाने के विरऊपुर के रहने वाले इब्राहिम ने कलवारी पुलिस को बताया कि 1 अक्टूबर को महुआ डाबर में आयोजित मेले से उनकी बाइक किसी ने चोरी कर ली। राजपूत कालोनी भुअर निरंजनपुर के प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात उनकी साइकिल किसी ने चुरा लिया।

# बैनामा के नाम पर हड़प ली रकम, मुकदमा

**बस्ती:** राजाचक गांव निवासी देवी प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जमीन बेचने के नाम पर विपक्षी ने उनसे डेढ़ लाख रुपये ले लिया। इसके बाद दूसरी जमीन का खतौनी लगाकर उन्हें जमीन दिखाया। रकम वापस मांगने पर अपशब्द कहते हुए मारापीटा और जान माल की धमकी दी। पुलिस ने पुराना डाकखाना मोहल्ला निवासी अर्जुन पर मुकदमा दर्ज किया है।

# ससुर पर छेड़खानी का लगाया आरोप, केस दर्ज

**बस्ती:** रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल में उनके साथ ससुर ने छेड़खानी की। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए मारापीटा भी। इतना ही नहीं पति के साथ मिलकर जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में ससुर मंतराम और पति रामजीत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# छेड़खानी के मामले में एक नामजद

**जासं, सोनहा, बस्ती :** सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला से छेड़खानी के आरोप में एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर में बताया कि परिवार भोजन करके सोया था। गांव का एक व्यक्ति बुधवार की रात 12 बजे घर में कूद गया और उनसे छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर उनके पति व बच्चे जगे तो आरोपित भाग निकला। ऐसी हरकत वह दो तीन बार पहले भी कर चुका है। गुरुवार सुबह उलाहना देने पर आरोपित ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# सोने के जेवर हड़पने का आरोप, केस दर्ज

**बस्ती** : रुधौली थाने के छपिया महुवार गांव निवासी छवि पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोग उनका सोने का हार, झुमकी और बिंदिया मांग कर ले गए। इसके बाद उसे अपने पास ही रख लिया। मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली दीक्षा उर्फ काजल मिश्रा, शिवम मिश्रा, विनोद मिश्रा समेत पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# कोर्ट के आदेश पर चार के विरुद्ध मुकदमा

**बस्ती :** दुबौलिया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला का आरोप है कि इसी थाना क्षेत्र के अवधेश, रामचंद्र समेत चार लोगों ने उनकी बेटी के साथ छेड़खानी की। शिकायत करने पर जातिसूचक व अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। (जासं)

# कार लूटने के दो आरोपित गिरफ्तार

## एसओजी और हर्रैया पुलिस की संयुक्त टीम से भोर में हुई मुठभेड़

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** हर्रैया पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गुरुवार की भोर में विशेषरगंज-बेलाडे शुक्ल मार्ग पर मुठभेड़ के बाद कार व मोबाइल लूटने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटी गई कार, दो मोबाइल, एक देसी तमंचा, कारतूस बरामद किया गया। आरोपितों की पहचान प्रतीक मौर्या निवासी ग्राम कटरिया याकूबपुर थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद आंबेडकर नगर व रामू कुमार निवासी जोलहिया थाना कोतवाली थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद आंबेडकर के रूप में हुई।

अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी ने गुरुवार को कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। बताया कि ज्ञानेश सिंह निवासी मोहनपुर थाना घुघटेर जिला बाराबंकी ने हर्रैया थाने पर सूचना दिया था कि वह कार नंबर यूपी 32 एएच 4807 का मालिक एवं चालक है।

बताया कि 29 अक्टूबर को दो व्यक्ति जिसमें एक ने अपना नाम राजेश कुमार बताया था, ने लखनऊ से पडरौना के उनकी कार बुक की थी। कार वही चला रहे थे। बताया कि कार सवारों ने बभनान रोड से अपने मौसा को ले आने की बात कहते हुए कार को बभनान रोड पर ले चलने को कहा। वह उस रोड पर



कार और मोबाइल लूट के आरोपितो के बारे मे जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी •जागरण

चार किलोमीटर चले थे कि आरोपितों ने तमंचा दिखाकर उनकी कार व मोबाइल छीन ली और गाड़ी लेकर फरार हो गए। हर्रैया पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले में लुटेरों को तलाश कर रही थी। इसी बीच भोर में हर्रैया पुलिस और एसओजी टीम ने एक सूचना के आधार पर आरोपितों की घेराबंदी कर बेलाड़े गांव के मोड़ पर मुठभेड़ के बाद उन्हें पकड़ लिया। पुलिस का आरोप है कि आरोपित प्रतीक ने पुलिस टीम पर फायर किया, जिससे बचते हुए पुलिस ने उसे और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया।

**वाहन बुक कराने के बाद देते थे घटना को अंजाम:** पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि वह किराए पर वाहन बुक कराकर फोरलेन से दूरस्थ स्थान पर ले जाकर डरा धमकाकर वाहन एवं अन्य समान लूट लेते हैं। एएसपी ने बताया कि प्रतीक मौर्या व रामू कुमार का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:** कार लूट के आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश कुमार सिंह, प्रभारी एसओजी टीम रोहित कुमार उपाध्याय, प्रभारी सर्विलांस सेल प्रभारी शशिकांत, हेड कांस्टेबल रामेश्वर पांडेय, अनंत यादव, कांस्टेबल विश्वजीत विश्वकर्मा, करमचंद, साजिद जमाल, गजेंद्र प्रताप सिंह, सतेंद्र कुमार शामिल रहे।

# 62 वाहन मालिकों पर लगाया गया 1.35 लाख का जुर्माना



बड़ेवन चौराहे पर ई रिक्शा चालकों को चेतावनी देते टीएसआई कामेश्वर सिंह •जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : यातायात माह के तीसरे दिन बस्ती शहर में कई स्थानों पर वाहनों की चेकिंग कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 62 वाहन मालिकों से 1.35 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

गुरुवार को टीएसआइ कामेश्वर सिंह और उनकी टीम ने शहर के फौव्वारा तिराहा, बड़ेवन चौराहा, रोडवेज तिराहा और अस्पताल चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की। जिन लोगों ने बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाया था, उन्हें रोक कर इसकी उपयोगिता बताई गई। बाद में उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वहीं शहर में चलने वाले ई- रिक्शा पर नंबर प्लेट न लगाने वाले चालकों को चेतावनी दी गई कि शुक्रवार को जिस ई रिक्शा पर नंबर प्लेट नहीं मिलेगा, उसका चालान कर दिया गया जाएगा। टीएसआइ ने बताया कि यातायात माह का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। पंफलेट और स्टीकर के जरिए भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर यातायात कर्मी कृष्णानंद पांडेय, अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

# शस्त्रधारकों को खुलेआम शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध

**जासं, बस्ती :** जिले में तत्काल प्रभाव से धारा 144 का प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया गया है। जो 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट कमलेश चंद्र ने दी। बताया कि नवंबर व दिसंबर में विभिन्न त्योहार एवं परीक्षाएं होनी है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से धारा 144 लागू किया गया है। आठ नवंबर को गुरुनानक जयंती, 24 नवंबर को गुरु तेगबहादुर, 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह जयंती, 25 दिसंबर को क्रिसमस-डे एवं 29 दिसंबर को गुरुगोविन्द सिंह जयंती है।

इसके अलावा कोविड-19 के प्रोटोकाल का अनुपालन करने के साथ ही जनपद में होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए ये आदेश लागू किए गये हैं। इसका उल्लंघन कार्रवाई होगी। लाइसेंसी शस्त्रधारकों को खुलेआम शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंधित किया गया है। कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिबंधित/अवैध अस्त्र-शस्त्र जैसे आग्नेयास्त्र, बन्दूक, पिस्टल, राइफल, रिवाल्वर, तलवार, कटार, गुप्ती, चाकू, लाठी, स्टिक, भाला, बरछा, फरसा, गड़ासा एवं किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ जैसे-हथगोला, बारूद, तेजाब आदि लेकर नहीं चलेगा। परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों एवं परीक्षकों तथा परीक्षा संचालन से संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई प्रवेश नहीं करेगा।



UP-181010 दिनाँक 01.

# दहेज उत्पीड़न के मामले में चार पर मुकदमा

**बस्ती** : सोनहा थाना क्षेत्र के बेईली निवासी सम्मा परवीन पत्नी सफीक अहमद ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दहेज की मांग को लेकर उन्हें ससुराल में प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर अपशब्दों का प्रयोग कर मारपीटा गया तथा जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति सफीक अहमद के अलावा जैनब खातून, रकीफ अहमद और हमीद अहमद पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

# सात लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**बस्ती :** गौर थाने के भटहा जंगल गांव की रहने वाली सुमित्रा देवी ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पहली नवंबर को विपक्षीगणों द्वारा उनके साथ धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचना करके संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से गाटा संख्या 1554 रकबा 0.1580 के स्थान पर रकबा 0.316 हेक्टेयर जमीन का बैनामा करवा लिया। इतना ही नहीं उसे व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रमोद यादव निवासी गोपालपुर थाना पैकोलिया, ध्रुव चंद्र वर्मा समेत सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# सम्मन और मानीटरिंग सेल के कामकाज से डीआईजी असंतुष्ट

## न्यायालय से जारी सम्मन का विवरण थाने व जनपद में भेजने के निर्देश

### परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के प्रभारियों के साथ डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के न्यायालय सम्मन सेल, मॉनीटरिंग सेल, सम्मन सेल का कामकाज संतोषजनक नहीं है। यहां तक कि मानीटरिंग सेल के प्रभारियों को जानकारी ही नहीं है कि उन्हें किन मुकदमों की मानीटरिंग करनी है। बृहस्पतिवार को डीआईजी आरके भारद्वाज ने उनके कामकाज की समीक्षा की तो यह खामी उजागर हुई। इस पर डीआईजी ने सभी प्रभारियों को इसकी पुनरावृत्ति न करने की चेतावनी दी है।

समीक्षा बैठक के दौरान जनपद बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर के संबंधित अधिकारियों व कर्मचारीगण से टॉप-10 अपराधियों व माफियाओं के मुकदमें की मॉनिटरिंग के संबंध में पूछताछ की। परिक्षेत्र के जनपदों के न्यायालय सम्मन सेल के कर्मियों को सम्मन, वारंट, नोटिस के तामिला के संबंध में समीक्षा की। जिसमें सभी जनपदों के प्रभारियों को सख्त हिदायत दी गई।

हिदायत दी गई कि न्यायालय सम्मन सेल के तामिला में जिस जनपद में कर्मचारी तामिला के लिए जाएगा, उसके आने जाने के संबध में पूरा विवरण तैयार करके डीआईजी को सौंपेंगे। तीनों जनपदों के पुलिस कार्यालय के सम्मन सेल की समीक्षा में तामिला की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई।

सभी प्रभारियों को हिदायत दी गई कि भविष्य में पुनरावृत्ति न की जाए। न्यायालय से जारी किए गये सम्मन वारंट का पूरा विवरण अपने रजिस्टर में अंकित करने के उपरांत ही संबंधित थाने व जनपद में भेजा जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

इस दौरान परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के संबंधित सेल के प्रभारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# हेलमेट न सीट बेल्ट, खुलेआम भर रहे फर्राटा

## यातायात माह में भी आंख मूंदे बैठी यातायात पुलिस, उड़ाई जा रहीं नियमों की धज्जियां

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सड़क हादसों को रोकने और दुर्घटना में जनहानि कम होने के मद्देनजर यातायात के नियम सख्त बनाए गए हैं। यातायात माह में इसे लेकर जागरूकता भी फैलाई जा रही है लेकिन, लोग गंभीर होते नहीं दिख रहे हैं।

इन दिनों शहर में सड़क पर तीन सवारी बैठाकर बिना हेलमेट के तमाम लोग फर्राटा भरते नजर नहीं आ रहे हैं। कार में सीट बेल्ट भी लोग नहीं लगा रहे हैं। ऐसे में यातायात माह में भी यातायात पुलिस आंख मूंदे बैठी है।

शहर के कंपनी बाग चौराहे पर बृहस्पतिवार को दोपहर 2:30 बजे चौंकाने वाला नजारा दिखा। यहां एक बाइक पर चार युवा सवार होकर फर्राटा भर रहे थे। उनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं लगाया था। जबकि इसके ठीक बगल स्थित पुलिस बूथ पर कुछ पुलिस कर्मी व सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था में लगे होमगार्ड मौजूद थे।

रोडवेज, दक्षिण दरवाजा, रौता चौराहा आदि से गांधी नगर की तरफ जाने वाले लगभग सभी कारों में बिना सीट बेल्ट लगाए लोग यात्रा कर थे।




:ांधीनगर में बिना हेलमेट लगाकर जाते लोग। संवाद



बाइक पर तीन लोग बैठकर जाते। संवाद

ऑटो चालक जहां मनमाने ढंग से सवारी बैठाते दिखे, वहीं, बेतरतीब खड़े वाहन यातायात को प्रभावित कर रहे थे। रही-सही कसर रेहड़ी वाले पूरी कर रहे थे। इनके चलते जाम की स्थिति बनी रहती है।

टीएसआई कामेश्वर सिंह कहते हैं कि बिना हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाती है। कहते हैं कि हेल्मेट और सीटबेल्ट वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए है। इसे अवश्य लगाना चाहिए।

### अधिनियम में भारी जुर्माने का प्रावधान

अगस्त 2020 में नया मोटर वाहन अधिनियम के लागू होने साथ ही कई गलतियों पर दंड पांच गुना, कुछ मामलों में 10 गुना और कई मामलों में 30 गुना तक बढ़ा दिया गया है। बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर पांच हजार, नशे में वाहन चलाने पर 10 हजार, हेलमेट न पहनने पर पांच सौ की जगह अब एक हजार रुपये जुर्माना हो गया है। दोपहिया पर ओवर लोडिंग पर अब दो हजार रुपये जुर्माना या तीन महीने तक लाइसेंस सस्पेंड रखने का नियम है। सीट बेल्ट न लगाने पर सौ की जगह अब एक हजार रुपये लिए जाए। ड्राइविंग के दौरान फोन पर बात करने पर अब पांच हजार रुपये और ओवर स्पीड पर एक से दो हजार जुर्माना है। इंश्योरेंस न होने पर पहली बार दो हजार रुपये जुर्माना या तीन महीने तक की जेल नाबालिग के गाड़ी चलाने पर बच्चे के अभिभावक/वाहन मालिक को दोषी मान कर उन्हें 25 हजार रुपये जुर्माना और तीन साल की जेल होगी। एक वर्ष तक के लिए वाहन का रजिस्ट्रेशन रद्द हो सकता है।

# मुठभेड़ में कार छीनने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, कार और तमंचा जब्त

## हर्रैया पुलिस ने की गिरफ्तारी, 29 अक्तूबर की रात बभनान रोड पर दोनों बदमाशों ने की थी लूटपाट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** किराए पर वाहन बुक करके रास्ते में छीन लेने वाले गिरोह के दो सदस्यों को हर्रैया पुलिस ने एसओजी टीम की मदद से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 29 अक्तूबर को हर्रैया बभनान रोड पर छीनी गई कार व तमंचा बरामद कर लिया।

पुलिस का दावा है कि हर्रैया थाने के बेलाड़े शुक्ल मोड़ से बृहस्पतिवार तड़के पौने पांच बजे घेरने पर एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर किया। इसके बाद पुलिस टीम ने आंबेडकरनगर जिले के कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र के कटरिया निवासी प्रतीक मौर्या और वहीं के जोलहिया निवासी रामू को धर दबोचा।

### एएसपी ने दी जानकारी
### लखनऊ से पडरौना जाने के लिए बुक कराई गई थी कार

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने पुलिस कार्यालय में बृहस्पतिवार को प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। एएसपी ने बताया कि 29 अक्तूबर की रात ज्ञानेश सिंह निवासी मोहनपुर थाना घुघटेर जिला बाराबंकी ने हर्रैया थाने पर सूचना दी थी कि उनकी कार को लखनऊ से दो लोगों ने पडरौना जाने के लिए 10 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से बुक कराई थी।

हर्रैया पहुंचने पर उन लोगों ने बभनान रोड पर खड़े अपने मौसा को भी साथ लेने के लिए कार मोड़वाई। बभनान रोड पर लगभग चार किलोमीटर जाने पर उसकी गाड़ी छीनकर दोनों फरार हो गए थे। जिसके बाद कार चालक/मालिक पैदल थाने पहुंचा। पुलिस ने चोरी और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। बाद में लूट की धारा में मुकदमे को परिवर्तित करके एसओजी की मदद से पड़ताल शुरू की।

एएसपी के मुताबिक बृहस्पतिवार की भोर में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश कुमार सिंह व प्रभारी एसओजी रोहित कुमार उपाध्याय की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कार लूटने वाले वाहन समेत रामजानकी मार्ग होते हुए विशेषरगंज से वाया बेलाड़े शुक्ल हाईवे की तरफ आने वाले हैं।

दोनों टीमों ने बेलाड़े मोड़ के पास कार को घेरने का प्रयास किया तो उसमें मौजूद दोनों बदमाश कार से उतरकर भागने लगे।

पुलिस टीम ने उन्हें दौड़कर पकड़ने का प्रयास किया तो उनमें से एक व्यक्ति ने ललकारते हुए पुलिस टीम पर फायर कर दिया। हालांकि पुलिस टीम ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में फायर करने वाले की पहचान प्रतीक मौर्य के रूप में की गई। उसके साथ रामू भी पकड़ा गया। दोनों ने पुलिस को बताया कि वह लोग धोखे से किराए का वाहन बुक कराकर राष्ट्रीय राजमार्ग से दूरस्थ स्थान पर ले जाकर डरा धमकाकर वाहन एवं अन्य समान लूट लेते हैं।



म

बस्त
आम
जिल
वंदन
अचा
यहां
सहद
भ्रमण
न
का
योज
राशि
ऊपर

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-11-2022

# साईबर सेल की टीम ने क्रेडिट कार्ड से फ्राड हुए 36846 रुपये को खाते में वापस कराया

सिद्धार्थनगर। जिले की साइबर सेल की टीम ने क्रेडिट कार्ड से फ्राड हुए 36846 रु. खाताधारक के खाते में वापस कराने ने सफलता हासिल किया है। साइबर ठगी के शिकार हुए सदर थाना क्षेत्र के ग्राम थरौली के रहने वाले आनन्द स्वरूप श्रीवास्तव ने साइबर सेल को यह सूचना दिया कि मेरे मोबाइल पर काल आया कि मैं क्रेडिट कार्ड विभाग से बोल रहा हूं,आप से कुछ जानकारी चाहिए,मैं उसके विश्वास में आकर जो भी जानकारी करना चाहा वह साझा कर दिया, जानकारी साझा करते ही दो बार मे क्रेडिट कार्ड से 36846 रु. निकल गया।साइबर सेल की टीम ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए साइबर ठगों के चंगुल से खाताधारक के खाते में पूरा पैसा वापस कराया,अपना पैसा खाते में पाकर फ्राड के शिकार हुआ व्यक्ति काफी खुश हुआ,और उसने पुलिस अधीक्षक,सिद्धार्थ नगर की साइबर सेल की टीम को बधाई दिया।धनराशि खाते में वापस कराने वाली साईबर सेल की टीम में साईबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव, निरीक्षक वीर बहादुर यादव, आरक्षी अतुल चौबे, दिलीप कुमार द्विवेदी, अजय कुमार यादव, आषुतोष जायसवाल,आरक्षी राहुल कुमार मौर्य तथा आरक्षी शिवम मौर्य शामिल रहे।

# मां-बाप का सपना था बेटा बनेगा अधिकारी गलत संगत में आकर बन गया अपराधी

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** हर मां बाप का सपना होता है कि उनका बच्चा पढ़ लिखकर आगे बढ़े, अधिकारी बने तरक्की करें और नाम रोशन करें। लेकिन जब वही बच्चे गलत संगत में पड़कर अपने मार्ग से भटक जाते है, और गलत कार्यो के दलदल में फंस कर अधिकारी बनने

**नशे व गलत संगत में पड़कर मार्ग से भटकता जा रहा है युवा**

**नाबालिग बच्चों का अपराध जगत में बढ़ता हुआ ग्राफ समाज के लिए चिंता का विषय**

की जगह पर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर अपराधी बन जाते है, तो मां बाप का सपना भी वही पर चकनाचूर हो जाता है।

वर्तमान समय में युवाओं व नाबालिग बच्चो का अपराध जगत में तेजी के साथ बढ़ता हुआ ग्राफ समाज के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। गलत संगत व नशे के गिरफ्त में आकर यह बच्चे सही मार्ग से भटक कर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे देते है, जिसका खामियाजा वे बच्चे तो भुगतते ही है, साथ ही उनके साथ पूरे परिवार को भुगतना पड़ रहा है। युवा पीढ़ी गलत संगत पड़कर व नशे की गिरफ्त में आकर गलत कार्यो को अंजाम दे दे रहे है। सैकड़ो बाल अपचारी के विरुद्ध विभिन्न मुकदमो में आरोपित हुए, जिनके विरुद्ध सामाजिक पृष्ठ भूमि आख्या न्यायालय भेजी गई है, इनमें से अधिकांश मुकदमे चोरी, छेड़खानी, बलात्कर व लड़की भगाने के है, जबकि एक प्रकरण, शोहरतगढ़ का हत्या का भी शामिल है। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि जिन बच्चों के हाथ में देश का भविष्य हैं, वही बच्चे गलत संगत व नशे की गिरफ्त में आकर गलत कार्यो के दलदल में फंसते जा रहे है।

## गलत संगत से अपने बच्चों को दूर रखें अभिभावक : एएसपी

**सिद्धार्थनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने कहा है कि हर मां बाप भी यह ध्यान देना चाहिए कि उनका बच्चा कहाँ जा रहा है,



घर से अगर 2 घण्टे गायब था,तो वह समय कहाँ बिताया इन सभी के बारे में पूरी जानकारी रखें।उसकी संगत कैसी है, अगर संगत अच्छा है, तो ठीक है, अगर साथी अच्छे नही है, नशे व अन्य गलत कार्यो में संलिप्त है, तो ऐसे लोगो के संगत से अपने बच्चों को दूर रखें। उन्होंने कहा कि जो बच्चे नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, उनकी सोचने की क्षमता शून्य हो जाती है, और जब उनकी सोचने की क्षमता नही रह जाती है, तो वे गलत कार्यो को अंजाम दे बैठते है।

# फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

बांसी। बांसी पुलिस ने पाक्सो एक्ट के एक आरोपित को गुरुवार को उसके गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपित बांसी के आजादनगर मोहल्ला का निवासी है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित मजहर अली पुत्र इशरत अली निवासी बहबोल आजादनगर पर धारा 363, 366ए, 376डी,ए, 342 आईपीसी व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज था।

# एसपी ने जोगिया कोतवाली का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर**। एसपी अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को जोगिया कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने कोतवाली पर आने वाले पीड़ितों को न्याय दिलाने व उनके सम्मान में कमी न करने का निर्देश दिया। एसपी ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, साइबर कक्ष आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों को देखा।

# कहीं धन तो नहीं बना सुभाष चौरसिया की हत्या का कारण

- बयान से बच रही पुलिस रिश्तेदार की भूमिका संदिग्ध
- भूमि क्रय के लिए अपने रिश्तेदार के खाते में मंगाया था धन

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : इटवा थाना क्षेत्र के भिलौरी ककरही निवासी 45 वर्षीय सुभाष चौरसिया की सामान्य मृत्यु नहीं, बल्कि उसकी हत्या के संकेत मिल रहे हैं। पुलिस ने मृतक के सिर के पिछले हिस्से में गहरे घाव का निशान और अत्यधिक खून बहना पाया। फोरेंसिक टीम ने जांच के दौरान 10 मीटर की दूरी पर एक खेत से रक्तरंजित हथौड़ी भी बरामद किया है। देर रात एसपी व एएसपी ने भी घटना स्थल का ज़ायज़ा लिया। उनकी मौजूदगी में बाइक की डिक्की से पासबुक तथा 15 हजार रुपये नकद बरामद हुआ है। पुलिसिया जांच एक करीबी रिश्तेदार के इर्दगिर्द घूम रही है जिसे पुलिस ने घटना के बाद थाने पर बिठा रखा है। पुलिस भी यह मानकर चल रही है कि यह हत्या पैसे के लिए हुई है।

मृतक डुमरियागंज तहसील के धोबहा में अपने एक रिश्तेदार के यहां 3.65 लाख रुपये नकद लेने आया था। गांव में वह भूमि क्रय करना चाहता था जिसके लिए उसने किसी व्यक्ति से रिश्तेदार के खाते में पैसा मंगाया। बुधवार को वह रिश्तेदार से पैसा लेने के बाद लगभग 12 बजे निकला। करीब तीन घंटे बाद उसका शव सरयू नहर खंड प्रथम बांसी के सुहेलवा के उत्तर पटरी पर मिला। मृतक के सिर पर गहरा जख्म दिख रहा था और पास ही उसकी बाइक भी खड़ी थी, जिसका तेल बंद किया गया था। एसपी अमित कुमार आनंद व एएसपी सिद्धार्थ की मौजूदगी में जब डिक्की खोली गई तो सिर्फ 15 हजार रुपये व कुछ पासबुक मिले। बाकी के पैसों की बरामदगी न होना यह इशारा करती है कि कहीं पैसे के लिए तो सुभाष की हत्या नहीं हुई। सीओ राणा महेंद्र प्रताप ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं, कहां से किससे कितना पैसा मृतक ने प्राप्त किया था उन लोगों से पूछताछ हो रही है। शीघ्र ही मामले का पर्दाफाश हो जाएगा।

**ट्रेन की चपेट में आया युवक, मृत्यु:** उसका-बाजार, गोरखपुर-बढ़नी रेलखंड पर उसका बाजार रेलवे स्टेशन के पहले कोल्हुआ ढाला के पास गोरखपुर से बढ़नी जा रही ट्रेन की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की गुरुवार को मृत्यु हो गई। समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नही हो पाई है। प्रभारी निरीक्षक उसका राजेश तिवारी ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

एक नजर में

## गैंगस्टर के आरोपित को आठ वर्ष की सजा

सिद्धार्थनगर : खेसरहा थाने का गैंगस्टर के आरोपित को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की कोर्ट ने आठ वर्ष कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। संतकबीरनगर जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र के दुर्गजोत निवासी फैयाज बंजारा पुत्र सोनी बंजारा खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर का मुकदमा वर्ष 2014 में दर्ज किया था। मामले की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने की। (जासं)

# दस माह बाद धराया दुष्कर्म आरोपित

**जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर :** बीते जनवरी में नाबालिग संग किए गए सामूहिक दुष्कर्म का पांचवां आरोपित दस माह बाद पुलिस की पकड़ में आया। बांसी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चार आरोपितों को घटना के तीसरे दिन ही जेल भेजे जा चुके हैं। थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग संग पांच लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। इस मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर छह जनवरी को मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में पांचवां आरोपित मजहर अली घटना के बाद से फरार हो गया था। न्यायालय ने इसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। कोतवाल वेद प्रकाश श्रीवास्तव बताया कि घटना से जुड़े आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

**युवकों ने छात्रा से की छेड़खानी, तहरीर :** मिठवल बाजार में पढ़ने वाली एक छात्रा ने चार युवकों पर छेड़खानी करने व फब्ती कसने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दिया है। उसमें कहा है कि स्कूल व घर आते-जाते यह युवक उसके साथ छेड़खानी करते हैं और फब्ती कसते हैं। कोतवाल वेद प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# साइबर सेल ने वापस कराया 36846 रुपये

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : साइबर सेल ने गुरुवार को ठगी कर खाते से निकाले गए 36846 रुपये को वापस कराने में सफलता पायी है। शहर के थरौली निवासी आनन्द स्वरूप श्रीवास्तव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराया था कि उनके मोबाइल नंबर पर काल करके एक व्यक्ति ने ठगी कर दो बार में उक्त राशि निकाल लिया है।



पीड़ित श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि फोन करने वाले व्यक्ति ने उनसे कहा कि वह क्रेडिट कार्ड विभाग से बोल रहा है। इसके बाद उसने क्रेडिट कार्ड से जुड़ी जानकारी देते हुए कहा कि मोबाइल पर आए मैसेज को बता दें। आपके नाम जारी क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ जाएगी। उन्होंने मोबाइल पर आए दो मैसेज को ज्यों ही बताया, दो बार में खाते से रकम स्वतः निकल गयी। निरीक्षक सुभाष यादव प्रभारी साइबर सेल, निरीक्षक वीरबहादुर यादव, अतुल चौबे, दिलीप कुमार द्विवेदी, अजय यादव, आशुतोष जायसवाल, राहुल कुमार मौर्या, शिवम मौर्या ने अहम भूमिका निभाई।

# बिजली चोरी मामले में पांच पर केस

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ कस्बा के गड़ाकुल में गुरुवार को अभियान चलाकर एसडीओ विद्युत ने थाने में बिजली चोरी करने के आरोप में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

चेकिंग अभियान के दौरान पांच हजार से अधिक विद्युत बकाया वाले उपभोक्ताओं को तत्काल जमा करने की शर्त पर चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। 10 हजार रुपये से ऊपर बकाया वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया है। पैसा जमा न करने पर आरसी जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेंडम चेकिंग अभियान में गड़ाकुल में आठ उपभोक्ताओं का लंबा बकाया के चलते कनेक्शन काट दिया गया है। कुछ उपभोक्ताओं के मीटर में अनियमितता पाई गई है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर राजस्व बढ़ोतरी के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-11-2022

# तीन के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस

**बखिरा(एसएनबी)।** बखिरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के पुरैना निवासी तीन लोगों खिलाफ घर पर चढ़कर गाली व जान से मारने की धमकी देने के साथ ही एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। दी गई तहरीर में फूला देवी पत्नी राजेश ग्राम पुरैना थाना बखिरा ने कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते एक नवम्बर को गांव के ही वेदप्रकाश पुत्र रामसुधि समेत तीन लोग उसके घर पर चढ़ गये और भद्दी-भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिससे डर कर वह घर के अंदर घुस गयी और दरवाजा बंद करके डायल 112 पर फोन किया। डायल 112 की पुलिस जब मौके पर पंहुची तब आरोपी भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ धारा 504, 352, 506 आईपीसी व एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

# धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में छह नामजद

**दुधारा (एसएनबी)**। दुधारा थाना पुलिस नें न्यायालय के आदेश पर लगभग आधा दर्जन व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर दुधारा पुलिस ने लोहरौली ठकुराई निवासी शादिया आफरीन पत्नी कमाल अहमद की शिकायत पर सैफुल्लाह, रहमतुल्लाह पुत्रगण दोस्त मुहम्मद, निवासी छंगुरिया बगुलिया, दिलीप कुमार सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी भरवलिया बूधन, मुहम्मद इमरान पुत्र उस्मान अली निवासी हटवा द्वारा 26-06-2021 को लोहरौली ठकुराई में गाटा संख्या-430 क्रय जमीन को ही स्वयं का रजिस्ट्री होना बताते हुए खारिज-दाखिल में आपत्ति करने तथा फर्जी बैनामा कराने का आरोप लगाया था। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुअसं 448/22 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

# जालसाजी के आरोप में मुकदमा

**नाथनगर एसएनबी** महुली थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ गुरूवार को महुली पुलिस ने जालसाजी के आरोप मे मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में महुली थानान्तर्गत नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड संख्या तीन सूर्यनगर निवासी अरविन्द शाही पुत्र प्रहलाद शाही ने बताया कि थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी दिनेश तिवारी पुत्र स्व0 गंगा प्रसाद तिवारी की पत्नी के नाम की जमीन खरीदने के लिए 35 लाख में सौदा हुआ था जिसका उसके द्वारा भुगतान भी कर दिया गया। बात जब जमीन के बैनामा किए जाने की हुई तो पता चला कि उक्त जमीन का पूर्व में ही दिनेश तिवारी द्वारा बैनामा कर दिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दिनेश तिवारी पुत्र स्वर्गीय गंगा प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम देवकली थाना महुली के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 व 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# जिले की पुलिस ने जारी किया क्यूआर कोड

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन ने विगत समय में गोरखपुर जोन में लागू की गयी पीएआर सिस्टम व्यवस्था के काफी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने पर विगत माह की भांति माह अक्टूबर 2022 में भी जोन की जनपदीय पुलिस का मूल्यांकन करने हेतु, समस्त जनपदों की पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की सन्तुष्टि के सम्बन्ध में राय जानने एवं उसके आधार पर पुलिस कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार करने के उद्देश्यर से डायरेक्ट पोल एवं ट्यूटर पोल के माध्यम से 1, नवम्बर से 7, नवम्बर तक जनता के बहुमूल्य मत-सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन के निर्देश के अनुपालन में समस्त जनपदों के डायरेक्ट पोल के लिंक्स विभिन्न माध्यमों तथा जनपदों की मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप, महत्वपूर्ण व्यक्तियों जैसे-व्यापार संघ अध्यक्ष, पेट्रोल पम्प एवं ट्रांसपोर्ट संघ अध्यक्ष, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत सदस्य संघ अध्यक्ष आदि इसके अतिरिक्त बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपनी बीट-हल्का क्षेत्र में बनाये गये जनता के व्हाट्सएप ग्रुप्त आदि में, अधिकाधिक शेयर करने के अनुरोध-निर्देश के साथ पूर्व में ही इस कार्यालय द्वारा प्रेषित किये जा चुके हैं। साथ ही ट्यूटर पोल लिंक्स इस कार्यालय के ऑफिशियल 'ट्विटर हैण्डल पर उपलब्ध है, जिसको वायरल करने हेतु जनपदों के ट्विटर हैण्डल्स से प्रतिदिन प्रातः एवं सांय काल 'कोट-ट्वीट' भी कराया जा रहा है। उक्त प्रकरण में अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन ने डायरेक्ट पोल एवं ट्यूटर पोल के लिंक्स को और भी अधिक प्रसारित कराने एवं आम जनता हेतु सुलभ बनाये जाने हेतु डायरेक्ट पोल एवं ट्यूटर पोल के क्यू-आर कोड जेनरेट कराया है। साथ ही जोन के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक-पुलिस अीक्षकगण को सभी थाना प्रभारियों के माध्यम से इन क्यू-आर कोड्स के प्रिंट लेकर विवरण के साथ प्रमुख सार्वजनिक-सहज दृश्य स्थानों पर चस्पा कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

जनता से क्यू-आर कोड पर मांगा सुझाव

# कई मामलों में 11 आरोपितों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में 11 आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पांच, धनघटा पुलिस ने चार और थाना महुली पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

# 1.40 लाख रुपये जुर्माना वसूला

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से एक लाख 40 हजार पांच सौ रूपए जुर्माना वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल की। मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। 145 वाहनों के चालकों से 140500 वसूल किया।

# 11.40 लाख रुपये की चोरी के मामले की जांच कर रही पुलिस

**जासं, संतकबीर नगर:** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस बनभार गांव में हुए 11.40 लाख रुपये की चोरी की घटना का पर्दाफाश करने के लिए जुटी है। मुकदमा दर्ज करके जांच में जुटी पुलिस को फिलहाल सफलता नहीं मिली है। चोरों का पता लगाने में पुलिस नाकाम साबित हुई है।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में बनभार गांव निवासी दिनेश कुमार चौधरी पुत्र रामनाथ ने उल्लेख किया है कि 30 अक्टूबर की रात में उनके घर की ग्रिल तोड़कर अज्ञात चोर कमरे में दाखिल हो गए। उन्होंने वहां पर रखे सूटकेश और आलमारी के लाकर को तोड़कर उसमें से 220 ग्राम सोने तथा तकरीबन 15 हजार की चांदी 11.40 लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए। इसके बाद ये फरार हो गए। वह दीपावली की छुट्टी में घर आए थे। इसके बाद लखनऊ वापस चले गए थे। गांव के लोगों ने उनके घर की खिड़की टूटे होने की सूचना दी। इस पर वह एक नवंबर को घर पर आए। उनकी सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक लैब की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल की जांच करने के बाद साक्ष्य एकत्रित किया। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# व्यक्ति की पिटायी से नाराज युवकों ने मचाया उत्पात

**जासं,धनघटा, संतकबीर नगर:** दो गुटों के बीच बुधवार को हुई मारपीट में बीच-बचाव करने गए व्यक्ति की पिटायी से नाराज युवकों ने गुरुवार को पौली पुलिस चौकी के सामने लाठी-डंडा से जमकर उत्पात मचाया। इन्हें यहां से हटाने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। किसी प्रकार इन्हें हटाने में सफलता मिली।

बीते बुधवार को पौली क्षेत्र के रहने वाले दो लोगों की चार पहिया वाहन रामपुर चौराहे पर आपस में टकरा गई थी। इसके बाद रामपुर चौराहे पर युवक की लोगों ने पिटाई कर दी। उसके थोड़ी देर बाद पौली चौराहे पर जब पिटायी करने वाले पहुंचे तो मार खाने वाले युवक के पक्ष के लोग उनकी भी जमकर पिटाई कर दिए। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्ष को थाने पर लेकर गयी। दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौते की कोशिश की लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। गुरुवार को बीच-बचाव में पीटे जाने वाले व्यक्ति के गांव के कई युवक हाथ में लाठी-डंडा लेकर पौली चौराहे पर पहुंच गए।

पिटायी करने वालों की तलाश करने लगे। इस पर पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने इन्हें खदेड़ कर किसी तरह माहौल को शांत किया। थानाध्यक्ष धनघटा केडी सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तीन लोगों पर एससी-एसटी का मुकदमा

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर: बखिरा पुलिस ने गुरुवार को पुरैना गांव निवासी महिला की शिकायत पर तीन लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न, मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुरैना गांव निवासी फूला देवी पत्नी राजेश ने थाने में तहरीर दिया है कि वह अनुसूचित जाति की है। एक नवंबर को वह घर में अकेली थी। उनके गांव के वेद प्रकाश, उनकी पत्नी व बेटे ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके उन्हें अपमानित करने लगे। विरोध करने पर उन्हें पीटा।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-11-2022

# तीन लोगों पर दर्ज हुआ छेड़छाड़ का केस

धानेपुर। थाना क्षेत्र की महिला ने गांव के ही दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और अभद्रता का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की अनुसूचित जाति की महिला के मुताबिक उसके नल, स्नानघर व बारिश का पानी गांव के बाहर तालाब में जाता है। बताया कि 15 सितंबर को विपक्षियों ने जलनिकासी रोकने के लिए मेड़ बांध दी। जब वह मोबाइल से वीडियो बनाने लगी तो आरोपी घर में घुस आए और छेड़खानी करने लगे। थाना प्रभारी आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# चोरी की घटना में शामिल सात आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। कोतवाली देहात पुलिस व एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बनाते और नेवारी गांव के चार घरों में हुई चोरी की घटना में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो तमंचा व कारतूस,6 टार्च, 2 लोहे का सब्बल,एक लोहा काटने का ब्लेड, एक पिलास,दो चाभी का गुच्छा व चोरी का 7100 सौ रूपये नकद बरामद किया गया है।

पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया : रोहित सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी नेवारी, मल्थुआ साहजोत, नीरज पाण्डेय पुत्र पारसनाथ पाण्डेय निवासी मधईपारा विचलपुर,सुधीर सिंह पुत्र जय प्रकाश सिंह निवासी पेरा कोयली विरान, सूरज सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी पीतलसिंह पुरवा कोयली जंगल, विजय सोनी पुत्र रविन्द्र सोनी निवासी बलेश्वरगंज, छोटू उर्फ विकास सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह निवासी नेवारी मल्थुआ साहजोत, अजय सोनी पुत्र रविन्द्र सोनी निवासी बलेश्वरगंज शामिल हैं।

कोतवाल देहात महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 31 अक्तूबर और एक नवम्बर की रात नेवारी गांव के चार घरों में चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया

मनकापुर। पीड़ित ने घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। लमती उकरहवा निवासी ध्रुव कुमार सिंह ने गांव के ही तिलक राम, रामअचल, रमेश पर घर में घुसकर मारपीट करने व अपशब्द कहने व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# शराब बनाने वाले पांच पर गैंगस्टर

मनकापुर, संवाददाता। कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले गैंग पर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। डीएम डा. उज्ज्वल कुमार के अनुमोदन पर आरोपियों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के भरहू भट्टा गांव में पुलिस प्रशासन की सख्ती के बाद कच्ची शराब का धंधा बंद नहीं हुआ। गुरूवार को कोतवाल मनोज कुमार राय की फर्द पर पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। कोतवाल ने बताया कि भरहू भट्टा गांव के कामता प्रसाद, अमरलाल उर्फ अमरनाथ, मूसे उर्फ मुसई, दशरथ और गुठई उर्फ मायाराम के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## आबकारी टीम का छापा, पुलिस को दी तहरीर

धानेपुर। आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कर पृथ्वीपालगंज ग्रंट में छापेमारी कर अवैध तरीके से बेंची जा रही 16.1 लीटर शराब को बरामद किया है। आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने बताया कि धानेपुर थाना क्षेत्र के पृथ्वीपाल गंज ग्रंट में अवैध तरीके से अंग्रेजी व देशी शराब की सरकारी दुकानों से खरीद कर बिक्री एक व्यक्ति की ओर से किए जाने की सूचना मिली थी । जिस पर मंडलीय टीम व जिला टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की तो मौके पर अंग्रेजी व देशी शराब मिलाकर 16.1 लीटर शराब बरामद हुआ है।

## मादक पदार्थ के साथ दो युवक गिरफ्तार

गोण्डा। अवैध मादक पदार्थो के साथ नगर कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया क्षेत्र भ्रमण के दौरान हरि गिरि निवासी ग्राम सलेरा थाना नरयावली जनपद सागर मध्यप्रदेश, हालमुकाम ग्राम भटवलिया को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। वहीं, थाना तरबगंज के निवासी वौढिहा जितेन्द्र प्रताप सिंह को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

# दहेज हत्यारोपी पति को सजा

गोण्डा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने दहेज हत्यारोपी पति को दस वर्ष की कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार सिंह के अनुसार थाना उमरीबेगमगंज निवासी विक्रम ने ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी पुत्री नीलम की शादी थाना तरबगंज अंतर्गत ग्राम पकड़ी निवासी राजेश निषाद के साथ की थी। जो दहेज में मोटरसाइकिल व सोने की जंजीर की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित करता था। 25 मई 2021 को उसे सूचना मिली कि उसकी पुत्री को मार दिया गया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। आरोपी के अधिवक्ता व अभियोजन पक्ष की बहस व दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए दस वर्ष की कैद व दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

# चोरी का राजफाश पूर्व प्रधान पति समेत सात गिरफ्तार

**संसू, झंझरी (गोंडा)** : दो घरों में हुई चोरी की घटनाओं का राजफाश करते हुए देहात कोतवाली पुलिस व स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए जाने वालों में पूर्व प्रधान के पति रोहित सिंह भी शामिल हैं। उनके पास चोरी करने के उपकरण व 7100 रुपये बरामद किए गए हैं।

गत 31 अक्टूबर रात में कोतवाली देहात के नेवारी गांव के तेज बहादुर सिंह व अखिलेश सिंह के घर से नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण की चोरी हो गई थी। घटना के राजफाश के लिए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने देहात कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी को लगाया था। टीम ने चोरी का राजफाश करते हुए नेवारी गांव निवासी रोहित सिंह व छोटू उर्फ विकास सिंह, वजीरगंज मधईपारा के नीरज पांडेय, बालेश्वरगंज बाजार के विजय सोनी व अजय सोनी, पेरा कोयली विरान के सुधीर सिंह, पीतल सिंहपुरवा कोयली जंगल के सूरज सिंह को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली महेंद्र सिंह ने कहा कि पकड़े गए आरोपितों के पास से दो अवैध असलहा, लोहा का काटने का ब्लेड, चाबी का गुच्छा, 7100 रुपये के साथ सामान भी बरामद किए गए हैं।

# अवैध कच्ची शराब : गिरोहबंद की कार्रवाई

**संवादसूत्र मनकापुरः** प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि कामता प्रसाद सोनकर निवासी ग्राम भरहू भट्टा, अमरलाल उर्फ अमरनाथ, मूसे उर्फ मुसई, दशरथ व गुठई उर्फ मायाराम के साथ मिलकर अपमिश्रित देशी व अवैध कच्ची शराब को बना कर बिक्री करने में संलिप्त हैं। इनके खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# विवाह का वादा कर किया शारीरिक शोषण, तीन पर मुकदमा दर्ज

**संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) :** विवाह करने का वादा देकर सेना के एक जवान ने एक युवती का तीन वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। रस्म अदायगी के बाद विवाह की तारीख भी निश्चित कर दी गई। बाद में सैनिक व उसके माता पिता ने दहेज को लेकर विवाह करने से इन्कार कर दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित सैनिक व उसके माता पिता समेत तीनों लोगों पर दुष्कर्म व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा का मुकदमा लिखा है।

एक गांव की युवती ने दी गई तहरीर में कहा कि सेना में तैनात एक युवक विवाह का वादा देकर उसके साथ अवैध संबंध बना रहा था। सैनिक के स्वजन की सहमति पर बीते 24 मई को वरीक्षा की रस्म अदा की गई। विवाह की तारीख 26 जनवरी 2023 तय की गई। युवती के घर वाले शादी की तैयारी में जुट गए। युवती ने आरोप लगाया कि सैनिक व उसके माता पिता दहेज की मांग करने लगे। दहेज न मिलने पर शादी करने से इन्कार करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। आंटा के चोपपुरवा गांव के रहने वाला सेना में तैनात अंकित सिंह, उसकी मां गीता व पिता अशोक सिंह के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

**• रस्म अदायगी के बाद विवाह की तारीख भी थी तय**

# दहेज न दे पाने पर विवाहिता की पिटाई, पति समेत चार पर मुकदमा

**संवाददसूत्र, वेलसर (गोंडा) :** गर्भवती महिला की दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने पिटाई कर दी। इससे गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गई। पीड़ित महिला की तहरीर पर पति,सास, ससुर व ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है।

ग्राम पंचायत अमदही के पूरे अहलाद निवासी प्रीति सिंह ने उमरी बेगमगंज थाने में तहरीर दी है। कहा कि उसकी शादी कोतवाली नगर के जानकी नगर निवासी दुर्गेश बहादुर के साथ एक दिसंबर 2020 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। दहेज में स्विफ्ट वीडीआइ कार व पांच लाख रुपए , आभूषण सहित अन्य सामान उसके पिता ने दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालीजन दहेज के रूप में 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। इसे लेकर उसे परेशान किया जाने लगा। महिला ने कहा कि वह गर्भवती थी। दस लाख रुपये की डिमांड न पूरी करने की दशा में उसे मारापीटा गया। इसे गर्भ में पल रहे की मौत हो गई। उसे घर से भी निकाल दिया है। अब में वह मायके में रह रही है। जान से मारने की धमकी दी जा रही है। महिला की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में पति समेत चार पर मुकदमा किया गया है।

# दहेज हत्या में दोषी पति को दस साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने आरोपी पति को 10 साल का कठोर कारावास और 10 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि 26 मई 2021 को विक्रम पुत्र शिवनाथ निवासी ग्राम व थाना उमरीबेगमगंज ने तरबगंज थाने में तहरीर देकर कहा कि पुत्री नीलम की शादी एक वर्ष पहले राजेश निषाद निवासी ग्राम पकड़ी (हल्दीगांव) थाना तरबगंज से की थी। दहेज में मोटर साइकिल व सोने की जंजीर की मांग को लेकर पति राजेश निषाद व उसके परिवार वाले प्रताड़ित करते थे। बेटी को मारते पीटते थे। 25 मई को सूचना मिली कि राजेश व उसके परिवार वालों ने लड़की को मार दिया है। वादी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और दहेज हत्या का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर आरोपी पति राजेश निषाद के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान सत्र न्यायालय ने अभियुक्त राजेश निषाद के विरुद्ध दहेज हत्या के अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर दोषसिद्ध किया। गुरुवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने अभियुक्त राजेश निषाद को 10 साल कठोर कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

# चोरी का खुलासा, सात बदमाश गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## नेवारी गांव के घर में सात लोगों ने पार किया था नकदी और सामान

### सर्विलांस टीम ने दबोचा

मोतीगंज (गोंडा)। दो दिन पहले कोतवाली देहात क्षेत्र के नेवारी गांव में हुई चोरी का खुलासा कोतवाली देहात पुलिस ने किया है। कोतवाल देहात एमपी सिंह ने बताया कि दो दिन पहले नेवारी गांव में अखिलेश सिंह के घर में सात लोगों ने घुसकर चोरी की था।

उन्होंने बताया कि सर्विलांस सेल के प्रभारी संतोष सिंह व एसओजी टीम लगी हुई थी। कुछ सामान वजीरगंज थाना क्षेत्र के बलेश्वरगंज बाजार निवासी अजय सोनी व विजय सोनी ने खरीदा है। उनकी निशानदेही पर छोटू उर्फ विकास निवासी नेवारी मल्थुआ शाहजोत कोतवाली देहात, सूरज सिंह निवासी कोयली जंगल, सुधीर सिंह, कोयली थाना कोतवाली देहात, नीरज पांडेय निवासी मधईपारा वजीरगंज व रोहित सिंह निवासी नेवारी कोतवाली देहात को दो तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा गया। इनके पास से 7100 रुपये नकदी व कई अन्य उपकरण बरामद किए गए। कोतवाल देहात ने बताया कि लोढियाघाटा रोड से आरोपियों को पकड़ा गया।

टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी संतोष सिंह, खोरहंसा चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह, दर्जीकुआ प्रभारी सर्वजीत गुप्ता, दरोगा काशीराम वर्मा, अनूप सिंह, राघवेंद्र सिंह, हृदय नारायण दीक्षित, महेंद्र यादव, अमित यादव, अमितेश सिंह शामिल रहे।

# जालसाजी में 11 के खिलाफ रिपोर्ट

**गोंडा।** डीआईजी के निर्देश पर नगर कोतवाली पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के जानकीनगर निवासी पाटनदीन ने डीआईजी को पत्र देकर कहा कि 11 लोगों ने मिलकर उसकी जानकीनगर स्थित जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करवा लिया। जांच के बाद मामला सामने आया। डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल के निर्देश पर नगर कोतवाली पुलिस ने बृजेश अवस्थी, सालिक राम सिंह, मशरूफ अहमद, संतोषी, नगीना देवी, कलावती, करिश्मा, शिवम यादव, ललितेश कुमार सिंह, कामता व मंगल के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। (संवाद)

# संगीन अपराध में लिप्त पांच पर मुकदमा

**मनकापुर(गोंडा)।** जिलाधिकारी के अनुमोदन पर पुलिस ने संगीन अपराध में लिप्त गैंग लीडर सहित पांच लोगों के खिलाफ गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि आपराधिक कृतियों में संलिप्त गैंग लीडर कामता प्रसाद सोनकर तथा साथी अमरलाल उर्फ अमरनाथ, मूसे उर्फ मुसई, दशरथ, गुठई उर्फ मायाराम निवासीभरहूं भट्ठा मनकापुर जो अपमिश्रित कच्ची शराब बिक्री करने के कार्य में संलिप्त हैं, इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# धमकी व अभद्रता करने की रिपोर्ट दर्ज

**मनकापुर(गोंडा)।** कोतवाली क्षेत्र के लमती उकरहवा निवासी ध्रुव कुमार सिंह ने गुरुवार को तहरीर देकर बताया कि 24 अक्तूबर की रात में वह अपने घर में सो रहा था कि आधी रात में गांव के ही तिलक राम व उनके बेटे राम अचल, रमेश उसके घर पर ईंट पत्थर फेंकने लगे, जब वह जगा और दरवाजा खोला तो उससे अभद्रता करते हुए धमकी दी। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# रास्ते के विवाद में मारपीट, आठ पर केस

**परसपुर (गोंडा)।** गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गए। मारपीट में पांच लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम खैरा सवसुख तिवारीपुरवा निवासी बदरुलनिशा पत्नी मो. रजा ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोग अभद्रता कर लाठी-डंडा से मारने लगे। पौत्र पन्नीलाल व बहू नाजमा की पिटाई कर दी। पुलिस ने बलिकरन, भानु प्रताप, दुखु व पप्पू के खिलाफ केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की शकीना बेगम पत्नी पप्पू उर्फ रसीद ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने टिन शेड को तोड़कर नुकसान कर दिया। मना करने पर अभद्रता कर लाठी-डंडा से पिटाई करने लगे। देवरानी शब्बो को मारापीटा। शकीना बेगम की तहरीर पर अली हुसैन, कल्लू, परवेज व पन्नीलाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# महिला समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**परसपुर (गोंडा)।** खेत में लगे लकड़ी के थुनिया उखाड़ने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने महिला सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम मधईपुर कुर्मी मोल्हूपुरवा निवासी गुल्ले यादव ने बताया कि उसके खेत में लगे थुनिया को कुछ लोग उखाड़ने लगे। मना करने पर अभद्रता कर लाठी-डंडा से पिटाई कर दी। पुलिस ने फौजदार यादव व ननके यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के नान्हे यादव ने बताया कि आरोपी उससे अभद्रता कर लाठी-डंडा से पिटाई करने लगे। पिता फौजदार यादव बचाने आए तो उनको भी मारापीटा। पुलिस ने गुल्ले व रामभवन की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

# सचिवालय कर्मी बताकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

गोंडा। सचिवालय कर्मी बताकर लोगों को ब्लैकमेल कर धन उगाही करने के आरोपी को एसटीएफ ने रोडवेज बस स्टाप के पास से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ टीम ने परसपुर थाने के सकरौर गांव के कमल नयन पांडेय को गिरफ्तार कर उसके पास से आधार कार्ड, नकदी और मोबाइल बरामद किया है। नगर कोतवाली में केस दर्ज कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि की है।

पुलिस के अनुसार, कमल नयन पांडेय काफी दिनों से राजधानी लखनऊ व उसके आस-पास के जनपदों में स्वयं को कभी सचिवालय का अधिकारी कभी न्यूज चैनलों का पत्रकार बताकर ठगी करता था। एसटीएफ लखनऊ के पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने जांच शुरू की तो पता चला कि गोंडा के आस पास के क्षेत्र में व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से डरा-धमकाकर ठगी कर रहा है। उन्होंने उपनिरीक्षक तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में टीम गोंडा भेजा। बुधवार को टीम ने बस स्टाप से युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि कमल नयन से पूछताछ में पता चला कि ग्रामसभा अचरामऊ, बक्शी का तालाब, जनपद लखनऊ के पूर्व प्रधान वीरेन्द्र यादव के मोबाइल पर फोन करके अपने को पहली बार सचिवालय का अधिकारी बताकर व दूसरी बार पत्रकार बताकर रुपये मांगे थे। बताया कि साल 2019 में आरोपित के विरूद्ध थाना गोंडा में धमका कर पैसे मांगे जाने का केस दर्ज है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-11-2022

# इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

बलरामपुर। थाना गैसड़ी पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त न्यायालय से वांछित चल रहा था। यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि न्यायालय से थाना कोतवाली देहात के पूरे तिवारी निवासी अनीस अली पुत्र सादिक वांछित चल रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी आदेश पर एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने वांछित अभियुक्त के ऊपर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। उप निरीक्षक संतोष कुमार, हेड कांस्टेबल केशव प्रसाद व विनोद यादव ने मटेहना चौराहे के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों न्यायालय रवाना किया गया है।

# इनामी अपराधी दबोचा

**बलरामपुर :** गैंसड़ी कोतवाली की पुलिस ने 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि जनपद गोंडा के कोतवाली देहात के ग्राम पूरे तिवारी निवासी अनीश अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# तीन गिरफ्तार

**बलरामपुर :** हरैया थाने की पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि तुलसीपुर चौधरीडीह मार्ग पर जनपद श्रावस्ती के थाना सोनवा ग्राम लखाही निवासी अशोक कुमार, लालपुर निवासी तुलसीराम, रजगढ़वा काली प्रसाद को तंमचा, चाकू व चोरी के सामान व 12,600 रुपये बरामद किया गया है। आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली के साथ तीन पर कार्रवाई

बलरामपुर : तुलसीपुर थाने की पुलिस ने बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कस्बा निवासी रामजी त्रिपाठी, चेतराम व चैनपुर निवासी राकेश कार्रवाई की गई है। बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया है। (संसू)

# 52 लीटर शराब बरामद

**हरैया सतघरवा** : हरैया थाना की पुलिस ने 52 लीटर कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टेगनवार गांव के पास मंशाराम निवासी सेम्मरा सोनपुर व राजेश कुमार निवासी मोतीपुर खुर्द को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# 10 हजार का इनामी दबोचा

**बलरामपुर।** गैसड़ी पुलिस ने 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश अनीस अली निवासी ग्राम पूरे तिवारी, कोतवाली देहात, गोंडा को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

**तीन चोर गिरफ्तार : बलरामपुर।** हरैया थाने की पुलिस ने तुलसीपुर-सिरसिया मार्ग पर चौधरीडीह के पास तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि अशोक कुमार कोरी, तुलसीराम व काली प्रसाद को चोरी के सामान, तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। (संवाद)

**अवैध खनन में तीन धरे गए : तुलसीपुर।** स्थानीय पुलिस व खनन विभाग ने सिरिया नाले के पास अवैध खनन करते रामजी त्रिपाठी, चेतराम व राकेश को गिरफ्तार कर बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त की है। वहीं, पचपेड़वा पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हरैया पुलिस ने अवैध शराब के साथ मंशाराम व राजेश कुमार को पकड़ा है। (संवाद)

**शुरुआत** **मंडलीय जेल में बंद 3200 को मिलेगा सीधा फायदा, तैयार हो रही जेल अफसरों व चिकित्सकों की सूची**

# बंदियों को मिलेगी टेली मेडिसिन की सौगात

नंदलाल तिवारी

**बलरामपुर।** देवीपाटन मंडल के परिक्षेत्र में आने वाले बलरामपुर, गोंडा व बहराइच जिलों की जेलों में बंद कैदियों व बंदियों को जल्द ही टेली मेडिसिन सुविधा की सौगात मिलेगी। इससे गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को भी अब जेल अस्पताल में ही रहते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों से चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मिल सकेगी। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी पहल जेल प्रशासन के साथ मिलकर शुरू की है। इसका सीधा फायदा मंडलीय क्षेत्र में आने वाले तीनों जिलों की जेल में बंद 3200 बंदियों व कैदियों को मिलेगा।

मंडलीय जेलों में टेली मेडिसिन की यह सुविधा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए जेल परिसर अथवा संबंधित सीएचसी के चिन्हित स्थान को स्पोक के बतौर विकसित कर अस्पताल से अटैच किया जाएगा। जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज को हब का दर्जा मिलेगा। इसके लिए परामर्श सुविधा से जुड़े चिकित्सकों की आईडी बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। बीते दिनों बलरामपुर जिला जेल में उतरौला इलाके के बंदी नाजिम की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। वह डायबिटीज से पीड़ित था। ऐसे में उसे जब तक इलाज के लिए जिला जेल से संयुक्त जिला चिकित्सालय में पहुंचाया जाता उसकी हालत बिगड़ जाने के बाद उसे लखनऊ रेफर करना पड़ा था।



बलरामपुर स्थित जिला कारागार। संवाद

कैदियों के इलाज को लेकर होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मंडलीय जेलों में टेलीमेडिसिन की सुविधा मुहैया कराने का फैसला किया गया है। तीनों जिलों की जेल के बंदियों को टेली मेडिसिन की सुविधा से विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श के साथ इलाज की सुविधा का फायदा मिल सकेगा। स्वास्थ्य विभाग ने जेल अधिकारियों की सूची के साथ ही कारागार में कार्यरत चिकित्सकों का विवरण भी मांगा है। (संवाद)

## मंडलीय जेलों की स्थिति

**देवीपाटन** मंडल परिक्षेत्र में गोंडा, बलरामपुर व बहराइच जिलों में स्थिति तीन जिला जेल आते हैं। इसमें गोंडा जिला जेल में वर्तमान में 1150, बहराइच में 1509 व बलरामपुर की में 601 बंदी विभिन्न आरोपों निरुद्ध होने के साथ ही सजा भी काट रहे हैं। इन बंदियों के इलाज के लिए जेल अस्पताल की सुविधा है लेकिन चिकित्सकों के साथ ही इलाज के लिए जरूरी संसाधनों की कमी के कारण यहां से बंदियों व कैदियों के इलाज के नाम पर बस रस्म अदायगी ही हो पाती है।

## क्या है टेलीमेडिसिन

**ई-संजीवनी** टेलीकंसलटेशन की सुविधा भारत सरकार के सी-डैक संस्था के सहयोग से दी जाती है। इससे घर या घर के समीप स्थित चिकित्सा इकाई में मौजूद रहते हुए भी दूर अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में कार्यरत चिकित्सक से परामर्श की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। ये व्यवस्था ई-संजीवनी टेली कंसलटेशन स्पोक एवं हब मॉडल पर आधारित होती है। स्पोक पर लाभार्थी एवं हब पर सामान्य एवं विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं। स्पोक पर उपलब्ध चिकित्सक लाभार्थियों के विभिन्न परीक्षण व जांचों के बाद पोर्टल पर सूचनाएं अंकित करते हैं। बाद में हब पर उपलब्ध चिकित्सक वीडियो कांफ्रेसिंग से मरीज से दवा का परामर्श देता है।

जिला जेलों में बंद कैदियों व बंदियों को इलाज की बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए जेल परिसर में संचालित अस्पतालों को अब टेलीमेडिसिन की सुविधा से जोड़ा जाएगा। **-डॉ. अनिल मिश्र,** अपर निदेशक स्वास्थ्य

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-11-2022

हिन्दुस्तान

# छेड़छाड़ मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। रानीपुर थाने की पुलिस ने छेड़छाड़ व धमकी मामले के फरार आरोपी को बुधवार रात में गिरफ्तार कर लिया है।

रानीपुर थाने के दरोगा संतोष कुमार सिंह, मुख्य सिपाही अशोक मिश्रा, राम भजन मौर्य ने चिल्हरिया के पल्तुआ मल्लन सिंह गांव में दबिश देकर किशोरी से छेड़छाड़, धमकी, धमकी मामले में नामजद मनोज कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता ने बताया कि डाला छठ कार्यक्रम में परिजनों के साथ आई किशोरी के साथ छेड़छाड़ व धमकी मामले में पीड़िता के परिजनों की ओर से पाक्सो एक्ट में नामजद कराया गया था।

# पति समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जासं, बहराइच :** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने के मामले में कोतवाली नानपारा पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली नानपारा के मझौवा के जुबेर के पुत्री रानी की शादी छह माह पूर्व गांव निवासी आसिफ से हुई थी। शादी के बाद से दहेज में तीन लाख की नकदी व बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान किया जाने लगा। विरोध करने पर उसे एक पहले घर से भगा दिया गया। बकौल रानी 15 अक्टूबर को दिन में 10 बजे आशिफ पांच लोगों के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और घर में घुसकर मारपीट की। घर में रखे बेशकीमती सामान को तोड़ डाला। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति आशिफ, ससुर बब्बन, हुक्कम, मुन्ना व मरजीना के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दहेज उत्पीड़न पर छह लोगों पर एफआइआर

**संसू,नानपारा/बलहा(बहराइच) :** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में कोतवाली नानपारा में पति समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। महोली शेर खां निवासी जामला की शादी तीन वर्ष पूर्व करमुपुरवा निवासी सलमान से हुई थी। पति से उन्हें चार माह बच्चा भी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उसे मारपीट कर भगा दिया। गुपचुप तरीके से सलमान ने 29 अक्टूबर को दूसरी शादी कर ली। कोतवाल ने शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सलमान समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# घाघरा की कटान तेज, पलायन कर रहे ग्रामीण

## ग्यारहसौ रेती में कटान से ग्रामीणों में दहशत एसडीएम ने देखी फसलों की स्थिति



महसी के बाढ़ प्रभावित गांव गंगापुरवा में बाढ़ से नष्ट हुई फसल की क्षति का जायजा लेते एसडीएम रामदास ● जागरण

**संसू, कैसरगंज/महसी (बहराइच) :** ग्यारहसौ रेती में घाघरा की कटान तेज हो गई है, जिससे ग्रामीण गृहस्थी समेट कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

गांव का तहसील मुख्यालय से संपर्क मार्ग कटने वाला है। ग्यारहसौ रेती बाजार व आसपास के मजरों को घाघरा लगातार अपने आगोश में ले रही हैं। एक दर्जन से अधिक घर व सौ बीघे से अधिक भूमि घाघरा की कटान में समाहित हो चुकी है। हरीश, रामेश्वर, कृष्ण मुरारी, वीरेंद्र, कैलाश, विशाल, रेवती आदि के खेत कटान में समाहित हो गए हैं।

सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने ग्यारहसौ रेती का दौरा कर कटान वाले क्षेत्र में बोल्डर डलवाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। एसडीएम महेश कुमार कैथल ने बताया कि कटान पर लगातार नजर बनाए हैं। सर्वे चल रहा है।

उप जिलाधिकारी महसी रामदास ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित गंगापुरवा, रमवापुर स्थित खेतों में फसलों की स्थिति देखी। एसडीएम ने बताया कि लेखपालों की ओर से दी गई रिपोर्ट का सत्यापन कराया जा रहा है। एसडीएम ने सर्वे कर अतिशीघ्र फीडिंग पूरा कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर लेखपाल अखिलेश मिश्र, रामबहादुर शुक्ल, वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते गुरगुटटा के ग्रामीण ● जागरण

# बाढ़ राहत नहीं मिलने पर किया प्रदर्शन

**संसू, बहराइच/मिहींपुरवा :** बलहा की तीन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बाढ़ राहत वितरण में पक्षपात का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने डीएम से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

ललकपुरवा गांव के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ग्रामीण गीता देवी, रजिया, रेशमी, रामसेवक, घनश्याम आदि ने कहा कि गांव के बाढ़ प्रभावित होने के बाद भी राहत सहायता नहीं दी गई। तहसीलदार व एसडीएम से शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रधान कर दूसरे गांवों के लोगों को राहत वितरण कर दिया गया। चंदनपुर और भिनगपुरवा में बुधवार को प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी गई। लेखपाल व ग्राम प्रधान द्वारा बाढ़ पीड़ितों की सूची भी तैयार की गई थी। कुछ ग्रामीणों को राहत किट मिली और कुछ को खाली हाथ वापस जाना पड़ा। आरोप है कि ग्राम प्रधान के पक्षपात पूर्ण रवैये के कारण वास्तविक बाढ़ पीड़ितों को राहत किट नहीं मिली। गांव के कृष्ण कुमार, मदन, रामसहाय, बहादुर कैलाश, सुरसता, मीना, राजपत ने विरोध प्रदर्शन किया।

# पराली जलाने वालों की सेटेलाइट से निगरानी तीन को नोटिस

**जागरण संवाददाता, बहराइच** : पराल
एवं फसल अवशेष जलाए जाने व
घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लग
जाने के मद्देनजर कृषि, राजस्
पंचायती राज, ग्राम्य विकास व अन
विभागों के क्षेत्रीय अधिकारियों ए
कर्मचारी क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं।

पराली जलाने की घटना प्रका
में आने पर ग्राम पंचायत रामगढ़ी
हैदर, ग्राम भगईदासपुरवा के रामज
लाल आर्य तथा लालपुर शिवप
कमलेश कुमार को टीम ने मौके प
पकड़ा। एनजीटी के आदेशों के तह
पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए दंड व
नोटिस दिया गया। इसकी वसूली व
जाएगी। जिलाधिकारी डा. दिनेश च
ने किसानों से पराली एवं फस
अवशेष जलाने, गोशालाओं व
दान करने की सलाह दी। सड़ाव
कंपोस्ट खाद बनाएं या बिक्री क
आय भी अर्जित करें।

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने में छह पर केस

**नानपारा (बहराइच)।** कोतवाली नानपारा अंतर्गत एक विवाहिता को ससुरालीजनों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नानपारा के महोली शेर खां निवासी महिला जामला ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी करमुपुरवा निवासी सलमान से तीन वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। दहेज न मिलने पर घर से भगा दिया। इसके बाद 29 अक्तूबर को उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। (संवाद)

# छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** यातायात जागरूकता सप्ताह के तहत महिला पीजी कॉलेज में गुरुवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

गोष्ठी का आयोजन एनएसएस प्रभारी डॉ. अमृता मिश्रा व सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉ. आकांक्षा पटेल के संयुक्त निर्देशन में किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए देहात कोतवाल सत्येंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि छात्राओं को दुर्घटनाओं से सचेत रहने की आवश्यकता है। विशेषकर छात्राएं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने यातायात नियमों की अवहेलना करने पर होने वाली दंडात्मक कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की ओर से पूछे गए सवालों के उत्तर भी दिए। आकांक्षा पटेल ने भी छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस मौके पर डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. रीमा शुक्ला, डॉ. सायरा खातून, डॉ. गरिमा राय, डॉ. कमर जहां, डॉ. प्रीति यादव, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव व डॉ. सरिता यादव आदि मौजूद रहे।

**महिला पीजी कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन**

# पराली जलाने के मामले में तीन को नोटिस

**बहराइच।** जनपद में पराली एवं फसल अवशेष जलाए जाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के दृष्टिगत कृषि, राजस्व, पंचायती राज, ग्राम्य विकास व अन्य विभागों के क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से निरंतर क्षेत्र में भ्रमण रहकर कृषकों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा रात में सेटेलाइट के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। पराली जलाने की घटना प्रकाश में आने पर ग्राम पंचायत रामगढ़ी विकास खंड रिसिया के हैदर, ग्राम पंचायत भगईदास पुरवा के रामजी लाल आर्य तथा लालपुर शिवपुर के ग्राम धनौलीखुर्द विकास खंड रिसिया के कमलेश कुमार को भ्रमण कर रही टीम ने मौके पर पकड़ा तथा उन्हें पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के तहत दंड की नोटिस दी गई, जिसकी वसूली राजस्व वसूली के रूप में की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों से अपील की है कि पराली एवं फसल अवशेष जलाएं नहीं। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-11-2022

# शांति भंग की आशंका में छह दबोचे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान बुधवार रात छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की गई। (संवाद)

# 121 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जनपद पुलिस ने गुरुवार को नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 121 वाहनों का चालान कर दिया। (संवाद)

हिन्दुस्तान

सीताद्वार झील में है स्नान का महत्व, नवमी, एकादशी और पूर्णिमा पर लगती है श्रद्धालुओं की भीड़

# सीताद्वार मेले पर प्रशासन सख्त, नियम तोड़ने पर कार्रवाई

**तैयारी**

- तीन दिनी मेले के लिए एक पखवाड़ा पहले से शुरु हो जाती है तैयारी
- मेले में तीन किलोमीटर पहले से की जाती है बैरिकेडिंग

इकौना, संवाददाता। सीताद्वार मेले की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। मेले में थियेटर और झूले के पंडाल सजने लगे हैं। लेकिन मेले में किसी लापरवाही से निपटने के लिए प्रशासन सख्त है। खाने पीने की दुकानों व थियेटरों पर पहरा रहेगा। दुकानदारों ने असुरक्षित तरीके से सामान रखा और थियेटर में अश्लील डांस हुए तो जुर्माना अदा करना पड़ेगा और दुकान भी हटा दी जाएगी।

मेले में असुरक्षित तरीके से खाने पीने का सामान रखने या फिर घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग करने पर दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेले में फूड इंस्पेक्टर मौजूद रह कर खाने पीने के सामानों की गुणवत्ता की जांच करेंगे। इसके साथ ही खुले में सामान रखने पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। इसी तरह से मनोरंजन के लिए लगाए गए थियेटरों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यदि अश्लील डांस दिखाया गया तो थियेटर को बंद करवा दिया जाएगा और जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

**मान्यता है यहीं हुआ था लवकुश का जन्म:** मान्यता है कि जब श्रीराम ने मां सीता का वन में त्याग किया था तो लक्ष्मण जी यहीं स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम के करीब छोड़े थे। सीता को प्यास लगने पर लक्ष्मण जी ने तीर से पानी की धार निकाली थी जो बाद में 900 एकड़ में फैली झील में परिवर्तित हो गई। यहीं पर लव कुश का जन्म तथा पालन पोषण हुआ था। श्रीराम के अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा पकड़ने पर लड़ाई हुई थी। इसके बाद महर्षि वाल्मीकि मां सीता को लेकर अयोध्या गए थे। इसीलिए सीताद्वार में महर्षि वाल्मीकि, मां सीता और लवकुश के मंदिर बने हैं। जहां पूरे साल पूजा पाठ होता रहता है। पौराणिक इतिहास के अनुसार श्रावस्ती कुश की राजधानी रही है। जिन्होंनि वहां पर ढाई हजार वर्ष तक शासन किया गया था।



सीताद्वार में बना मां सीता का मंदिर।



कार्तिक पूर्णिमा मेले के लिए लगने लगे झूले।

## पर्यटन स्थल के लिए नहीं हुए सार्थक प्रयास

सीताद्वार के पौराणिक महत्व को देखते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का सार्थक प्रयास नहीं किया गया। वर्तमान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जन सहयोग से विकास की योजना बनाई है। लेकिन अभी तक पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर सका है। झील की सफाई नौकायन के लिए पांच एकड़ में झील को विकसित करने और लेजर लाइट लगाने का काम पूरा नहीं हो सका है।

# महिला ने लगाई फांसी, चार पर केस दर्ज

- बुधवार को घर के बाहर बैठे थे परिजन, कमरे में फांसी पर झूली महिला
- पुलिस को जानकारी, मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

श्रावस्ती, संवाददाता। संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने फांसी लगा ली। पति की सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है।

सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम सनौढ़ा तराई निवासी सीता (23) पत्नी प्रभू दयाल गौतम ने बुधवार देर शाम कमरे में जाकर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार पति प्रभू दयाल के साथ ही घर के सभी सदस्य घर से बाहर बरामदे में बैठे थे। तभी सीता ने कमरे में जाकर साड़ी का फंदा बनाकर छत की कुंडी के सहारे फंदे पर लटका गई और उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद पति अंदर गया तो सीता की लाश फांसी के फंदे से लटक रही थी। इस पर वह चिल्लाने लगा तो घर के सभी सदस्य अंदर पहुंचे। पति प्रभू दयाल ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी होते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में ले लिया। इसके बाद पंचनामा कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससूराली जनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। मृतका के पिता बलरामपुर थाना लालिया के दुंदपर निवासी पुजारी पुत्र राम अभिलाख का आरोप है कि उसने अपनी पुत्री सीता की शादी डेढ़ साल पहले प्रभू दयाल पुत्र ढोढ़े के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराली जन दहेज के लिए सीता को प्रताड़ित कर रहे थे। मौका पाकर हत्या कर सीता की लाश को फंदे पर लटका दिया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति प्रभू दयाल, ससुर, सास व जेठानी समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पति की सूचना पर पुलिस को घटना की जानकारी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतका के पिता पुजारी की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने 121 वाहनों का चालान काटा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 121 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर दो लाख 79 हजार 800 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

## 121 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 121 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान 2,79,800 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। (वि.)

## शांतिभंग में छह पाबंद

**श्रावस्ती :** पुलिस ने दो दिन में विभिन्न थाना क्षेत्र में छह व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय पर पेश किया गया। (वि.)

# 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र की पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान चमारपुरवा निवासी सुरेश को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।( वि.)

# चाकू संग गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र की पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बनघुसरा निवासी संतराम रावत को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद चाकू बरामद किया गया। आरोपित विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।( वि.)

# बालिकाओं व महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**जासं, श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल टीम व नारी सुरक्षा दल ने भिनगा व सोनवा क्षेत्र के गांव, स्कूल, कालेज समेत विभिन्न चौक-चौराहों पर चौपाल लगाई। बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए विभिन्न कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। सोनवा क्षेत्र के मोहरनिया, दिकौली, बुढ़वा बाबा व भिनगा के टड़वा, चहलवा समेत भीड़-भाड़ वाले स्थानों, कालेजों, धार्मिक स्थलों पर महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्चिता यादव, सोनी देवी व विनीता ने चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न नियमों के बारे में बताया। भिनगा कोतवाली, श्रावस्ती, गिलौला, सोनवा, सिरसिया, मल्हीपुर, इकौना व महिला थाने नारी सुरक्षा दल ने गांव व कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मल्हीपुर थाने की पुलिस अव्वल

**जासं, श्रावस्ती :** गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार की ओर से जिले के सभी थानों की कार्यशैली की जमीनी हकीकत पता लगाने के लिए 11 से 17 सितंबर तक ट्विटर पोल फीडबैक अभियान चलाया गया था। इसमें मल्हीपुर थाने की पुलिस अव्वल रही। एसपी अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में मल्हीपुर थाने की पुलिस का कार्य सराहनीय रहा। ट्विटर पोल वोटिंग फीडबैक, जनसुनवाई आइजीआरएस, ट्विटर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व एफआइआर पंजीकरण के संबंध में थानों की वोटिंग कराई गई थी। मल्हीपुर थाने की पुलिस पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में 78.51 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रही। 74.28 प्रतिशत अंक पाकर भिनगा कोतवाली पुलिस दूसरे, 73.57 प्रतिशत अंक पाकर श्रावस्ती थाने की पुलिस तीसरे, 72.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गिलौना थाने की पुलिस ने चौथे, 71.91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सोनवा पुलिस पांचवां, 71.19 प्रतिशत अंक हासिल कर सिरसिया थाने की पुलिस ने छठवां, 70.32 प्रतिशत अंक हासिल कर इकौना थाने की पुलिस सातवें, 62.80 प्रतिशत अंक पाकर महिला थाने पुलिस आठवें स्थान पर रही। आइजीआरएस से 264, ट्विटर पोल से 415, डायरेक्ट पोल से 9089, एफआइआर व एनसीआर से 112, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन से 536 लोगों से संपर्क कर फीडबैक लिया।

# कोर्ट में हाजिर हुए पूर्व सांसद, मिली जमानत

अदालत से

- कई पेशियों से न्यायालय पर हाजिर नहीं हो रहे थे पूर्व सांसद

**जासं, श्रावस्ती :** वर्ष 2009 लोकसभा चुनाव के दौरान धारा 144 का उल्लंघन करने पर न्यायालय ने पूर्व सांसद के विरुद्ध एमपी-एमएलए कोर्ट की ओर से गैर जमानती वारंट जारी किया था। गुरुवार को पूर्व सांसद न्यायालय के समक्ष हाजिर हुए। आत्म समर्पण के बाद जमानत के लिए आवेदन किया। प्रभारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल उपाध्याय ने जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद बीस हजार रुपये के व्यक्तिगत बंध पत्र व उतनी ही धनराशि की दो जमानतें दाखिल करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए कोर्ट अनिल कुमार द्वादश ने पूर्व सांसद विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू पांडेय को न्यायालय पर हाजिर कराने के लिए डीजीपी के माध्यम से न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट को जारी करने का आदेश दिया था। गुरुवार को उन्होंने न्यायालय पर हाजिर होकर जमानत कराई। 24 मार्च 2009 को कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद ने धारा 144 लगी होने के बावजूद अपने समर्थकों के साथ गिलौला कस्बे में जुलूस निकाला था। इस मामले में गिलौला थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार पांडेय की तहरीर पर पूर्व सांसद व उनके समर्थकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले का विचारण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायालय पर चल रहा है। गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद पूर्व सांसद न्यायालय पर विगत कई पेशियों पर उपस्थित नहीं हो रहे थे।

# 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान चमारन पुरवा निवासी सुरेश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब बरामद की। उसके विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)